{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025
पौस कृष्ण 15 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 87
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

PMG पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | |
|---|---|
| संसेक्स | 84,481.81 |
| निफ्टी | 25,815.55 |
| सोना | 1,34,840 |
| चांदी | 2,11,000 |
| डॉलर | 90.22 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com




## मिट गयी ब्रिटिश औपनिवेशिक काल की निशानियां!

एजेंसी। नई दिल्ली।

यह तस्वीर है राष्ट्रपति भवन से हटी ब्रिटिश अधिकारियों की तस्वीरें, अब दिख रहे अपने 21 परमवीर चक्र विजेता। राष्ट्रपति भवन से औपनिवेशिक काल की ब्रिटिश अधिकारियों की तस्वीरें हटाई गई हैं। अब वहां 21 परमवीर चक्र विजेताओं की तस्वीरें दिखाई देंगी, ये बड़ा फैसला लिया गया है। राष्ट्रपति भवन से ब्रिटिश अधिकारियों की तस्वीरें हटाकर वहां देश के 21 परमवीर चक्र विजेताओं की तस्वीरें लगाई गई हैं। इस पहल के जरिये औपनिवेशिक काल के चिन्हों को हटाया गया है, परमवीर चक्र भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान है। राष्ट्रपति भवन के इन गलियारों में कभी ब्रिटिश सहायक अधिकारियों के चित्र प्रदर्शित होते थे। आज उसी स्थान को परम वीर दीर्घा में रूपांतरित कर दिया गया है, जो सभी 21 परम वीर चक्र विजेताओं को समर्पित है।

## खास खबर

### बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के मुंबई स्थित घर पर इनकम टैक्स का छापा

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के मुंबई स्थित घर पर इनकम



टैक्स का छापा पड़ा है। सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई उनके बैस्टियन रेस्टोरेंट से संबंधित वित्तीय लेन-देन और कथित टैक्स अनियमितताओं की जांच के तहत की गयी है। बताया जा रहा है कि इनकम टैक्स की अलग-अलग टीमें कई घंटों तक शिल्पा शेट्टी के घर और उनसे जुड़े दूसरे ठिकानों पर छापेमारी करती रहीं।सूत्रों के अनुसार इनकम टैक्स विभाग ने रेस्टोरेंट और उससे जुड़ी कंपनियों के वित्तीय रिकॉर्ड भी खंगाले हैं।

आपको बता दें कि इनकम टैक्स विभाग ने बुधवार को मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के स्वामित्व वाले बेंगलुरु स्थित 'बैस्टियन पब पर छापा मारा था। यह पब सेंट मार्क्स रोड पर स्थित है और शहर के सबसे महंगे पब्स में गिना जाता है। सूत्रों के मुताबिक, यह कार्रवाई टैक्स चोरी के आरोपों की जांच के तहत की गई है।

### घोटाले में फंसे महाराष्ट्र के मंत्री का इस्तीफा

मुंबई। महाराष्ट्र के खेल मंत्री और राकांपा नेता मानिकराव कोकाटे ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। साल 1995 के एक हाउसिंग फ्रॉड मामले में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया है। महाराष्ट्र खेल मंत्रालय अब अजित पवार के पास चला गया है। कोकाटे को बुधवार को नासिक सेशन कोर्ट ने दो साल की सजा सुनवाई है। सेशन कोर्ट ने जाली दस्तावेजों के जरिए सरकारी फ्लैटों के अवैध अधिग्रहण से जुड़े मामले में सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट के फैसले के बाद, मंत्री कोकाटे के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था।

माणिकराव कोकाटे नासिक जिले के सिन्नर निर्वाचन क्षेत्र से पांच बार के विधायक हैं। फिलहाल उन पर गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है, जब तक कि हाई कोर्ट सजा पर रोक नहीं लगा देता। इन कानूनी घटनाक्रमों के बीच, कोकाटे की तबीयत बिगड़ गई है और उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 'कान्हा' 148 बाघों का सुरम्य घर है !!

**कान्हा टाइगर रिजर्व में ताजा बाघ आंकलन सर्वे में 118 वयस्क और 30 शावक बाघों के साक्ष्य मिले**
**158 तेंदुआ, 50,615 चीतल, 11,394 सांभर,3,367 बार्किंग डियर और 8,229 बायसन का स्वाभाविक आवास है**











एक्सप्रेस विशेष
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**कान्हा टाइगर रिजर्व देश का एकमात्र ऐसा नेशनल पार्क है जहां सर्वाधिक संख्या में बाघ मिले हैं. यहाँ पर बाघ आंकलन की प्रक्रिया में 148 बाघ होने के साक्ष्य मिले हैं जो 150 को पार किये जाने की सम्भावना है.यह अत्यंत गौरव का दौर है जब बालाघाट मंडला जिले में विस्तारित इस टाइगर रिजर्व को गौरव प्रदान करता है।**

भारतीय बाघ आंकलन के तहत मांसाहारी वन्यप्राणियों का साइन सर्वे 18 दिसम्बर से कान्हा टाइगर रिजर्व में हो गया है । जिसमें ट्रेंड स्टाफ और स्वयं सेवक मांसाहारी वन्यप्राणी और बड़े शाकाहारी वन्यप्राणियों के साक्ष्य जुटाएंगे। यह गणना 23 दिसम्बर तक चलेगी। इसके लिए कान्हा प्रबंधन ठुद्दमुक्की तथा खटिया दोनों जगहों पर सभी जरूरी तैयारियां कर लीं हैं। जानकारी के मुताबिक एनटीसीए (राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण) के द्वारा अखिल भारतीय बाघ आंकलन 2026 कराया जा रहा है। कान्हा लैंड स्केप में बाघ आंकलन के लिए कान्हा टाइगर रिजर्व को नोडल बनाया गया है। 6 हजार बाघ आंकलन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 2 दिसम्बर से कान्हा लैंड स्केप साइन सर्वे शुरू किया गया था। अब कान्हा टाइगर रिजर्व में साइन सर्वे आज 18 दिसम्बर से शुरू किया वर्ग किलोमीटर के क्षेत्रफल में अखिल भारतीय जाएगा। तीन दिन मांसाहारी और बड़े शाकाहारी वन्यप्राणियों की गणना की जाएगी। यहां विभाग का अमला और 44 स्वयं सेवक वन्यप्राणियों के साक्ष्य, पगमार्ग, विष्ठा, खरोंच के निशान और में रियल टाइम अपलोड करेंगे। इसके बाद तीन दिन 23 दिसम्बर तक ट्रांजिक्ट लाइन सर्वे कर शाकाहारी वन्यप्राणियों की गणना की जाएगी।

**अखिल भारतीय बाघ आंकलन में कान्हा की स्थिति**

| वर्ष | बाघ की संख्या |
|---|---|
| 2010 | 60 |
| 2014 | 80 |
| 2018 | 88 |
| 2022 | 105 |

### कान्हा लैंड स्केप में भी चल रही गणना

कान्हा लैंड स्कैप में प्रथम चरण में मांसाहारी वन्याप्राणियों का साइन सर्वे 2 दिसम्बर से किया गया था। वहीं शाकाहारी वन्यप्राणियों का ट्रांजिक्ट लाइन सर्वे चार चरण में किया जा रहा है। मंडला सामान्य वनमंडल में 5 से 7 दिसम्बर, उत्तर बालाघाट और लामता प्रोजेक्ट में 12 से 14 दिसम्बर तक सर्वे हुआ है। इसके बाद दक्षिण बालाघाट में 19 से 21 दिसम्बर और मोहगांव प्रोजेक्ट और डिंडौरी में 26 से 29 दिसम्बर तक ट्रांजिक्ट लाइन सर्वे होगा। वहीं कान्हा में एक साथ साइन और टांजिक्ट लाइन सर्वे किया जा रहा है।

### कान्हा में 148 बाघ सुबह पर्यटन का समय बदला

हाल ही में कान्हा फेज-4 की गणना हुई है, हालाकि इसके आंकड़े अभी सामने नहीं आए है लेकिन वर्ष 2024 की फेज-4 की गणना 148 बाघ के साक्ष्य मिले है। 118 वयस्क और 30 शावक है। वर्ष अखिल भारतीय बाघ गणना 2022 में कान्हा में 105 बाघ के साक्ष्य मिले थे। इस गणना में बाघों की संख्या 150 के पार होने की संभावना है। इसके अलावा फेज-4 गणना 2024 के तहत कान्हा में तेंदुआ की संख्या 158, चीतल 50615, सांभर 11394, बार्किंगडियर 3367, गौर 8229 है।

### सड़क पर दिखा टाइगर, वीडियो वायरल

पूर्व सामान्य वन मंडल जगमंडल परिक्षेत्र की ककैया बीट में एक माह से टाइगर की मौजूदगी है। बुधवार को तकरीबन दोपहर बारह बजे के आसपास पौंडी और ककैया के वन्य क्षेत्र के मार्ग में टाईगर रोड पर देख गया। यहां से गुजर रहे बाइक सवारों ने इसका वीडियो बनाया और अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बाइक सवार टाइगर को देखकर लौटते हुए नजर आ रहे हैं, वहीं टाइगर की मार्ग में आगे बढ़ गया। यहां ककैया बीट में एक माह से टाइगर का मूवमेंट और एक दर्जन मवेशियों का टाइगर शिकार कर चुका है। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं वनविभाग के द्वारा टाइगर की निगरानी की जा रही है।

कान्हा टाइगर रिजर्व में 18 से 23 दिसम्बर तक होने वाली वन्यप्राणियों की गणना के लिए सुबह की पाली में पर्यटन का समय बदला है। सुबह 7 बजे से पर्यटन किया जाएगा। यह समय सिर्फ गणना के दिनों के लिए तय किया गया है। इसके बाद निर्धारित समय पर सुबह पर्यटक वाहन प्रवेश करेंगे।

## जस्टिस एमएस सोनक झारखंड हाईकोर्ट के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे

रांची। जस्टिस एमएस सोनक झारखंड हाईकोर्ट के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। इस पद पर उनकी नियुक्ति झारखंड हाईकोर्ट के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान की 8 जनवरी 2026 को सेवानिवृत्ति के बाद होगी। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में लिया गया। जस्टिस महेश शरदचंद्र सोनक इस वक्त बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश हैं। 28 नवंबर 1964 को जन्मे जस्टिस सोनक ने गोवा के पणजी स्थित डॉन बॉस्को हाईस्कूल से प्रारंभिक शिक्षा पूरी की। इसके बाद धेम्पे कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस से बीएससी और एमएस कॉलेज ऑफ लॉ, पणजी से प्रथम श्रेणी में एलएलबी की डिग्री प्राप्त की। इसके अतिरिक्त उन्होंने जेवियर सेंटर ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च से पुर्तगाली भाषा में डिप्लोमा भी हासिल किया है। अक्टूबर 1988 में जस्टिस सोनक महाराष्ट्र एवं गोवा बार काउंसिल में अधिवक्ता के रूप में नामांकित हुए। उन्होंने बॉम्बे हाईकोर्ट की पणजी पीठ में दीवानी और संवैधानिक कानून, श्रम एवं सेवा कानून, पर्यावरण कानून, वाणिज्यिक और कर कानून, कंपनी कानून तथा जनहित याचिकाओं के क्षेत्र में व्यापक प्रैक्टिस की। वे केंद्र सरकार के अतिरिक्त स्थायी अधिवक्ता, राज्य सरकार तथा वैधानिक निगमों के विशेष अधिवक्ता भी रहे। कई मामलों में एमिकस क्यूरी तथा विधिक सहायता योजना के तहत अदालत की सहायता कर चुके हैं।

## भाजपा ने दिल्ली में प्रदूषण की समस्या के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस और आप सरकार को जिम्मेदार ठहराया

नई दिल्ली । दिल्ली प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की समस्या के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने गुरुवार को वायु और जल प्रदूषण के मुद्दे पर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि शीला दीक्षित सरकार के समय से ही 2009 के बाद से दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ने लगा था और नालों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाने में विफलता के चलते यमुना नदी तो 2009 से पहले ही एक गंदे नाले में बदल गयी थी। उन्होंने कहा कि 2007-09 के बीच राष्ट्रमंडल खेलों के नाम पर दिल्ली में अंधाधुंध निर्माण की अनुमति दी गयी जिसके चलते 2009 के आसपास से ही दिल्ली का वायु प्रदूषण स्तर पूरे साल खतरे के निशान से ऊपर रहा और फिर आज तक यह काबू में नही आया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट ना लगाने और ड्रेनेज मास्टर प्लान ना बनाने के लिये कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी का शासन जिम्मेदार है।

## हंगामे के बीच VB–G RAM G बिल लोकसभा से पास

**विपक्ष ने कागज फाड़े; शिवराज बोले-चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम**

नई दिल्ली। विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल यानी VB–G Ram G पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने



गुरुवार को लोकसभा में जवाब दिया। इस दौरान विपक्ष ने बिल के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए और कागज फेंके। हंगामे के बीच बिल ध्वनि मत से पास हो गया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मनरेगा का नाम पहले पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया। वो तो पहले नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तब चुनाव और वोट के कारण महात्मा गांधी याद आए। बापू याद आए। तब उसमें जोड़ा गया महात्मा गांधी।

इससे पहले विपक्ष ने इस बिल के विरोध में संसद परिसर में मार्च निकाला। इसमें विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसदों ने हिस्सा लिया और VB-G-RAM-G बिल वापस लेने के नारे लगाए।

बुधवार को लोकसभा में VB-G-RAM-G बिल पर 14 घंटे चर्चा हुई। कार्यवाही देर रात 1ः35 बजे तक चली। इसमें 98 सांसदों ने हिस्सा लिया। यह 20 साल पुराने MGNREGA एक्ट की जगह लेगा।

उधर राज्यसभा में शाम 6.50 बजे बिल पर चर्चा शुरू हो गई है। इसके पहले राज्यसभा में सस्टेनेबल हार्नेसिंग एंड एडवांसमेंट ऑफ न्यूक्लियर एनर्जी फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (SHANTI) बिल पास कर दिया गया।

## अगर संजय निषाद सामने होते, तो उनका एक हाथ तोड़कर दूसरे हाथ में दे देता - इम्तियाज जलील

नई दिल्ली। एआईएमआईएम के नेता और पूर्व सांसद इम्तियाज जलील ने उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के खिलाफ बेहद कड़ा और तीखा रुख अपनाया है। यवतमाल में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जलील ने कहा कि अगर संजय निषाद उनके सामने होते, तो वह उनका एक हाथ तोड़कर दूसरे हाथ में दे देते। यह विवाद तब शुरू हुआ जब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एक मुस्लिम युवती का हिजाब खींचते नजर आ रहे थे। इस घटना पर टिप्पणी करते हुए यूपी के मंत्री संजय निषाद ने विवादित बयान दिया था। निषाद ने कहा था, नकाब छू दिया तो इतना हंगामा हो गया, कहीं और छू देते तब क्या होता? हालांकि, चौतरफा घिरने के बाद संजय निषाद ने अपने बयान पर माफी मांग ली थी और कहा था कि उनका इरादा किसी का अपमान करना नहीं था।

## कुछ ना कहना




## संसदीय पैनल बोला-1971 के बाद बांग्लादेश से सबसे बड़ी चुनौती

**वहां इस्लामी कट्टरपंथी बढ़े, पाकिस्तान-चीन का दखल; बांग्लादेश के विकास में सहयोग ही रणनीतिक हल**

*नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर की अध्यक्षता वाली विदेश मामलों की संसदीय समिति ने बांग्लादेश की मौजूदा स्थिति को भारत के लिए 1971 के बाद की सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती बताया है। समिति ने कहा है कि हालात अराजकता में तो नहीं जाएंगे, लेकिन भारत को इसे बेहद सावधानी से संभालने की जरूरत है। समिति ने सरकार को कई अहम सिफारिशें भी सौंपी हैं। साथ ही सुझाव दिया है कि बांग्लादेश के विकास में सहयोग से ही इसे हल कर सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में अशांति के पीछे इस्लामिक कट्टरपंथ का बढ़ना, चीन और पाकिस्तान का बढ़ता प्रभाव और शेख हसीना की अवामी लीग की राजनीतिक पकड़ का कमजोर होना मुख्य कारण हैं। समिति ने कहा कि 1971 की चुनौती अस्तित्व और मानवीय संकट से जुड़ी थी, जबकि मौजूदा हालात एक पीढ़ीगत बदलाव, राजनीतिक व्यवस्था में परिवर्तन और भारत से दूर होते रणनीतिक झुकाव की ओर इशारा करते हैं।*



"अगर देश ने अपनी नीति में बदलाव नहीं किए, तो हमें ढाका में अपनी रणनीतिक अहमियत युद्ध की वजह से नहीं, बल्कि धीरे-धीरे अप्रासंगिक हो जाने के कारण खोनी पड़ सकती है।

**विदेश मामलों की कमेटी**
संसदीय रिपोर्ट में कहा

## अगले पांच दिन कोहरा होगा बेशुमार, शीत लहर का अनुमान भी जताया गया

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश से लेकर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा जैसे उत्तर भारत राज्यों में गुरुवार को घने कोहरे की मार पड़ी। कोहरे की चादर इतनी घनी है कि सड़क पर 5 मीटर दूरी तक भी नहीं दिखाई दे रहा है। मौसम विभाग ने पहले ही उत्तर भारत के इन राज्यों में घना और अत्यधिक घना कोहरा पड़ने की चेतावनी दी थी। घने कोहरे के कारण सड़क पर वाहन रेंगते हुए नजर आए।कोहरे के साथ आज नोएडा, गाजियाबाद से लेकर दिल्ली तक बर्फीली हवाएं भी चल रही हैं। इसे पहाड़ों में बर्फबारी का असर माना जा रहा है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि घने कोहरे का यह दौर अगले 5 दिनों तक जारी रह सकता है। मौसम विभाग ने 19 और 20 दिसंबर को पंजाब, उत्तराखंड और बिहार में और उत्तर प्रदेश और हरियाणा में सुबह के समय घने से अत्यधिक घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। अगले दो से तीन दिनों तक कोहरे से ऐसे ही हालात बने रहने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश के 50 से ज्यादा जिलों में 19 दिसंबर को घना कोहरा पड़ने और शीत लहर का अनुमान जताया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि गंगा किनारे के मैदानी इलाकों में घना कोहरा रहेगा। उत्तर प्रदेश के शहर कानपुर, बनारस, प्रयागराज, उन्नाव से लेकर गोरखपुर तक के ऐसे ही अन्य जिलों में अत्यधिक घना कोहरा रहेगा। वाराणसी एयरपोर्ट, हिंडन एयरपोर्ट से लेकर लखनऊ हवाई अड्डे तक उड़ानों में दिक्कतें आ सकती हैं।

# इस वर्ष रबी सीजन में धान का रकबा कम करने और अन्य फसलों का रकबा बढ़ाने के निर्देश

## कलेक्टर ने ली कृषि, सिंचाई एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक, रबी सीजन में फसलों की सिंचाई तैयारियों की हुई समीक्षा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना ने 18 दिसम्बर को कृषि, सिंचाई एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर चालू रबी सीजन में फसलों की सिंचाई संबंधी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के जलाशयों में उपलब्ध पानी का रबी फसलों की सिंचाई के लिए समुचित उपयोग करने के निर्देश दिये और कहा कि तीनों विभागों के अधिकारी परस्पर समन्वय बनाकर रबी फसलों की सिंचाई के लिए कार्य करें।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में कहा कि जिले के किसानों को रबी सीजन में धान की बजाय कम पानी में पकने वाली अन्य फसले लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए और इन फसलों के बीज किसानों को उपलब्ध कराकर समय सीमा में उनकी बोवाई करायी जाए। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष रबी सीजन में धान का रकबा कम होना चाहिए और अन्य रबी फसलों का रकबा बढ़ना चाहिए। इसके लिए कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को किसानों से सतत सम्पर्क करने एवं मार्गदर्शन देने के निर्देश दिये गए। रबी फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त मात्रा में आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध करान के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने कृषि विभाग के अधिकारियो से कहा कि जिले में कहीं पर भी पराली जलाने की घटना नही होना चाहिए। यदि कोई किसान पराली जलाता है तो उस पर कार्यवाही करें और ऐसे किसान से जुर्माने की राशि उसके द्वारा समर्थन मूल्य पर बेची गई धान की राशि से वसूल की जाए। नरवाई प्रबंधन के लिए जिले में लक्ष्य के अनुरूप हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, बेलर एवं स्मार्ट सीडर किसानों को



उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले के जलाशयों में उपलब्ध पानी का रबी फसलों की सिंचाई में व्यवस्थित उपयोग सुनिश्चित करें। सिंचाई के दौरान नहरों को क्षतिग्रस्त करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्यवाही करें। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कृषि एवं सिंचाई विभाग से समन्वय कर आवश्यकता के अनुसार किसानों को सिंचाई के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन देना और किसानों को निर्धारित घंटो तक प्रतिदिन बिजली की आपूर्ति करना सुनिश्चित करें।

बैठक में उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि गत वर्ष रबी सीजन में जिले के 47 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल और 34 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूँ की फसल लगायी गई थी। इस वर्ष धान की फसल का रकबा कम हो रहा है और अन्य रबी फसलों का रकबा बढ़ रहा है। इस वर्ष अब तक लगभग 30 हजार हेकटेयर क्षेत्र में गेहूँ की बोवाई की जा चुकी है। गत वर्ष 20 हजार हेक्टेयर में चना लगाया गया था, जो इस वर्ष बढ़कर 25 हजार हेक्टेयर हो गया है। इसी प्रकार गत वर्ष की तुलना में राई-सरसों का रकबा 09 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 21 हजार 500 हेक्टेयर, अलसी का रकबा 05 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 08 हजार हेक्टेयर, मसूर का रकबा 400 हेक्टेयर से बढ़कर 600 हेक्टेयर एवं उड़द का रकबा 500 हेक्टेयर से बढ़कर 3000 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इस सीजन में जिले के 900 हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ना लगाया जा चुका है। रबी फसलों की बोनी का कार्य जनवरी माह के प्रथम सप्ताह तक चलता रहेगा। उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि जिले में रबी फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का भंडारण उपलब्ध है।

बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जमुनियॉ, नहलेसरा, ढूटी, गांगुलपारा, राजीव सागर एवं अन्य सिंचाई परियोजनाओं से रबी फसलों की सिंचाई के लिए 14 दिसम्बर से नहरों में पानी छोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 2800 किमी लंबाई की नहरे है, इनमे से 2200 किमी लंबाई की नहरे कच्ची है और 600 किमी लंबाई में नहरों की लाइनिंग का कार्य हुआ है। जिले की सभी नहरों का लाइनिंग कार्य हो जाएगा तो जिले में सिंचाई की क्षमता बढ़ जाएगी। ढूटी परियोजना की बायीं तट नहर के लाइनिंग का प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग दिल्ली को भेजा गया है। बाघ परियोजना की नहरों के लाइनिंग के लिए 43 करोड़ का प्रस्ताव मुंबई को भेजा जा चुका है।

बैठक में मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक घरों में सोलर पैनल लगाने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार किसानों को अनुदान पर सोलर पंप लगाने के प्रस्ताव तैयार कर सोलर पंप लगवायें।

बैठक में जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री यूएस परते, वैनगंगा संभाग, जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग एवं बंजर संभाग के कार्यपालन यंत्री, उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय, सहायक संचालक राजेश खोबरागढ़े, मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता अमित कुमार, वारासिवनी, बालाघाट एवं बैहर संभाग के कार्यपालन यंत्री तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मृत्यु के बाद महिला के नाम की जमीन किसी अन्य महिला ने बेच दी ?

## रजिस्ट्रार के समक्ष अज्ञात महिला को जानकीबाई बताकर, कर दी गई फर्जी रजिस्ट्री

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर तहसील लामता के ग्राम नगरवाडा में शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज एक महिला के नाम की भूमि को, महिला की मृत्यु के बाद फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर बेचे जाने का एक मामला सामने आया है। जहां मृतक महिला की बेटी सहित अन्य




परिजनों ने, उनकी मां जानकीबाई पति प्रेमलाल की जमीन को ,किसी महिला द्वारा फर्जी तरीके से दूसरे के नाम से रजिस्ट्री कराए जाने का आरोप लगाया है।आवेदकों का आरोप है कि ग्राम नगरवाड़ा में जानकीबाई पति प्रेमलाल के नाम से 5 एकड़ 44 डिसमिल खेती की भूमि थी।जिनकी म्रत्यु 28, दिसंबर 1999 को हो चुकी है।जिसकी दो पुत्रियां हैं जिन्हें जानकी बाई की मृत्यु के बाद उसके नाम की जमीन मिलनी थी।लेकिन जब दोनों बहने मां जानकीबाई की जमीन का हिस्सा करने मायके पहुंची तो उन्हें पता चला कि उनकी मृतक मां जानकीबाई की जमीन वर्ष 2010 में ही किसी महिला ने फर्जी तरीके से किसी अन्य महिला व्यापारी को बेच दी है। बताया गया कि जानकीबाई की मृत्यु के बाद किसी अन्य महिला को जानकीबाई बताकर, फर्जी फोटो और फर्जी अंगूठा लगाकर एक व्यापारी को जानकीबाई की जमीन बेची गई है। जिस पर अपना एतराज जताते हुए आवेदक महिला बैहर के ग्राम तुमड़ीघाट वार्ड नं 3 निवासी जानकी बाई की पुत्री सीताबाई पति चुन्नीलाल विश्वकर्मा ने मामले की शिकायत चांगोटोला पुलिस और एसपी कार्यालय में ज्ञापन सौपकर की है।

### जानकीबाई की मृत्यु के बाद, किसी अन्य महिला को जानकी बाई बनाकर कराई गई फर्जी रजिस्ट्री

मृतक महिला जानकीबाई की पुत्री सीता बाई का आरोप है कि किन्हीं अज्ञात लोगों ने उनकी मां जानकी बाई के नाम से, किसी अन्य महिला को रजिस्ट्री कार्यालय में खड़ा करवाकर फर्जी तरीके से उनकी माँ के नाम की जमीन व्यापारी को बेच दी है। जिसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने मामले की शिकायत चांगोटोला पुलिस से थी, पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्रवाई न करने पर उन्होंने मामले की शिकायत एसपी कार्यालय में की है।हमारी मांग है कि मृतक मां जानकी बाई के नाम की जमीन फर्जी तरीके से बेचने वाली महिला और महिला की फर्जी रजिस्ट्री में शामिल अन्य लोगों पर वैधानिक कार्यवाही कर हमे हमारी जमीन वापस दिलाया जाए।

# विकासखंड स्तरीय विज्ञान एवं गणित ओलंपियाड परीक्षा परिणाम घोषित

### विजेता विद्यार्थी संभाग स्तरीय परीक्षा में होंगे शामिल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समग्र शिक्षा के अंतर्गत आयोजित कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विकासखंड स्तरीय विज्ञान एवं गणित विषय की ओलंपियाड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये गए हैं। इसके अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय से विज्ञान एवं गणित विषय में पृथक पृथक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन संभाग स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता के लिये किया गया है।

विकासखंड स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी 28 दिसंबर 2025 को संभाग स्तर पर आयोजित होने वाली ओलंपियाड परीक्षा में सहभागिता करेंगे। संभाग स्तर पर दोनो विषयों के पांच-पांच विजेता विद्यार्थियों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पुरुस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में विजेता को प्रथम पुरस्कार के लिये 51 हजार द्वितीय पुरस्कार के लिये 31 हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार के लिये 21 हजार रूपये एवं 11-11 हजार के दो सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

समग्र शिक्षा अभियान की अपर परियोजना संचालक श्रीमती मनीषा संतिया ने बताया कि संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के विजेताओं को मिलने वाले पुरस्कारों के अलावा विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी विद्याथियों को भी पुरस्कार स्वरूप देश-प्रदेश के दर्शनीय स्थलों के भ्रमण पर भेजा जाएगा।

# सीनियर बालक छात्रावास उकवा एवं जूनियर बालक छात्रावास सोनपुरी मे जागरूकता शिविर आयोजित

**पदमेश न्यूज। उकवा।** बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 27 नवंबर 2025 से 8 मार्च 2026 तक 100 दिवसीय इंटेंसिव थीम आधारित जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती दीपमाला मंगोलिया के मार्गदर्शन में प्रशासक वन स्टॉप सेंटर बैहर के द्वारा इस कार्यक्रम की विस्तृत माध्यम से वृहद स्तर पर दी गई है। इस अभियान के अंतर्गत 17 दिसंबर 2025 को जागरूकता एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केस वर्कर समाज श्रीमति संध्या चौधरी ने छात्रओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कराना या इसमें किसी प्रकार की भूमिका निभाना कानूनी अपराध है।




अधिनियम के अनुसार बाल विवाह करवाने, प्रोत्साहित करने या सहयोग करने पर दो वर्ष तक की कैद तथा एक लाख रुपये तक का जुर्माना का प्रावधान है। इसके साथ ही उपस्थित जनों को यह भी अवगत कराया गया कि इस अधिनियम के तहत संपन्न बाल विवाह अमान्य माने जाते हैं तथा बालिग होने के दो वर्ष के भीतर इन्हें न्यायालय में रद्द कराने का अधिकार प्राप्त है।जागरूकता शिविर में बाल विवाह के दुष्परिणामों जैसे शिक्षा में बाधा, किशोरावस्था में गर्भधारण के स्वास्थ्य खतरे, घरेलू हिंसा की संभावनाएँ, आर्थिक निर्भरता और जीवन की गुणवत्ता पर दीर्घकालीन नकारात्मक प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा बाल विवाह के संपूर्ण उन्मूलन एवं सुरक्षित, स्वस्थ और समानता आधारित समाज निर्माण की शपथ ली गई जिसमें उपस्थित अधीक्षक शिवनंद मेरावी समाज सेवी संदीप गजभिये, भावना चौधरी, घनश्याम मुरकुटे, लक्ष्मण मेरावी, बाबूलाल धुर्वे अमित धुर्वे अभय यादव, प्रमोद मरकाम एवं समस्त सीनियर एवं जूनियर छात्रावास के बच्चे उपस्थित रहे!

# लक्ष्मीबाई मर्सकोले को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** लामता तहसील के ग्राम प्रतापपुर निवासी कमलेश मर्सकोले की 17 अक्टूबर 2025 को बैनगंगा नदी(प्रतापपुर के नाले) के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण बालाघाट के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6/4 के प्रावधानों के तहत मृतक की वारिस पत्नी लक्ष्मीबाई मर्सकोले को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। लामता तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि वे कोषालय में देयक प्रस्तुत कर लक्ष्मीबाई मर्सकोले के खातें में ई-पेमेंट से शीघ्र 04 लाख रुपए की राशि जमा कराए।

# संपत्ति कर दोगुना किए जाने का विरोध, पूर्व उपाध्यक्ष अनिल सोनी ने सौंपा ज्ञापन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल सोनी द्वारा कलेक्टर बालाघाट को एक ज्ञापन सौंपते हुए संपत्ति कर की राशि दोगुनी किए जाने का विरोध किया गया है। ज्ञापन में उन्होंने मांग की है कि संपत्ति कर की दर को दोगुना न किया जाए, क्योंकि इससे आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। अनिल सोनी ने बताया कि वर्तमान व्यवस्था के तहत 31 मार्च तक जिन करदाताओं द्वारा नगर पालिका के करों का भुगतान नहीं किया जाता है और इसके बाद जब वे राशि जमा करते हैं, तो उनसे दोगुना कर वसूला जाता है। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था आमजन के हित में नहीं है और इससे लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व उपाध्यक्ष ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस दोगुने कर की व्यवस्था में संशोधन किया जाए अथवा इसे कम किया जाए, ताकि नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों पर पड़ रहे आर्थिक दबाव को कम किया जा सके। नगर पालिका बालाघाट के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद रहे अनिल सोनी ने दोगुने कर की वसूली से आमजन को हो रही परेशानियों को लेकर कलेक्टर बालाघाट को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन में स्पष्ट किया कि वर्तमान में नगर पालिका में करों का भुगतान करने आने वाले नागरिकों को नियमानुसार



निर्धारित समय सीमा तक कर न जमा करने पर दोगुना कर अदा करना पड़ रहा है, जिससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। अनिल सोनी ने बताया कि नगर पालिका के नियमों के अनुसार 31 मार्च तक कर का भुगतान न करने वाले करदाताओं को बाद में राशि जमा करने पर दोगुनी राशि अदा करनी पड़ती है। इस दोगुने कर की व्यवस्था से आमजन विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को गंभीर नुकसान हो रहा है। नागरिक कर तो जमा करना चाहते हैं, लेकिन दोगुनी राशि का दबाव उनके लिए भारी साबित हो रहा है। पूर्व उपाध्यक्ष ने कहा कि इस समय यह व्यवस्था आम लोगों के लिए काफी परेशानी का कारण बन रही है। उन्होंने कलेक्टर से आग्रह किया है कि नियमों में आवश्यक शिथिलता प्रदान की जाए, ताकि नागरिक अपने करों का भुगतान समय रहते कर सकें और उन्हें दोगुना कर अदा करने की मार न झेलनी पड़े। अनिल सोनी ने ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया कि यह कदम केवल आमजन को आर्थिक राहत देने और नगर पालिका के कर संग्रहण में सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कलेक्टर से अनुरोध किया कि इस मामले पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए जनहित में उचित निर्णय लिया जाए, ताकि नगर पालिका क्षेत्र के नागरिकों को वित्तीय दबाव से राहत मिल सके और कर संग्रहण की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके।

# बौद्ध युवक युवती परिचय सम्मेलन 21 को

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** भारतीय बौद्धो की धार्मिक, सामाजिक धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के माध्यम से संस्था के राष्ट्रीय ट्रस्टी कार्याध्यक्ष बोधिसत्व डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर जी के पौत्र डॉ. भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब मुंबई के नेतृत्व एवं निर्देशानुसार पूरे भारत देश में बौद्ध धम्म का संपूर्ण कारवा गतिमान किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में डॉ.चरनदास ढेंगरे के नेतृत्व में भी संस्था के विभिन्न प्रकार के धम्म प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन एवं अन्य धम्म कार्यो के माध्यम से धम्म कारवां गतिमान किया जा रहा है। इस क्रम को जारी रखते हुये संस्था की वारासिवनी तहसील के तत्वावधान में दिनांक 21 दिसंबर 2025 को लालबर्रा रोड़ स्थित एक स्थानीय लॉन में प्रात: 10.30 बजे से विवाह योग्य बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में विवाह योग्य युवक, युवतियां एवं विधवा-विधूर, तलाकसुदा सदस्य भी सम्मिलित हो सकते है। सम्मिलित होने के लिये संस्था के प्रदेश, जिला, सभी तहसीलों के अध्यक्ष एवं विशेषकर वारासिवनी तहसील के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते है। बताया गया कि बालाघाट जिले के सभी शाखाओं को दिये गये टारगेट के अनुसार सभी इस टारगेट को पूरा करने हेतु डॉ.ढेंगरे प्रदेश अध्यक्ष एवं अशोक मेश्राम जिलाध्यक्ष द्वारा निर्देश दिए गए थे। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य शाखा एवं केन्द्रीय शिक्षक होगें। अध्यक्षता आर.डी.बंसोड अध्यक्ष वारासिवनी तहसील शाखा., प्रमुख अतिथियों में आर .के.कठाने प्रदेश सचिव एवं केन्द्रीय शिक्षक, आयुनि.हेमलता डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष एवं केन्द्रीय शिक्षिका, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्या.सचिव एवं केन्द्रीय शिक्षक, धमेन्द्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव, अशोक कुमार मेश्राम जिला अध्यक्ष बीएसआई बालाघाट,विशिष्ट अतिथियों में धनराज रामटेके जिला संघठक, इंजीनियर आनंद बंसोड, सामाजिक चिंतक वारासिवनी, आयुनि.प्रमीला ताई चौहान जिला कोषाध्यक्ष, सभी जिला उपाध्यक्ष, सभी तहसीलों के अध्यक्ष गण, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होगें। कार्यक्रम का संचालन वारासिवनी तहसील महामंत्री अभिराज मेश्राम एवं मुकेश पटले नगर अध्यक्ष करेगें।तहसील अध्यक्ष वारासिवनी आर.डी.बंसोड ने प्रेसविज्ञप्ति जारी कर उक्त जानकारी देते हुए म.प्र. के समस्त जिलों, बालाघाट के सभी तहसील, नगर ग्राम के सभी पदाधिकारियों से इस विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होने,अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक धम्मबंधुओ को सम्मेलन लाभ दिलाने की अपील की है।

**आवश्यकता है**
दुकान में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है
पद-03 पद
मिलने का समय प्रातः-10.30 से रात्रि 8.30 बजे तक
संपर्क करें-गीता प्लाई एण्ड हार्डवेयर सिंधु भवन के बाजु में गोंदिया रोड, बालाघाट
मो.-9425139039

**आवश्यकता है**
कार ड्राइवर की आवश्यकता है कार बुकिंग पर नही चलती वारासिवनी के आसपास के ड्राइवर ही सम्पर्क करें अच्छा वेतनमान
इस नबंर पर सम्पर्क करें
9329595770

## आम सूचना

सर्व साधारण का सूचित किया जाता है कि शपथकर्ता रोहित ठाकरे पिता श्री स्व. रामचरण ठाकरे उम्र 25 वर्ष जाति पंवार निवासी ग्राम खैरगांव तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट का निवासी है।

2/यह कि शपथकर्ता की माता अनुसूईया पति स्व. रामचरण ठाकरे की दिनांक 17-07-2023 को ग्राम कंजई में कुंए के पानी में डुबने से मृत्यु हो चुकी है जिस हेतु मै शपथकर्ता के द्वारा मृत्यु सहायता राशि प्राप्त किये जाने न्यायालय तहसीलदार महोदय लालबर्रा के न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया गया है।

3/ यह कि मृतक के विधिक वारसानो में अनुसूईयाबाई पति स्व0 रामचरण ठाकरे के पुत्र रोहित, पुत्री शबनम, लक्ष्मी है।

4/यह कि शपथकर्ता की बहन शबनम और लक्ष्मी विगत वर्षो से लापता एवं गुमशुदा हो चुकी है जिसके संदर्भ में आर्थिक सहायत प्राप्त करने हेतु मेरे द्वारा अपनी बहनो को लोकल एवं राज्य स्तर पेपर में विज्ञापन के माध्यम से सूचना प्रेषित कर रहा हूँ कि अगर आप लोग जीवित है या कही चले गये है तो तहसील लालबर्रा में आकर अपना ब्यान अंकित करवा देवे एवं आर्थिक सहायता में आपत्ति दर्ज करवा सकते है। आपके नही आने पर यह माना जावेगा कि आप लोग नही है। उक्त दिनांक 15-01-2026 के पहले आकर अपना ब्यान अंकित करवा सकते है यह सूचना शपथकर्ता के द्वारा दिया जा रहा है। संपर्क करने हेतु मेरा मो.नं. 8310360233 पर आपके द्वारा सूचना प्रेषित कि जा सकती है।

**स्थान-लालबर्रा**
**दिनांक**- 17/12/2025

शपथकर्ता
रोहीत ठाकरे

# कॉलेज चलो अभियान के तहत छात्र-छात्राओं से किया गया संपर्क

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय, वारासिवनी में सत्र 2026-27 के अंतर्गत कालेज चलो अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस गेड़ाम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के डॉ. अनिरुद्ध सिंह काकोड़िया (सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र) एवं डॉ. मनोज गजभिये (अतिथि विद्वान, रसायनशास्त्र) द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नेवरगांव एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़गांव का भ्रमण किया गया। इस दौरान कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम, मेजर एवं माइनर विषयों के चयन, अन्य शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रवृत्तियों, विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश से लेकर परीक्षा तक की समस्त प्रक्रिया से अवगत कराना था, ताकि प्रवेश के समय उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। महाविद्यालय द्वारा प्रवेश से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गई है, जहां छात्रों की अन्य शैक्षणिक समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा। इस दौरान बताया गया कि भविष्य में भी अन्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में इसी प्रकार समय-समय पर संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिससे छात्र-छात्राओं को उनके अध्ययन एवं करियर से जुड़ी समस्याओं का समाधान मिल सके।




**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

## अपना शहर

## 50 वर्षीया महिला को पड़ोसी शराबी युवक ने बेरहमी से पीटा,घायल जिला अस्पताल में



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले की हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मोहगांव में एक महिला को उसके पड़ोसी में रहने वाले शराबी युवक ने हाथ बुक्के से बेरहमी पूर्वक मारपीट कर घायल कर दिया। और उसे जान से मार डालने की धमकी दे दी। घायल महिला सेवन बाई पति सीताराम पांचे 50 वर्ष को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवन बाई अपने पति सीताराम पांचे के साथ खेती किसानी करती है।जिसके परिवार में तीन बेटी और एक बेटा है। तीनों बेटी की शादी हो चुकी है जो अपने परिवार के साथ अपने ससुराल में रहती है और बेटे की शादी नहीं हो पाई है। वह बालाघाट में रहकर काम करता है।ग्राम मोहगांव में सेवन बाई अपने पति के साथ में ही रहती थी और उसके बेटा समय पर घर आना जाना करता है। बताया गया की सेवन बाई के मोहल्ले पड़ोस में ही रहने वाला युवक प्रणय बिसेन शराबी प्रवृत्ति का है जो शराब के नशे में मोहल्ले पड़ोस में लड़ाई झगड़ा करते रहता है। यहा तक यह युवक शराब के नशे में अपने माता-पिता से भी मारपीट करते रहता है। 17 दिसंबर की शाम सेवन बाई का पति सीताराम पांचे खेत से काम करके घर आया था और सेवन बाई घर में खाना दे रही थी। तभी प्रणय बिसेन शराब के नशे में उसकर घर के सामने आया और अश्लील गालियां देते हुए जोर-जोर से चिल्लाने लगा था।आवाज सुनकर सेवन बाई घर से बाहर आई और उसे गालियां देने मना करते हुए घर से चले जाने बोली। सेवन बाई के यह कहते ही प्रणय बिसेम ने आवेश में आकर सेवन बाई को हाथबुक्के से बेरहमी पूर्वक मारपीट कर करने लगा जिसमे चिल्लाने पर मोहल्ले पड़ोस के लोग दौड़े और बीच बचाव किये। जिसके बाद प्रणय बिसेन वहा से भाग । प्रणव बिसेन के भागने के बाद बाद सेवन बाई अपने पति सीताराम पांचे के साथ प्रणय बिसेन के घर में गए और उसके परिवार वालों को बताये वहां पर भी प्रणय बिसेन सेवन बाई को मारपीट कर दिया और जान से मार डालने की धमकी दे दी। मारपीट में सेवन बाई घायल हो चुकी थी। जिन्होंने डायल 112 को सूचना दिए। डायल 112 से घायल सेवन बाई को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये। जिला अस्पताल पुलिस ने सेवन बाई का बयान लेकर अस्पताल तहरीर घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना हट्टा भिजवा दी है।

# डेंजर रोड़ पर बढ़ा ट्रैफिक का भारी दबाव

### गर्रा नाका ओवरब्रिज निर्माण से बढ़ा ट्रैफिक, सड़क जर्जर, लोग परेशान हो रहे

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**शहर की डेंजर रोड एक बार फिर धीरे-धीरे खस्ताहाल होती जा रही है, जिससे यहां से आवागमन करने वाले नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। मार्ग पर गड्ढों की संख्या लगातार बढ़ रही है और सड़क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि वाहन चालकों को चलना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के चलते मुख्य मार्ग को बंद कर दिया गया है। ऐसे में विभाग द्वारा बनाया गया वैकल्पिक मार्ग ही लोगों के लिए एकमात्र सहारा है, लेकिन दुर्भाग्यवश यही मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। भारी वाहनों का लगातार दबाव इस सड़क की हालत को और भी खराब कर रहा है। आवागमन करने वालों का आरोप है कि बड़े-बड़े वाहन इसी मार्ग से गुजर रहे हैं, जिससे सड़क पर बड़े गड्ढे बन गए हैं ।**



गर्रा रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के चलते संबंधित विभाग द्वारा भारी वाहनों का आवागमन डेंजर रोड की ओर परिवर्तित कर दिया गया है। इसके बाद से डेंजर रोड एक बार फिर अपने नाम के अनुरूप खतरनाक होती जा रही है। पहले से ही डेंजर माने जाने वाली यह सड़क अब अत्यधिक खस्ताहाल हो चुकी है, जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह मार्ग शुरू से ही खराब स्थिति में रहा है और पूर्व में भी सड़क की जर्जर हालत के कारण आवागमन में दिक्कतें आती रही हैं। अब एक बार फिर जागपुर मुक्तिधाम की ओर से डेंजर रोड की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। सड़क कई स्थानों पर पूरी तरह उखड़ चुकी है, जिससे वाहन चालकों के लिए संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। आमजन का मानना है कि सड़क की इस बदहाल स्थिति के चलते दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ती जा रही है। ओवरब्रिज निर्माण के कारण पूरे क्षेत्र का भारी ट्रैफिक इसी मार्ग से होकर गुजर रहा है। भारी वाहनों की आवाजाही से दिनभर सड़क पर धूल उड़ती रहती है, जिससे लोगों को चेहरे ढककर निकलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दिन के समय तो किसी तरह आवागमन हो जाता है, लेकिन रात्रि के समय सड़क की खराब स्थिति के कारण हादसों का खतरा और भी बढ़ जाता है। पर्याप्त रोशनी और चेतावनी संकेतों के अभाव में वाहन चालक गड्ढों का अंदाजा नहीं लगा पाते, जिससे दुर्घटनाएं हो सकती हैं। डेंजर रोड से गुजरने वाले नागरिकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि मार्ग की तत्काल मरम्मत कर उसे दुरुस्त किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और आमजन को राहत मिल सके।

### मार्ग फिर से जर्जर हो गया है - रजनीकांत

डेंजर रोड से नियमित रूप से आवागमन करने वाले वाहन चालक रजनीकांत ने बताया कि वे पिछले कई महीनों से इस मार्ग से आना-जाना कर रहे हैं और प्रत्यक्ष रूप से देख रहे हैं कि अब तक मार्ग का आवश्यक चौड़ीकरण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत कई बार की गई, लेकिन हर बार अस्थायी और निम्न स्तर का कार्य किया गया, जिसके कारण मार्ग जल्द ही फिर से जर्जर हो जाता है। कई बार सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया और फिर बीच में ही बंद कर दिया गया, जिससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। वर्तमान में पूरे शहर का यातायात इसी मार्ग से होकर गुजर रहा है, जिस उच्च स्तर के अनुसार सड़क का निर्माण होना चाहिए था, उस स्तर का कार्य नहीं किया गया है। यह मार्ग अब भारी यातायात के दबाव को सहन करने में असमर्थ हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि सिवनी की ओर जाने वाले वाहनों को भी इसी मार्ग से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे ट्रैफिक का दबाव और बढ़ गया है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो जाती है और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है।

### एसडीएम को सड़क मरम्मत के निर्देश दिए हैं - मृणाल मीना

डेंजर रोड की जर्जर स्थिति को लेकर जब हमारे द्वारा कलेक्टर मृणाल मीना से अनौपचारिक चर्चा की गई, तो उन्होंने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए बालाघाट एसडीएम गोपाल सोनी को सड़क मरम्मत के निर्देश दिए हैं। एसडीएम बालाघाट द्वारा शीघ्र ही संबंधित विभाग के माध्यम से मार्ग के मरम्मत का कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, ताकि आवागमन करने वाले लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सके।

# मांग पूरी नही हुई तो भोपाल की सड़कों पर उतरकर करेंगे आंदोलन

### मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन ने मनाया पेंशनर्स डे

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जगह जगह विभिन्न शासकीय संगठनों द्वारा पेंशनर डे मनाया गया।जहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान पेंशन एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पेंशनर्स की विभिन्न मांगों पर ध्यानाकर्षण कराते हुए, वर्षो से लंबित उनकी मांगों को पूरा करने की मांग की।जिन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेश सरकार पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाते हुए, सामूहिक रूप से अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति बनाई है।इस अवसर पर मध्य प्रदेश पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा नगर के बस स्टैंड स्थित धर्मशाला हॉल में पेंशनर्स डे का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने इस समारोह में शामिल बुजुर्गों का फूल मालाओं से स्वागत किया, तो वही वर्षो से लंबित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को दोहराते हुए पेंशनर्स को हो रही परेशानियों का बखान किया गया ।जहां उपस्थित जनों ने वर्षों से लंबित अपनी प्रमुख 2 सूत्रीय मांगों को लेकर 23 दिसम्बर को जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपने की रणनीति बनाई तो वही मांगो का त्वरित निराकरण न होने पर भोपाल की सड़कों पर उतरकर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है।




### इन मांगो पर चर्चा कर, बनाई आंदोलन की रणनीति

आयोजन के दौरान पेंशनर्सो ने केन्द्र के समान भत्ता देने, समय-समय पर की जा रही महंगाई राहत में वृद्धि करने,सातवें वेतनमान का लंबित एरियर का भुगतान करने, पेंशनर्स को आयुष्मान योजना, पेंशन बीमा योजना से जोड़ने,म.प्र. छत्तीसगढ़ पुर्ननिर्माण अधिनियम ङ्क49 (6) को अविलम्ब विलोपित करने, न्यायालयीन निर्णय के परिप्रेक्ष्य में 70 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पेंशनर्स को20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पेंशन देने,नियमित कर्मचारी की तरह पेंशनर्स को भी 50, हजार रु उपादान राशि (एक्सप्रेसिया) प्रदान करने, राज्य के पेंशनर्स को केन्द्र के पेंशनर्स की भांति 1000/- चिकित्सा भत्ता प्रदान किए जाने, छटवे वेतनमान अंतर्गत लंबित एरियर पेंशनर्स को देने, नियमित कर्मचारी की नई पेंशन योजना बंद कर पुरानी पेंशन योजना लागू करने, और पेंशन फोरम की बैठक जिला स्तर संभागीय स्तर एवं राज्य स्तर पर प्रत्येक 3 माह के अंतराल में पूर्व की भांति आयोजित करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति बनाई है।

### 23 को सम्पूर्ण मप्र में सौपेगे ज्ञापन

पेंशनर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने पेंशनर के जन्मदाता सीएस लकारा साहब को याद किया गया और उनके द्वारा पेंशनरों के लिये किस तरह संघर्ष किया गया उसे बताया गया। उन्होंने बताया कि पेंशनर्स संगठन के द्वारा 23 दिसम्बर को दो सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्ट्रर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। इसमें पेंशन की गारंटी एवं महंगाई राहत की बकाया राशि सहित 3 प्रतिशत महंगाई राहत की राशि दिये जाने की मांग शामिल है। इस दौरान सेवानिवृत टी.आर बिसेन, नंदकुमार नागोत्रा, कोंडूराम गोखले का पुष्पहार भेंट कर सम्मान किया गया।

### संघ के दिवंगत पदाधिकारियों को दी श्रद्धाजंली

इस अवसर पर म.प्र विद्युत मंडल अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर्स संगठन के पूर्व सचिव आर.एस सिंग जिनका कुछ दिनों पूर्व ही अचानक निधन हो गया था। जिससे दिवंगत श्री सिंग व लखाराम, सत्यवान चौधरी, लेखचंद सोनी को श्रद्धाजंली दी गई। सभी उपस्थित पेंशनरों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिये प्रार्थना की गई।

### सर्व सम्मति से यशवंत पिपलेवार बने सचिव

कार्यक्रम के दौरान म.प्र विद्युत मंडल अधिकारी/कर्मचारी पेंशनर्स संघ के सचिव पद पर यशवंत पिपलेवार को सर्व सम्मति से चुना गया। जिन्हें कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित संगठन के प्रांतीय महासचिव आई.डी पटले, जिलाध्यक्ष के.एल गौतम, महादेव पटले, यशवंत पिपलेवार, इंजी. जी.एस नगपुरे, मानिक ठाकरे, जे.एल धार्मिक, चैनलाल ठाकरे, ओमप्रकाश कापसे, श्रीमती सरिता गुप्ता, सरिता ठाकरे सहित अन्य ने बधाई देते हुये संगठन को मजबूती प्रदान करने की कामना की है। इस अवसर पर जिले भर के पेंशनर अधिकारी/कर्मचारी शामिल रहे।

# सुव्रत बाझल महाकौशल प्रांत मंत्री निर्वाचित

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठनात्मक दायित्वों की घोषणा के अंतर्गत डॉ .सुनील पांडेय को महाकौशल प्रांत अध्यक्ष एवं सुव्रत बाझल को महाकौशल प्रांत का प्रांत मंत्री निर्वाचित किया गया है। यह घोषणा संगठन की परंपरागत प्रक्रिया के अंतर्गत प्रांत अधिवेशन से पूर्व की गई है।उल्लेखनीय है कि 6 माह पूर्व तक सुव्रत बाझल जिला संगठन मंत्री के दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। वर्तमान में वे नरसिंहपुर विभाग संगठन मंत्री के रूप में कार्यरत हैं, जिसमें कटनी एवं नरसिंहपुर जिले सम्मिलित हैं।नवीन दायित्व की घोषणा के पश्चात तथा प्रांत अधिवेशन के उपरांत भी वे महाकौशल प्रांत के प्रांत मंत्री एवं नरसिंहपुर विभाग के विभाग संगठन मंत्री दोनों दायित्वों का निर्वहन करेंगे।यह उपलब्धि बालाघाट जिले के संगठन एवं कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है कि जिले में कार्यरत एक कार्यकर्ता अब पूरे महाकौशल प्रांत की संगठनात्मक जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं।उक्त घोषणा के पश्चात बालाघाट सहित पूरे विभाग में कार्यकर्ताओं के बीच ऊर्जा, उत्साह एवं उल्लास का वातावरण देखने को मिला।घोषणा के पश्चात कटनी स्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा फूलमाला, आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण के माध्यम से इस क्षण को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



### छिंदवाड़ा में आयोजित प्रांतीय अधिवेशन में ग्रहण करेंगे पदभार

बताया गया कि सुव्रत बाझल पूर्व में जबलपुर स्थित रांची नगर में नगर विस्तारक, प्रांत छात्र शक्ति प्रमुख, बालाघाट जिला विस्तारक, जिला संगठन मंत्री तथा नरसिंहपुर विभाग संगठन मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।वे मूलत: सिवनी जिले से हैं। इंदौर से बी.ए. एल.एल.बी. की शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात वर्ष 2022 से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं।पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ताओं का मानना है कि संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, समर्पण, परिश्रम एवं नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है कि संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है।बताया गया कि 24, से 26 तक छिंदवाड़ा में आयोजित होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में सुव्रत बाझल औपचारिक रूप से प्रांत मंत्री का दायित्व

## महिला ने अपने पति और सास के विरुद्ध मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप


**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** खैरलांजी थाना अंतर्गत ग्राम किन्ही में निवासी एक महिला ने अपने पति और सास के विरुद्ध मारपीट और शारीरिक एवं मानसिक रूप प्रताड़ित करने का आरोप लगाई। महिला वर्षा पति विकास मोहारे 25 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति विकास पिता ओड़गु जी मोहारे और सास शकुंतला पति ओड़गु जी मोहारे के के विरुद्ध शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति कर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खैरलांजी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम किन्ही निवासी वर्षा मोहारे खेती किसानी करती है । जिसके परिवार में उसका पति विकास मोहारे और सास शकुंतला मोहारे हैं। वर्षा को उसका पति विकास मोहारे और सास शकुंतला मोहारे आए दिन घरेलू बातों को लेकर अश्लील गालियां देकरर और मारपीट कर प्रताड़ति करते रहते हैं। 2 दिसंबर को सुबह 8-30 बजे वर्षा अपने घर में काम कर रही थी ।तभी उसका पति विकास मोहारे आया और घरेलू बातों को लेकर उसे अश्लील गालियां देने लगा। वर्षा ने उन्हें बोली कि मुझे गाली क्यों दे रहे हो। तभी विकास मोहारे आवेश में आकर उसे हाथमुक्के से क्रुरता पूर्वक मारपीट करने लगा और गला पकड़ कर जमीन पर पटक दिया। झगड़ा को देख मोहल्ले के लोग दौड़े और छुड़ाएं। जमीन पर गिरने से वर्षा बेहोश हो चुकी थी ।कुछ देर बाद होश आने पर वर्षा को उसके पति विकास और सास शकुंतला ने घर से निकल जाने बोले और दोबारा घर आने पर जान से मार डालने की धमकी दे दी। उसके बाद वर्षा अपने मायके चली गई और घटना के संबंध में अपने पिता को बताई । वर्षा का उसके पिता ने इलाज करवाएं। उस समय वर्षा की तबीयत खराब होने से वह रिपोर्ट करने नहीं पहुंची थी

17 दिसंबर को वर्षा रिपोर्ट करने के लिए खैरलांजी पुलिस थाना पहुंची। खैरलांजी पुलिस ने वर्षा द्वारा की गई रिपोर्ट पर उसके पति विकास मोहरे और साथ शकुंतला मोहारे के विरुद्ध वर्षा को मारपीट कर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति करने और उसे जान से मारने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

## ओपन जिला महिला व पुरूष व्हालीबॉल प्रतियोगिता खैरी में 29 से

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ओपन जिला महिला व पुरूष व्हालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्षानुसार सनफायर क्लब खैरी खैरलांजी के तत्वावधान में इस वर्ष भी 29 दिसम्बर से तीन दिवसीय किया जा रहा है। जिसमें जिले की महिला व पुरूष वर्ग की टीमे शामिल होकर अपना बेहतर प्रदर्शन दिखायेगी। ग्राम खैरी खैरलांजी में आयोजित व्हालीवाल प्रतियोगिता के संदर्भ में सनफायर क्लब के अध्यक्ष बंटी तितरमारे, उपाध्यक्ष थानेन्द्र तुमसरे, सचिव अमर गोंदुडे, सहसचिव राहुल आगरे, संचालक अनिल अग्ने, कोच शुभम बिंझाडे, आकाश राहंगडाले, टीम कप्तान प्रदीप राहंगडाले, साहिल भालाधरे, उपकप्तान फिरोज तुरकर, सौर्य बोहरे, सुनील सहारे, लक्ष्मण दमाहे, रामु मस्करे द्वारा बैठक आयोजित कर संयुक्त रूप से बताया गया कि ग्राम खैरी खैरलांजी में सनफायर क्लब द्वारा प्रतिवर्ष व्हालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष ओपन महिला व पुरूष वर्ग में प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। जिसका शुभारंभ 29 दिसंबर को किया जावेगा। वही फायनल मैच 31 दिसंबर को होगा। इस दौरान प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 9999 रूपये व शिल्ड, द्वितीय ईनाम 6666 व उपविजेता शिल्ड प्रदान की जावेगी। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम पुरूष्कार 2500 रूपये तथा द्वितीय पुरूस्कार 2000 रूपये समिति द्वारा प्रदान किया जावेगा। सनफायर क्लब खैरी खैरलांजी द्वारा जिले की समस्त व्हालीवाल टीमों से इस प्रतियोगिता में शामिल होने की अपील की गई है। वही दर्शको से भी अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर व्हालीवाल खेल का लुप्त उठाने का अनुरोध किया है।



# विष्णुधाम मंदिर हीरापुर में 205 फूट के विशाल श्री हनुमान प्रतिमा निर्माण को लेकर बैठक

### 30 वर्ष पूर्व की भविष्यवाणी का स्मरण रामटेक के श्री छोटू जी महाराज ने की थी भविष्यवाणी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** श्री विष्णुधाम मंदिर, हीरापुर में विश्व की सर्वाधिक ऊँची 205 फीट श्री हनुमान जी की प्रतिमा के निर्माण को लेकर एक ऐतिहासिक एवं भावनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बताया गया कि लगभग 30 वर्ष पूर्व रामटेक महाराज से मंदिर पधारे संत श्री छोटू जी महाराज ने भविष्यवाणी की थी कि— 卐आने वाले 30 वर्षों में यह मंदिर आसपास के सात जिलों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा और यहां भव्य धार्मिक निर्माण होंगे। आज हिंदू मान्यताओं के अनुसार उनकी यह भविष्यवाणी सत्य होती दिखाई दे रही है, क्योंकि वर्ष 1995-2005 के पश्चात लगभग 30 वर्षों में श्री विष्णुधाम मंदिर में 205 फीट विशाल श्री हनुमान जी की प्रतिमा निर्माण को लेकर कार्ययोजना बनाई गई है।बैठक में विशेष रूप से किरण भाई त्रिवेदी, वैभव कश्यप, यज्ञेश लालू चावड़ा एवं अभिजीत तुरकर सहित क्षेत्र के अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।



### आस्था का बनेगा प्रमुख केंद्र

कार्यक्रम में उपस्थित विहिप अध्यक्ष यज्ञेश लालू चावड़ा ने कहा कि卐श्री विष्णुधाम मंदिर सामाजिक एकता और धर्म का केंद्र है। 205 फीट हनुमान प्रतिमा बनने से यह स्थल राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध होगा। यह सपना किसी एक व्यक्ति का नहीं, पूरे समाज का है। सभी वर्गों का सहयोग इस कार्य को ऐतिहासिक बनाएगा।卐इस अवसर पर किरण भाई त्रिवेदी ने कहा कि 卐श्री विष्णुधाम मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि हमारी आस्था और संस्कृति की आत्मा है। 205 फीट हनुमान प्रतिमा का निर्माण क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक गौरव बनेगा। यह कार्य समाज की एकता से ही पूर्ण होगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि श्री राम और बजरंगबली की कृपा से यह संकल्प अवश्य साकार होगा । कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख वक्ता वैभव कश्यप ने कहा कि भगवान श्री हनुमान शक्ति, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं। इतनी विशाल प्रतिमा का निर्माण युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य करेगा। यह परियोजना बालाघाट ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की पहचान बनेगी। उनके द्वारा बैठक में उपस्थित सभी धर्मप्रेमी जनों से जल्द से जल्द 205 फीट बड़ी हनुमान जी की मूर्ति बनाने के भूमिपूजन और जल्द से जल्द निर्माण का संकल्प दिलाया और कहा कि हम सबको मिलकर इसे सफल बनाना है। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति ने सभी ग्रामवासियों, माताओं-बहनों, युवाओं एवं श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस ऐतिहासिक धार्मिक कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।

## आस पास की खबरें

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

### कंजई गायत्री शक्तिपीठ का भक्तिभाव के साथ मनाया गया 44 वां वार्षिकोत्सव

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 11 किमी. दूर जिले की प्रवेश स्थली देवनगरी ग्राम पंचायत कंजई स्थित माँ गायत्री शक्तिपीठ मंदिर प्रांगण में बुधवार को गायत्री शक्तिपीठ का 44 वॉ वार्षिकोत्सव एवं पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न संस्कार संपन्न करवाये गये एवं वैदिक मंतों चारण के साथ पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसका संचालन मातृ संस्था शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित टोली के द्वारा किया गया जिसमें सैंकड़ों श्रध्दालुओं ने आहुति डालकर धर्मलाभ अर्जित किये। जिसके बाद महाआरती की गई एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थितजनों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी को सत्य एवं धर्म की रास्ते में चलकर स्वस्थ जीवन जीने की बात कही। जिसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया और भारी संख्या में उपस्थित श्रध्दालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किये। जिसके साथ ही एक दिवसीय गायत्री शक्तिपीठ कंजई का वार्षिकोत्सव एवं पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का समापन किया गया। इस अवसर पर कंजई गायत्री प्रज्ञापीठ के मुख्य ट्रस्टी ढालसिंह बिसेन, सहायक प्रबंध ट्रस्टी लोकमन रहांगडाले का जिला संरक्षक महेश खजांची के द्वारा शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया। चर्चा में कंजई सरपंच, अधि. आनंद बिसेन ने बताया कि गायत्री शक्तिपीठ कंजई का 44 वां वार्षिकोत्सव भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह कलश यात्रा निकाली गई और यह कलश यात्रा पुरे ग्राम का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची जिसके बाद पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के साथ ही विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। श्री बिसेन ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से संदेश देना चाहते है कि हम अपने जीवन को कैसे सयामित जीये, कैसे संस्कार वान अपने परिवार, ब'चे व स्वयं को बनाये और गुरूदेव के संदेश व उनकी प्रेरणा को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ कंजई के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं श्रध्दालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# फांसी पर लटकी मिली लाश पुलिस ने किया बरामद

## पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस








पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

लालबर्रा थानांतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कनकी में गुरूवार को एक 48 वर्षीय व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते स्वयं के मकान के पीछे सीढ़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जिसकी पहचान कनकी के वार्ड नंबर 9 निवासी अशोक लिल्हारे के नाम से की गई है। पुलिस ने घटना स्थल से शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए शव उनके सुपुर्द कर दिया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक 48 वर्षीय अशोक लिल्हारे कृषि कार्य करता है, जिसके परिवार में पत्नि एवं दो बेटे है। गुरूवार को परिवार के अन्य सदस्य खेत एवं अन्य लोग काम से बाहर चले गये थे एवं अशोक घर पर अकेला था। साथ ही अशोक शराब का नशा भी करता था। दोपहर में उसकी पत्नि जब खेत से घर आई तो मकान के पीछे लकड़ी की बनी सीढ़ी पर फंदे से लटका हुआ अशोक दिखाई दिया। जिसे देखकर वह घबरा गई और चिल्लाने लगी। जिसके बाद पड़ोस के लोग पहुंचे तो उन्होने देखा कि अशोक फांसी पर लटका हुआ था, जिसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। वहीं फांसी लगाने से अशोक की मौत हो जाने की खबर लगते ही ग्रामीणजनों की घटना स्थल पर भीड़ लग गई। पुलिस को कनकी में एक व्यक्ति की फांसी लगाने से मौत हो जाने की जानकारी लगने पर थाना प्रभारी सुनिल चतुर्वेदी के निर्देश पर सहायक उपनिरीक्षक विजयसिंह बिसेन पुलिसबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर फांसी पर लटकी लाश को ग्रामीणों की मदद से नीचे उतारकर आवश्यक कार्यवाही की एवं पोस्टमार्टम के लिए लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये। जहां चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक अशोक लिल्हारे कृषि कार्य के साथ ही मजदूरी कार्य करता था, किन्तु शराब का सेवन भी करता था। गुरूवार को परिवार के सभी सदस्य बाहर चले गये थे एवं अशोक घर पर अकेला था। जिससे ऐसा लग रहा है कि नशे की हालत एवं किसी मानसिक तनाव में आकर सुनेपन में मकान के पीछे लकड़ी की बनी सीढ़ी में फांसी लगाने से उसकी मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### परिवार के लोग बाहर गये हुए थे, मृतक घर पर अकेला था - दुर्गाप्रसाद

कनकी सरपंच दुर्गाप्रसाद पगरवार ने बताया कि गुरूवार को अशोक लिल्हारे (चाचाजी) घर पर अकेले थे एवं उनके दोनों लड़के अपने काम से घर से बाहर गये हुए थे एवं चाची खेत चले गई थी। चाची जब दोपहर में खेत से घर आई तो उन्होने चाचा को फांसी पर लटका देखकर जोर-जोर से चिल्लाने लगी। जिसके बाद पड़ोस के लोग पहुंचे एवं पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। श्री पगरवार ने बताया कि अशोक लिल्हारे जी शराब का सेवन करते थे, नशे में एवं किसी मानसिक तनाव में आकर फांसी लगाने से मौत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मामले की जांच की जा रही है - विजयसिंह

दूरभाष पर चर्चा में सहायक उपनिरीक्षक विजयसिंह बिसेन ने बताया कि गुरूवार को दोपहर में कनकी से जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति ने स्वयं के मकान में फांसी लगा लिया है, जिसकी मौत हो चुकी है। जिसके बाद घटना स्थल पहुंचकर शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है और प्रथम दृष्टया फांसी लगाने से मृत्यु होना पाया गया है। मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

# औल्याकन्हार फिजिकल क्लब खेल मैदान से हटेगें बाधक विद्युत पोल

## जिला पंचायत अध्यक्ष के पत्र पर विद्युत विभाग ने पोल हटाने की कार्यवाही की शुरू

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत औल्याकन्हार स्थित फिजिकल क्लब खेल मैदान में नववर्ष के आगमन पर जनवरी 2026 में न्यूट्रिक प्रो टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया जायेगा। वहीं खेल मैदान को सुरक्षित एवं सुगम बनाने की दिशा में कार्य जारी है। खेल मैदान में कुछ विद्युत पोल स्थित है जो टुर्नामिंट में बाधा बन रहे है। इसलिए विगत दिवस जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार ने विद्युत विभाग को पत्र जारी कर खेल में बाधक बन रहे तीन विद्युत पोलों को हटाकर अन्यंत्र स्थानांतरित करने की मांग की है और उक्त कार्य को शीघ्र करने के विद्युत विभाग को स्पष्ट निर्देश भी दिये गये है। जिसके बाद विद्युत विभाग के द्वारा खेल मैदान स्थित विद्युत पोल को हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। चर्चा में न्यूट्रिक प्रो टुर्नामेंट के पदाधिकारियों ने बताया कि औल्याकन्हार फिजिकल क्लब के खेल मैदान के समीप मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी का कार्यालय एवं पावर हाउस स्थित है। इसी परिसर से होकर गुजरी 33 हजार केवी क्षमता की हाईटेंशन लाइन के तीन विद्युत पोल खेल मैदान के अंदर स्थित हैं, जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास एवं प्रतियोगिता के दौरान असुविधा का सामना करना पड़ता है। जबकि इस खेल मैदान में न केवल वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, बल्कि पुलिस एवं सेना भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं द्वारा नियमित अभ्यास भी किया जाता है। आगे बताया कि मैदान में विद्युत पोल होने के कारण खिलाड़ियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था। इस समस्या को औल्याकन्हार फिजिकल क्लब के चेयरमैन ओमप्रकाश बिसेन ने जिला पंचायत अध्यक्ष के संज्ञान में विगत माह लाया गया। जिसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरस्वार ने विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री को पत्र लिखकर जनहित में विद्युत पोलों को अतिशीघ्र अन्यंत्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिये है। आगे पदाधिकारियों ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष के निर्देशों के पालन में विद्युत विभाग ने अपनी कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। साथ ही न्यूट्रिक प्रो टूर्नामेंट 2026 के आयोजन से पूर्व इन विद्युत पोलों को खेल मैदान से हटा दिया जायेगा। जिससे खिलाड़ियों को सुरक्षित एवं बेहतर खेल वातावरण मिल सकेगा। फिजिकल क्लब खेल मैदान, न्यूट्रिक प्रो टुर्नामेंट के पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों ने खेल मैदान में स्थित विद्युत पोलों को जल्द हटाकर अन्यंत्र स्थान पर लगाने की विद्युत विभाग से मांग की है।



# शासकीय/अशासकीय स्कूलों में कालेज चलो अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## स्कूल के विद्यार्थियों को कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण के बाद महाविद्यालय में प्रवेश लेने किया गया प्रेरित






**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय के द्वारा 18 दिसंबर को उ'च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुमन बरवा के मार्गदर्शन में कालेज चलों अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 18 दिसंबर को शासकीय उ'चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरगांव ला., नेवरगांव वा. लिटिल स्टाल कान्वेंट स्कूल लालबर्रा, कंजई हायर सेकेण्डरी स्कूल, दिव्या शांति निकेतन हायर सेकेण्डरी स्कूल कंजई, अरूणोदय हायर सेकेण्डरी स्कूल कनकी का कालेज चलों अभियान टीम के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत, डॉ. संगीता मेश्राम, डॉ. कामाक्षा बिसेन, नितेश कुमार, डॉ. आशीष बागड़े, डॉ. आशा कारे, डॉ. आरती विश्वकर्मा, दीपक अहिरवार, प्रशिक हुमनेकर के द्वारा विजिट (भ्रमण) किया गया और शासकीय/अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य एवं विद्यार्थियों से चर्चा कर कक्षा 12 वीं उत्तीर्ण होने के बाद महाविद्यालय में प्रवेश लेने एवं महाविद्यालय में मिलने वाली सुविधा व लाभ के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि महाविद्यायल में छात्र-छात्राओं के लिए आर्थिक सहायता अर्थात विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियां जैसे पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, गांव की बेटी योजना, आवास सहायता योजना, संबल, मेधावी योजना सेंटर सेक्टर छात्रवृत्ति आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की है। साथ ही महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं जैसे पुस्तकालय एवं वाचनालय कक्ष, खेलकूद की सामग्री एवं खेलकूद का मैदान राष्ट्रीय सेवा योजना, विकलांग छात्रवृत्ति रैम्प की सुविधा छात्र-छात्राओं हेतु कॉमन रूम की सुविधा, कम्प्यूटर लैब, ई-लाइब्रेरी, सुरक्षा की दृष्टि से सम्पूर्ण महाविद्यालय में सी.सी.टी.वी. कैमरे। पेयजल की उचित व्यवस्था, विज्ञान संकाय के छात्र-छात्राओं के लिए प्रायोगिक कक्ष एवं प्रायोगिक सामग्री, छात्राओं हेतु छात्रावास की व्यवस्था, कॅरियर के संबंध में मार्गदर्शन हेतु स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, एन्टी रैकिंग सेल, विषय चयन के संबंध में हेल्प लाइन डेस्क एवं नई शिक्षा नीति 2020, रोजगार परक शिक्षा आदि के संबंध में समस्त दलों द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को विस्तृत रूप सें जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उनकी जिज्ञासा को शांत कर महाविद्यालय में प्रवेश लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर शास. उ'च. मा. विद्यालय नेवरगांव ला. के प्राचार्य राजेन्द्र कटरे, नेवरगांव (वा.) के प्राचार्य बी.एल. पटले, लिटिल स्टार कांवेंट लालबर्रा के प्राचार्य श्रीमती राना तरनुम खान, कंजई के प्राचार्य मुकेश नागरे, दिव्य शांति निकेतन हायर सेकेण्डरी कंजई के प्राचार्य द्वारका चौधरी, अरूणोदय हायर सेकेण्डरी स्कूल कनकी के प्राचार्य शिवराज लानगे सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने नवनियुक्त लालबर्रा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीराम भोयर का किया स्वागत एवं सम्मान





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी भोपाल द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त और गतिशील बनाने के उद्देश्य से प्रदेशभर के ब्लॉक संगठनों में महत्वपूर्ण फेरबदल किये गये है। इसी कड़ी में लालबर्रा ब्लॉक की कमान कांग्रेस पार्टी के द्वारा अब ददिया के पूर्व सरपंच, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मनीराम भोयर को सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कांग्रेसियों के द्वारा गुरूवार को दोपहर में नगर मुख्यालय स्थित विश्राम गृह के सामने एकत्रित हुए और मनीराम भोयर के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा अध्यक्ष बनने पर जमकर आतिशबाजी की एवं मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही उपस्थितजनों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट, फूल-माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान भी किया है। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन ने एक बेहद सक्रिय और जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा है। साथ ही यह भी कहा कि श्री भोयर के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगी और नवनियुक्त अध्यक्ष से आगामी समय में सभी गुटों और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने की बात कही है। वहीं नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीराम भोयर ने कहा कि मैंने कभी कल्पना नहीं की थी कि पार्टी मुझे इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपेगी। मैं एक छोटा सा कार्यकर्ता हूं, मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मेरा मुख्य उद्देश्य सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को विश्वास में लेकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना और संगठन को मजबूत करना है। श्री भोयर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के समस्त मडलम सेक्टर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करूंगा। पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने कहा कि मनीराम भोयर जी को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हमें पूर्ण विश्वास है कि वे अपनी इस जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे और उनके द्वारा जो टीम गठित की जायेगी उनके नेतृत्व में ही हमारी पार्टी आगामी लोकसभा विधानसभा, मंडी, पंचायत चुनाव सहित विभिन्न चुनाव का नेतृत्व करेगी। साथ ही इन्हीं के मार्गदर्शन एवं सहयोग से इन चुनाव में पार्टी को मजबूती से विजय दिलवाने का पूरा प्रयास करें और हम यही उम्मीद करते हैं कि यह अपनी अच्छी मजबूत कार्यकारिणी टीम का गठन करें जो आगामी चुनाव में पार्टी को मजबूती प्रदान कर सके। इस अवसर पर नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीराम भोयर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, पांढरवानी सरपंच अनीस खान, अमीनुद्दीन हन्फी, सुनिल अवधवाल, शैलेष केकती, सुमित स्वामी सहित अन्य कांग्रेसीगण उपस्थित रहे।

# रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर कार्यवाही

2 ट्रैक्टर जब्त, प्रकरण दर्ज



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 18 दिसंबर को लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पौनी में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर 02 ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। जब्त वाहनों को थाना लांजी की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज निरीक्षक सुरेश कुमार कुलस्ते एवं खनिज अमला परसाराम काकोटे, कन्हैयालाल पटले, ओरीलाल तथा धन्नू डोहरे द्वारा ग्राम पौनी, तहसील लांजी में छापामार कार्यवाही की गई। इस दौरान रेत के अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-50-ZD-7285, वाहन चालक प्रमोद ठाकरे, पिता हरिनाथ ठाकरे, उम्र 21 वर्ष, निवासी कोसमदेही तथा ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-50-ZE-8388, वाहन चालक सुरेश नेवारे, पिता सदाराम नेवारे, उम्र 34 वर्ष, निवासी पौनी, थाना लांजी को जब्त किया गया। इन वाहनों के मालिकों एवं चालकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही के लिए कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर आगे भी इसी प्रकार की कठोर कार्यवाही जारी रखी जाएगी।

# निर्माण के ३ साल में ही पानी टंकी से रिस रहा पानी जिम्मेदार मौन

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।

**वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत थानेगांव स्थित नल जल योजना की पानी की टंकी की मरम्मत अब तक नही हो पायी हैं। वह खस्ताहाल में पड़ी हैं जहां निर्माण के ३ साल बाद ही विभिन्न स्थानों से पानी झरना प्रारंभ हो गया था। जिसके माध्यम से पंचायत में पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा हैं जिसको लेकर ग्रामीणों के अंदर आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों के द्वारा पीएचई विभाग एवं कार्य एजेंसी पर लापरवाही का लगाया जा रहा है। तो वहीं विभाग से मामले में कार्यवाही कर मरम्मत करवाने की मांग की जा रही है।**



थानेगांव नल-जल योजना का अब तक नहीं हुई मरम्मत

### पानी टंकी की गुणवत्ता विभाग की तत्परता पर उठ रहे सवाल

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत थानेगांव में मध्य प्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण नल जल प्रदाय योजना के अंतर्गत योजना स्वीकृत की गई थी। यह करीब ५० लाख रुपये की लागत से नल जल योजना ग्राम में स्वीकृत हुई थी। जिसका कार्य संबंधित एजेंसी के द्वारा दिसंबर २०२० को प्रारंभ कर पूर्ण निर्माण अगस्त २०२२ को कर दिया गया था। पानी टंकी निर्माण के ३ साल बीतने के बाद खस्ता हाल होती नजर आ रही है जहां टंकी के चारों तरफ से पानी झरना प्रारंभ है। जो योजना प्रारंभ होने के ६ माह बाद से होना बताया जा रहा है, परंतु लोक स्वास्थ्य उपयांत्रिकी विभाग के द्वारा आज तक योजना का निरीक्षण नहीं किया गया है। यही कारण है कि वह योजना में आई खराबी से अनभिज्ञ है पूर्व में भी इस संबंध में ग्रामीणों के द्वारा शिकायत की गई थी और समाचार पत्र में खबर प्रशासन भी की गई थी। किंतु वर्तमान तक विभाग कुंभकरण की नींद में सोया हुआ है। वहीं ग्रामीण पानी टंकी में आई खराबी से पर्याप्त पानी प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। पानी टंकी की स्थिति बहुत ज्यादा जर्जर हो गई है पानी का बड़ी मात्रा में रिसाव हो रहा है। जहां पर काई और जंग के गहरे निशान देखने को मिल रही है। तो वहीं पानी टंकी को पूरा भरना असंभव बना हुआ है ऐसे में यह नल जल योजना निर्माण कार्य में अनियमित्ता बरतने और व्यवस्थित रूप से टंकी का निर्माण नहीं करने का आरोप ग्रामीणों के द्वारा लगाया जा रहा है।

### पानी का रिसाव होने के कारण लोगों को नही मिल रहा पर्याप्त पानी-भवन

भवन बोपचे ने बताया कि यह जो पानी की टंकी है यह बनने के ६ माह बाद झरना चालू हो गई थी। अभी भी झरता है साढ़े ३ फीट खाली रहती है जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता है। यह टंकी उस समय बनी थी जब हमारा पंचवर्षीय २०२२ में चुनाव हुआ था हैंडोवर पहले हो गई थी उसके बाद झरना चालू की है। पानी की कमी होती है इसमें जो यह निर्माण किया गया है वह कमजोर है विभाग ने कभी आकर भी नहीं देखा गुणवत्ता देखना तो दूर है। इसकी हमने तो नहीं मगर नल चालक ने शिकायत की थी सुधार हुआ कुछ नहीं विभाग को इसका सुधार करना चाहिए। पंचायत कहां से सुधार करेगी पीएचई के द्वारा कोई फ ंड तो दिया जाता नहीं है मेंटेनेंस पंचायत करती है विभाग को इसे सुधारना चाहिए।

### कार्य एजेंसी की लापरवाही से चार वर्ष में ही पानी टंकी झरना चालू है-केशव

केशव बैस ने बताया कि थानेगांव नल जल योजना में खराबी है पिछली बार हमने शिकायत एवं समाचार पत्रो के माध्यम से भी जानकारी दी थी। इसमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और कार्य एजेंसी की लापरवाही है कि दो से चार वर्ष में ही पानी टंकी झरना चालू कर दी है। इसमें संबंधित विभाग और कार्य एजेंसी ने किसी प्रकार से संज्ञान नहीं लिया है हम चाह रहे हैं कि यह जो पानी की बर्बादी हो रही है। वह पंचायत सुधार नहीं कर सकती है पानी रिस रहा है टंकी खराब हो रही है ऐसा ही रहा तो जल्द यह टंकी टूट जाएगी। पिछले सरपंच ने हैंडोवर कैसे लिया पता नहीं पर इसको बनाकर विभाग को देना चाहिए।

### इनका कहना हैं

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि थानेगांव नल जल योजना का काम तो फाइनल हो गया है। फिर भी पता किया जाएगा कि किसी ठेकेदार के द्वारा टंकी का निर्माण किया गया था। टंकी की स्थिति को लेकर डिवीजन पत्र लिखा जायेगा।

**विजय तिवारी**
**प्रभारी एसडीओ पीएचई वारासिवनी**

# महाविद्यालय में कालेज चलो अभियान के अंतर्गत दी जा रही जानकारी

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कॉलेज चलो अभियान शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय में सत्र २०२६-२७ के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य एस एस गेड़ाम के मार्गदर्शन में कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के अनिरूद्ध सिंह काकोड़िया,मनोज गजभिये के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नेवरगांव एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़गांव जाकर छात्र छात्राओं से संपर्क स्थापित किया गया एवं कक्षा १२वी में अध्ययनरत् छात्र छात्राओं को नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम, मेजर, मइनर एवं अन्य विषयों का चयन, अन्य शैक्षणिक गतिविधियाँ, छात्रवृत्तियाँ, योजनाएँ, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी गयी। इस संपर्क का उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक शालाओं के छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश से लेकर परीक्षा तक की जानकारी देना था। जिससे कि छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो। महाविद्यालय में प्रवेश से संबंधित हेल्प डेस्क स्थापित की गयी है, जिससे उन्हें प्रवेश से संबंधित होने वाली समस्याओं के साथ अन्य प्रकार की समस्याओं का भी निराकरण किया जा सके। महाविद्यालय के द्वारा अन्य उच्चतर माध्यमिक शालाओं में समय समय पर संपर्क स्थापित किया जायेगा। जिसका उद्देश्य छात्र छात्राओं को उनके अध्ययन एवं कॅरियर में आने वाली समस्या का समाधान हो सके।




# १९ सूत्रीय समस्याओं का निराकरण करने की मांग

## प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन ने प्रमुख सचिव को भेजा ज्ञापन

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के द्वारा मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन बल्लभ भवन भोपाल के नाम का ज्ञापन पोस्ट से भेज कर १९ सूत्रीय समस्याओं का समाधान करने मांग की गई। ज्ञापन में पेंशनर्स ने बताया कि डी एस नाकरा विरूद्ध भारत शासन में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा १७ दिसंबर १९८२ को पारित निर्णय पेंशनर्स के हितों की रक्षा के लिये मील का पत्थर होने से भारत वर्ष में प्रतिवर्ष पेंशनर्स १७ दिसंबर १९८२ से पेंशनर्स दिवस आयोजित करते है। प्रमुख पेंशनर्स एसोसियेशन जिला तहसील शाखा द्वारा आयोजित पेंशनर्स दिवस के अवसर पर पेंशनर्स की समस्याओं पर मंथन किया। ऐसे में पेंशनर्स को हो रही समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया है। जिसमें मांग की गई है कि छटवॉ वेतन आयोग उच्च न्यायालय जबलपुर के द्वारा छटवे वेतनमान के संबंध में ३१ अक्टूबर २०२५ को पारित निर्णय अनुसार प्रदेश के पेंशनर्स को १ जनवरी २००६ से ३१ अगस्त २००८ तक ३२ माह का एरियर ६ प्रतिशत ब्याज सहित निर्धारित समयावाधि में भुगतान किया जायें। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ पुर्नगठन अधिनियम २००० की धारा ४९ पठीशिष्ट ६ में सहमति का कोई प्रावधान नही है। प्रावधान समाप्त कर केन्द्रिय पेंशनर्स के अनुरूप जुलाई २०१९ से महगांई राहत के अंतर की राशि का भुगतान किया जाये। पेंशन नियमों में संशोधन कर मध्यप्रदेश सिविल सेवाएं पेंशन नियम १९७६ में संशोधन की लिये गठित समिति ने प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत कर दिया है। अत: उन संशोधनों को स्वीकृत करें तथा म.प्र. सिविल सेवाऐ पेंशन नियम १९७६ में पारिवारिक पेन्शन में अबिरीहित विधवा, तलाक शुदा परित्यका पुत्री एवं विधवा बहुओं के लिए आयु सीमा बंधन २५ वर्ष तक सीमित है। अत: संशोधनों को स्वीकार कर भुलक्षी प्रभाव से लागू किया जायें। स्वास्थ्य बीमा योजना शासकीय कर्मचारियों और पेन्शनर्स के लिए वर्ष २०२० में मुख्य मंत्री राज्य कर्मचारी बीमा योजना लागू की गई थी। किन्तु बाद में इनका किर्यान्वय नही हुआ अत: राज्य कर्मचारियों और पेन्शनर्स के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना शीघ्र लागू किया जायें। सातवे वेतन आयोग के पूर्व १ जनवरी २०१६ के पहले सेवा निवृत हुए पेंशनर्स की पेंशन कम होने से केन्द्र सरकार के परिपत्र अनुसार काल्यनिक वेतन निर्धारण किया जाकर २७ माह के एरियर का भुगतान किया जायें। प्रदेश के पेंशनरों को सरकार के अनुरूप अतिरिक्त पेंशन स्वीकृत की जायें। संगठन की मांग है कि ६५ वर्ष पर ५ प्रतिशत, ७० वर्ष पर १० प्रतिशत, ७५ वर्ष पर १५ प्रतिशत तथा ८० वर्ष पर २० प्रतिशत प्रारंभ से ही स्वीकृत की जायें। सेवा निवृत कर्मचारी को बिना भेदभाव के चतुर्थ समयमान वेतन मान का लाभ दिया जायें। एनपीएस और वीपीएस के स्थान पर ओपीएस लागू की जायें। पेंशन सारांशीकरण की अवधि १५ वर्ष के स्थान पर ११ वर्ष ९ माह की जायें। शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग अर्थात समस्त शिक्षकों को पात्रतानुसार अर्जित अवकाश नगदीकरण का भुगतान किया जाये। जिला और पेंशन कार्यालय को यथावत रखा जाये। इन कार्यालयों को समाप्त करने की आदेशों पर तत्काल रोक लगाई जाये। ३० जून और ३१ दिसबंर को देय वेतन वृद्धि का लाभ दिया जायें। संभागीय स्वास्थ्य एवं चिकित्सा समिति के गठन में तथा नियमित बैठको के निर्देश जिला कलेक्टर और संभागीय आयुक्त को दिया जायें। वरिष्ठ नागरीक भरण पोषण अधिनियम के अंर्तगत समिति गठन के निर्देश जिला कार्यालयों को दिये जाकर जिला स्तर पर गठित समिति में पेंशनर्स को प्रतिनिधित्व दिया जाये। पेंशनर्स कल्याण मण्डल का गठन स्वागत योग्य है इसकी प्रथम बैठक शीघ्र बुलाई जाये। राज्य के विद्युत पेंशनरो को भविष्य में होने वाली पेंशन भुगतान की राज्य शासन द्वारा गारंटी। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य के विद्युत पेंशनरों को पेंशन भुगतान की गारंटी पहले ही दी जा चुकी है। अत: मध्य प्रदेश में भी दी जायें। सन् १९९८ से २००७ तक प्रतिवर्ष १०-१० दिनों का अर्जित अवकाश सेवा पुस्तिका में इंद्राज के पश्चात् भी १०० दिनों का अर्जित अवकाश का नगदीकरण का भुगतान नही किया गया। सभी नियमित व सेवानिवृत शिक्षकों के उपरोक्त वर्ष के १०० दिनों का अर्जित अवकाश का भुगतान की स्वीकृती प्रदान किया जावें। सेवानिवृत शिक्षकों का आज दिनांक तक अर्जित अवकाश का भुगतान बालाघाट जिले में शेष हैं। प्राथमिक ,माध्यमिक हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी अध्यापक वर्ग को एनपीएस के स्थान पर ओपीएस पेंशन दिया जाये। जिससे उनके व परिवार का भरण पोषण हो सकें। इस अवसर पर तहसील कार्यकारी अध्यक्ष डी सी डहरवाल,एस एल डोहरे ,अशोक शुक्ला ,एस के डोहरे ,अनंतराम बारेवार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुआवजे की आशा में तहसील के चक्कर लगा रहा किसान

## प्रधानमंत्री सड़क योजना में ९ डिसमिल भूमि अधिग्रहण का मामला

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकंद्रा से मदनपुर के लिए डामर सड़क का मार्ग निर्माण किया गया। जिसमें किसान मदनलाल पिता चैतराम बिसेन उम्र ५० वर्ष सिकंद्रा निवासी की भूमि की करीब ९ डिसमिल जमीन पर बिना किसी सूचना के सड़क बना दी गई। जिसका मुआवजा नहीं मिल पा रहा है जिससे वह मुआवजे की आशा में लगातार तहसील कार्यालय ,एसडीएम कार्यालय जिला कलेक्टर कार्यालय के चक्कर लगाकर आवेदन कर रहा है। किंतु किसी जिम्मेदार के द्वारा वर्तमान तक उक्त विषय में संज्ञान नहीं लिया गया है। जिसके कारण किसान को मुआवजा प्राप्त नहीं हो पाया है।



### बिना जानकारी बना दी गई सड़क

प्राप्त जानकारी के अनुसार मदनलाल पिता चैतराम बिसेन के स्वामित्व एवं आधिात्य की भूमि ग्राम सिकन्द्रा राजस्व निरीक्षक मंडल तहसील वारासिवनी में स्थित खसरा नंबर ५२/४ में से ९ डिस भूमि प्रधानमंत्री सडक योजना के तहत सिकन्द्रा से मदनपुर सडक में अधिग्रहित हो चुकी है। यह कि आवेदक को उक्त वर्णित भूमि सडक मद में अधिग्रहित किया गया था तो उसकी जानकारी नहीं दी गई। जब भूमि स्वामी के द्वारा अपनी भूमि का सीमांकन करवाया गया तब पटवारी प्रतिवेदन में ९ डिसमिल भूमि उक्त सडक मद में जाना पाया गया। जिसके पश्चात उक्त वर्णित भूमि के मुआवजा राशि प्राप्त करने जिला क्लेक्टर बालाघाट को जनसुनवाई के माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था। उक्त कार्यवाही करने के पश्चात् भी आज तक उसकी अधिग्रहित की गई ९ डिसमिल भूमि जो सडक मद में गई है उसका मुआवजा प्राप्त नहीं हो पा रहा है जिससे वह काफी परेशान है।

### मुख्यमंत्री , जिला कलेक्टर ,एसडीएम सभी टालमटोल कर रहे हैं- मदनलाल

किसान मदनलाल बिसेन ने बताया कि मेरी २५ डिसमिल जमीन थी इसमें मैंने सीमांकन करवाया तो पटवारी ने पूरा नापा। जिसमें १६ डिसमिल में मेरा कब्जा हैं ९ डेसिमल प्रधानमंत्री सड़क योजना में चल गई। पंचनामा बनाकर तहसील और न्यायालय में पेश किया गया। मैने अपील कर एसडीएम ने मुआवजे के लिए आदेश कर दिया की आपको मुआवजा दिया जाएगा। रोज तहसील कार्यालय आ रहा हूं परंतु मुआवजा नहीं मिल रहा है। जिला कलेक्टर को भी आवेदन दिया गया है मुख्यमंत्री को भी आवेदन दिया गया है ,पर सभी टालमटोल कर रहे हैं। एसडीएम से मिलने आया था करीब ७ महीने हो गए मैं परेशान हूं ६ माह पहले आदेश हुआ था। अभी १३ दिसंबर को मुख्यमंत्री को मैंने आवेदन भेजा है। हम यही चाहते हैं कि मुआवजा मिले या शासकीय जमीन। जिस प्रकार यह टालमटोल कर रहे हैं मैं गरीब व्यक्ति हूं रोज कमाता खाता हूं पेट पालने नागपुर जाता हूं पर वहां जाना छोड़ कोर्ट कचहरी के चक्कर लगा रहा हूं। हम लोग खाने कमाने गए थे वहां से आए जमीन कम लगी तो नापाये पटवारी ने पंचनामा लिखा ९ डिसमिल रोड़ पर है। इस अधिग्रहण की हमें कोई सूचना नहीं दी गई कुछ नहीं दिया गया। हमारे बिना रहते रोड बना दी गई और चले गए अब हम परेशान हो रहे हैं।

# कांग्रेस ने अनुभवी नेता नीरज हीरावत को दी कटंगी की कमान

## तिरोड़ी और भौरगढ़ उप ब्लॉक अध्यक्ष को यथावत रखा गया, पूर्व सांसद ने दी बधाई

**पद्मेश न्यूज। कटंगी।** म.प्र. कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन पर प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 16 दिसम्बर को प्रदेश के सभी जिलों में ब्लॉक अध्यक्ष पद पर नियुक्तियाँ की। कटंगी विधानसभा क्षेत्र के कटंगी ब्लॉक एवं तिरोड़ी व खैरलांजी उप ब्लॉक में अध्यक्ष नियुक्त किए गए। कटंगी ब्लॉक की कमान पूर्व मंत्री स्व. डॉ. निर्मल हीरावत के पुत्र एवं जिला कार्यकारिणी में महामंत्री नीरज हीरावत को सौंपी गई। हीरावत की नियुक्त कांग्रेस का एक चौंकाने वाला निर्णय है। पार्टी ने तिरोड़ी एवं भौरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष पर मौजूदा पदाधिकारियों पर ही भरोसा जताया है। सनद रहे कि अंतिम विधानसभा चुनाव के पूर्व ही कांग्रेस ने कटंगी ब्लॉक अध्यक्ष बदला था। पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर तत्कालीनत्र ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र बाहेश्वर की जगह जराहमोहगांव निवासी श्री सिंगनदुपे को कटंगी ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अब उनकी जगह नीरज हीरावत कटंगी ब्लॉक के अध्यक्ष नियुक्त किए गए। हालांकि नीरज हीरावत एक लम्बे समय से कांग्रेस की राजनीति में सर्ईित्र्य है, वे कांग्रेस के अनुभवी नेताओं में से एक हैं। उप ब्लॉक तिरोड़ी अध्यक्ष ज्ञानीराम राहंगडाले, भौरगढ़ अध्यक्ष गंगाराम डहरवाल को यथावत रखा गया।

म.प्र. कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इन पदाधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही इनसे पार्टी के राष्टपऊीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राष्टपऊीय नेता सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी की मंशानुरूप कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की है। कटंगी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त होने पर नीरज हीरावत को पूर्व सांसद बोधसिंग भगत सहित तमाम पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दी।

### संगठन सृजन अभियान पर प्राथमिकता से कार्य करेंगे- हीरावत

कटंगी कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष नीरज हीरावत ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही नए कार्यकर्ता को जोड़ने की योजना पर काम किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे। कांग्रेस के महत्वकांक्षी संगठन सृजन अभियान को लेकर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा।



### पूर्व सांसद ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई

पूर्व सांसद बोधसिंग भगत ने कटंगी विधानसभा क्षेत्र के तीनों ही ब्लॉक एवं उप ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति पर पार्टी के उच्च नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्षों से यह अपेक्षा व्यक्त की कि पार्टी एवं मजबूत, संगठित करने के लिए वे संगठित होकर कार्य करेंगे।

# ऑनलाइन भुगतान के बाद भी ग्राहक से बदसलूकी

## गैस एजेंसी संचालक की मनमानी से ग्राहक तंग

**पद्मेश न्यूज। कटंगी।** 'रस्सी जल गई बल नहीं गया' यह कहावत तो आप सभी ने सुनी ही होगी। यह कहावत रतन शीला इंडेन गैस एजेंसी के संचालक के परिजन पर खूब बैठती है। एक समय था जब शहर में इंडेन गैस एजेंसी के अलावा कोई अन्य कंपनी की गैस एजेंसी संचालित नहीं थी तब इस एजेंसी के संचालक और उनके परिजन के दुर्व्यवहार और बदसलूकी ग्राहकों ने झेली और सहन भी की। किंतु अब समय बदल गया है शहर में एक नहीं बल्कि अन्य गैस कंपनियों की एजेंसी के एजेंट घर पहुंच सेवाएं दे रहे है। बावजूद इसके रतनशीला इंडेन गैस एंजेसी संचालक और उनके परिजन सीधे-सादे ग्राहकों से बदसलूकी करते है। ऐसा ही एक मामला हाल में सामने आया है। मुंदीवाड़ा निवासी मुकुंद विश्वकर्मा ने बताया कि गत दिवस 15 दिसबंर को उन्होंने गैस बुकिंग करवाई और पूर्व की तरह आनलाइन भुगतान भी कर दिया। लेकिन जब एजेंसी का वाहन गैस सिलेंडर लेकर घर पहुंच सेवा देने के लिए पहुंचा तो पैसों की मांग की गई। मुकुंद बताते है कि उन्होंने आनलाइन भुगतान की रसीद भी दिखाई लेकिन भुगतान नहीं मिलने की बात कहते हुए सिलेंडर नहीं दिया गया और एजेंसी के कार्यालय में संपर्क करने के लिए कहा गया जब वह कार्यालय पहुंचे और सिलेंडर का ऑनलाइन भुगतान किए जाने की बात बताने लगे तो उनके साथ बदसलूकी की गई। रतन शीला इंडेन गैस एजेंसी के द्वारा समय-सीमा में घरेलू गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराने और कई बार घर पहुंच सेवा के नाम पर अधिक राशि लेने की शिकायत भी मिलते ही रहती है। ग्राहक अकसर एजेंसी के संचालक और उनके परिजन के दुर्व्यवहार की शिकायत करते है और यहां तक बताते है कि उन्हें गैस सिलेंडर नहीं दिए जाने की धमकी भी दी जाती है। इस एजेंसी की एक नहीं बल्कि कई बार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी की गई है। नाराज ग्राहक ने स्थानीय स्तर पर खाद्य अधिकारी तक भी मौखिक शिकायत की लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के कारण एजेंसी के संचालक और उनके परिजन के हौसले बुलंद है। यहां बताना जरूरी है कि सरकार द्वारा गैस की तय कीमत पर गैस एजेंसी को ग्राहकों के घर तक सिलेंडर पहुंचाना होता है। इसी में डिलीवरी मैन की मजदूरी भी शामिल होती है परंतु गैस एजेंसी के डिलीवरी मैन ग्राहकों से सिलेंडर घर पहुंचाने के अतिरिक्त पैसे वसूलते है और ग्राहक के कार्ड में सरकार की तय कीमत ही लिखते है। इन शिकायतों के देखते हुए जब ग्राहकों ने आनलाइन भुगतान का विकल्प चुना है तो अब भुगतान नहीं मिला इस बात को लेकर ग्राहकों को परेशान किया जा रहा है मुकुंद विश्वकर्मा नाम का ग्राहक ऐसी ही परेशानी से दो-चार हो रहा है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज करवाई है।

# पी.जी. कॉलेज में रामानुजन सप्ताह के अंतर्गत शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में आयोजित रामानुजन सप्ताह के अंतर्गत तीसरे दिन निबंध प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विनोद इलकर, प्राध्यापक, विवेक ज्योति महाविद्यालय, बालाघाट तथा विनोद गौतम, वरिष्ठ गणित अध्यापक, विवेक ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालाघाट उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच एवं विषयगत ज्ञान का प्रभावी प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रामानुजन के जीवन, योगदान और गणित के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए, वहीं क्विज प्रतियोगिता में गणित से संबंधित रोचक प्रश्नों के माध्यम से प्रतिभागियों की त्वरित निर्णय क्षमता का आकलन किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीनिवास रामानुजन का जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने बताया कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं तथा उनमें रचनात्मकता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की सराहना की गई और आगामी गतिविधियों के सफल आयोजन की शुभकामनाएँ दी गईं।

# चिरचिरा में पकड़ाई 57 लीटर कच्ची शराब, मामला दर्ज

**पद्मेश न्यूज। कटंगी।** कलेक्टर मृणाल मीणा और पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन पर जिले भर में पुलिस अवैध कच्ची शराब के निर्माण और ब्रिकी पर रोक लगाने की दिशा में कार्रवाई कर रही हैं। इसी कड़ी में एसडीओपी विवेक शर्मा के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम के नेतृत्व में कटंगी पुलिस ने बुधवार को वन क्षेत्र से सटे ग्राम चिरचिरा में दबिश देकर 57 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। पुलिस ने एक आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर माननीय न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि चिरचिरा निवासी राजेन्द्र पिता कांतीलाल ठाकरे के निवास में दबिश दी गई जहां पर ट्यूब में रखी 57 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची महुआ शराब और कुछ बर्तन जब्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) की कार्रवाई की है।


**आवश्यकता है**
वारासिवनी कार्यालय में केबल में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है
स्थानीय या आसपास रहने वालों को प्राथमिकता
- संपर्क करें -
पद्मेश सिटी केबल
बस स्टेण्ड, वारासिवनी

## बालाघाट एक्सप्रेस

### संपादकीय

**सत्य एक व्रत की तरह है**

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः - कथ्यते बुधैः।।




## गहराते प्रदूषण संकट के बीच ठंड बढ़ने के साथ ही कोहरे की मार पड़ने लगी है

# जवाबदेही किसकी, दोष किसका ?

राष्ट्रीय राजमार्गों पर आए दिन गाडियों के टकराने की खबरें आ रही हैं। मंगलवार को धुंध के कारण यमुना एक्सप्रेसवे पर आगरा से नोएडा के बीच सात बसों और तीन गाडियों के टकराने एवं कई अन्य शहरों में भी इसी तरह की दुर्घटनाओं में 25 लोगों की जान जाने के बाद यह बहस तेज हो गई है कि जवाबदेही कौन लेगा और कैसे रोकथाम के लिए कोई रास्ता निकलेगा। अभी तक तो प्रदूषण एवं धुंध के कारण बढ़ते संकट के बीच राजनीतिक बयानबाजी भर सामने आती रही है और जिम्मेदारी से बचने की कोशिश में सत्ता प्रतिष्ठान एवं प्रशासन दिखा है। हालात ये हैं कि सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियों का कोई असर नहीं पड़ रहा है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की समस्या धीरे-धीरे गंभीर होती है और धुंध बढ़ने के साथ राजमार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ने लगती हैं। राजमार्गों पर धुंध के बीच रफ्तार पर लगाम को लेकर कोई चेतावनी नहीं, न कोई अंकुश।

दरअसल, प्रदूषण का गहराता संकट मौसम की मार तो है ही, सरकार की अनदेखी और लापरवाही से समस्या में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। इस तरह की दिक्कतों को लेकर चर्चा होती है, लेकिन सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाए जाते। हाल में खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। एक रपट के मुताबिक, देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के पाए गए। स्पष्ट है कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में आसमान में धुएं की परत के आगे बेबसी है। सरकारी स्तर पर कवायद घोषणाएं और आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित दिखती है। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है।

हालत यह है कि बहुत सारे लोगों के सामने सांस से संबंधित परेशानियों सहित कई तरह की मुश्किलें पैदा हो रही हैं, लेकिन अब भी प्रदूषण को कम या दूर करने के लिए कोई ईमानदार इच्छाशक्ति नहीं दिखती। किसानों के मुद्दों को जोरशोर से उठाकर श्रेय लेने वाले राजनेताओं की जवाबदेही तय होनी चाहिए। बंपर पैदावार का श्रेय लेने वाले नेता तब कहां चले जाते हैं जब पराली जलाने का संकट पैदा होता है? यह भी हकीकत है कि प्रदूषण संकट के मूल में सिर्फ पराली समस्या ही नहीं है। हमारी उपभोक्ता संस्कृति, वाहनों का अंबार, सार्वजनिक यातायात सुविधा का पर्याप्त न होना, अनियोजित निर्माण कार्य, जीवाश्म ईंधन का प्रयोग तथा कूड़े का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण न होना भी प्रदूषण संकट के मूल में है। शासन को भी आग लगने पर कुआं खोदने की मानसिकता से बचना होगा और दूरगामी प्रभावों वाली नीतियां लागू करनी होंगी। जवाबदेही तय होनी चाहिए।

केरल उच्च न्यायालय ने सहकारी बैंकों को थिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम की जमा राशियों को लौटाने के निर्देश दिए थे, जिसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी, लेकिन शीर्ष अदालत की खंडपीठ ने यह कहते हुए सभी याचिकाएं खारिज कर दीं कि मंदिर का धन देवता का होता है।

# मंदिर का धन देवता का



**विनय शैलावत**
*पूर्व असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता*

सर्वोच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि मंदिर का धन देवता का होता है। इस मामले में केरल उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें थिरुनेल्ली मंदिर देवस्वम की जमा राशियों को लौटाने के निर्देश दिए गए थे। खंडपीठ ने पूछा कि उच्च न्यायालय के निर्देश में गलत क्या है? मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने पूछा, क्या आप मंदिर का पैसा बैंक को बचाने के लिए इस्तेमाल करना चाहते हैं? मंदिर की राशि ऐसे सहकारी बैंक में क्यों रखी जाए, जो मुश्किल हालत में है? उसे एक स्वस्थ राष्ट्रीयकृत बैंक में क्यों न रखा जाए, जहां अधिक ब्याज भी मिलेगा?

सहकारी बैंकों की ओर से तर्क दिया गया कि उच्च न्यायालय ने दो महीने में जमा राशि लौटाने का अचानक निर्देश दे दिया है, इससे काफी कठिनाई हो रही है। इस पर खंडपीठ ने कहा, आपको जनता में अपनी विश्वसनीयता बढ़ानी चाहिए। यदि आप ग्राहकों को आकर्षित नहीं कर पा रहे हैं, तो यह आपकी समस्या है।

बैंकों की ओर से कहा गया कि वे जमा एफडी बंद करने का विरोध नहीं कर रहे, बल्कि अचानक राशि लौटाने के निर्देश से कठिनाई होगी। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने सहकारी बैंकों की सभी याचिकाएं खारिज कर दीं, हालांकि, उन्हें उच्च न्यायालय से समय बढ़ाने का अनुरोध करने की स्वतंत्रता दी। याचिकाएं मनंथवाडी को-ऑपरेटिव अर्बन सोसाइटी लिमिटेड और थिरुनेल्ली सर्विस को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ने दायर की थीं। थिरुनेल्ली देवस्वम ने हाईकोर्ट का रुख इसलिए किया, क्योंकि बार-बार मांग के बावजूद बैंक एफडी वापस नहीं कर रहे थे। केरल उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया था कि देवस्वम की सभी जमा खातों को बंद कर दो महीने के भीतर रकम लौटाई जाए।

इससे पहले तिरुमाला मंदिर में हुए विवाद से मंदिरों की देखरेख एवं इनके धन को लेकर भी कई विवाद उठे थे। ऐसे में, यह जानना दिलचस्प होगा कि भारत में पूजा स्थलों का प्रबंधन कैसे किया जाता है? अधिकांश हिंदू मंदिरों का प्रबंधन राज्य के नियमों के तहत किया जाता है। कई राज्य ऐसे कानून बनाते हैं, जो मंदिर प्रशासन को सरकारी अधिकार प्रदान करते हैं। जैसे, तमिलनाडु का हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग मंदिर प्रबंधन की देखरेख करता है, जिसमें वित्त और मंदिर प्रमुखों की नियुक्तियां भी शामिल हैं। आंध्र प्रदेश सरकार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के प्रमुख की देखरेख और नियुक्ति करती है।

प्रमुख मंदिरों से प्राप्त राजस्व को अक्सर छोटे मंदिरों के रखरखाव और अस्पतालों, अनाथालयों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे सामाजिक कल्याण आदि के लिए आवंटित किया जाता है। इन मंदिरों में राज्य को हस्तक्षेप की शक्ति संविधान के अनुच्छेद 25 (2) से प्राप्त होती है, जो जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए धार्मिक प्रथाओं से संबंधित आर्थिक व सामाजिक गतिविधियों के विनियमन की अनुमति देता है। जनगणना 2011 के अनुसार देश में लगभग तीस लाख पूजा स्थलों में से अधिकांश हिंदू मंदिर हैं।

मुस्लिम और ईसाई पूजा स्थलों की देखरेख आम तौर पर समुदाय



आधारित बोर्ड या ट्रस्ट द्वारा की जाती है, जो सरकारी नियंत्रण से स्वतंत्र रूप से काम करते हैं। यह विकेंद्रीकृत प्रबंधन दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। सिख, जैन और बौद्ध मंदिरों का प्रबंधन राज्य के आधार पर सरकारी विनियमन के विभिन्न स्तरों के अधीन है, जबकि समुदाय की भागीदारी उनके प्रशासन में भूमिका निभाती है।

धार्मिक दान और संस्थान संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची के तहत सूचीबद्ध हैं, जो केंद्र और राज्यों, दोनों को इस विषय पर कानून बनाने की अनुमति देते हैं। इससे राज्यों में विविध नियामक ढांचे बने हैं। श्रीमाता वैष्णो देवी श्राइन एक्ट, 1988 के साथ जम्मू-कश्मीर जैसे कुछ राज्यों ने अलग-अलग मंदिरों के लिए विशिष्ट कानून बनाए हैं, जो उनके प्रशासन और वित्त पोषण की रूपरेखा तैयार करते हैं।

स्वतंत्रता के बाद 1950 में, भारत के विधि आयोग ने मंदिर निधि के दुरुपयोग को रोकने के लिए कानून की सिफारिश की। इससे तमिलनाडु हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती अधिनियम, 1951 लागू किया गया। यह मंदिरों और उनकी संपत्तियों के प्रशासन और संरक्षण के लिए हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग के निर्माण का प्रावधान करता है। लगभग इसी समय, बिहार में धार्मिक संस्थानों को विनियमित करने के लिए बिहार हिंदू धार्मिक न्यास अधिनियम, 1950 पारित किया गया था।

अनुच्छेद 25 (1) लोगों को अपने धर्म का पालन करने, मानने और प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है, जो सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के अधीन है। अनुच्छेद 25 (2) राज्य को धार्मिक प्रथाओं से जुड़ी आर्थिक, वित्तीय, राजनीतिक या धर्मनिरपेक्ष गतिविधियों को विनियमित करने और सामाजिक कल्याण, सुधार और हिंदुओं के सभी वर्गों के लिए हिंदू धार्मिक संस्थानों को खोलने के लिए कानून बनाने की अनुमति देता है। इसलिए, धार्मिक प्रथा के धर्मनिरपेक्ष पहलुओं को विनियमित करने का मुद्दा पूजा तक पहुंच प्रदान करने से अलग है।

धर्म के राज्य प्रबंधन के लिए न्यायिक प्रस्ताव में शिरूर मठ बनाम आयुक्त, हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती, मद्रास मामला, 1954 महत्वपूर्ण हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि धार्मिक संस्थानों को अनुच्छेद 26 (डी) के तहत स्वतंत्र रूप से अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार है, जब तक कि वे सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता या स्वास्थ्य के विपरीत गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं। हालांकि, राज्य धार्मिक या धर्मार्थ संस्थानों के प्रशासन को विनियमित कर सकता है। इस मामले ने भारत में धार्मिक स्वतंत्रता और संपत्ति के अधिकारों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण उदाहरण स्थापित किए।

रतिलाल पनाचंद गांधी बनाम बॉम्बे राज्य मामले में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि धार्मिक प्रथाएं धर्म का एक हिस्सा हैं। लेकिन यह संरक्षण केवल धर्म के आवश्यक और अभिन्न अंगों तक फैला हुआ है तथा राज्य ट्रस्ट संपत्तियों के प्रशासन को विनियमित कर सकता है। पन्नालाल बंसीलाल पिट्टी बनाम आंध्र प्रदेश मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने मंदिर प्रबंधन पर वंशानुगत अधिकारों को समाप्त करने वाले कानून को बरकरार रखा और मंदिर प्रबंधन पर वंशानुगत अधिकारों को खारिज कर दिया।

–विनय शैलावत,(पूर्व असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एवं बरिष्ठ अधिवक्ता)




## –ब्रियाना वीस्ट

बदलने के लिए हमारे पास केवल एक ही चीज है और वह है हम खुद। जब आप भीतर से बदलते हैं, तो आपके पास वही सब आ जाता है, जिसकी तलाश में आप बाहर निकले थे, यानी कि प्यार, संतोष व सफलता।

### नई शुरुआत भीतर से ही जन्म लेती है

अधिकांश लोग अपनी जिंदगी बदलना चाहते हैं। वे अपने रिश्तों को, अपने शरीर को, अपनी आमदनी, अपने ओहदे और अपने घर को और भी बेहतर बनाना चाहते हैं। बाहर क्या गलत है, इसे पहचान लेना और उसी को अपने भीतर की बेचैनी का कारण ठहरा देना आसान होता है। यह सच्चाई खास तौर पर तब चुभती है, जब हमें लगता है कि हमारे सामने एक बिल्कुल नया, साफ पन्ना खुल गया है। नया साल हमें यह भ्रम देता है कि नई तारीख के साथ ही नई जिंदगी मिल जाएगी। पर सच यह है कि किसी चमकती शुरुआत पर हम अपना सारा बोझ, अपनी थकान, असुरक्षाएं और पुरानी सोच रखकर यह उम्मीद नहीं कर सकते कि भीतर से सब कुछ अलग महसूस होने लगेगा।

लोग अपने साथ-साथ दूसरों की जिंदगी भी बदलना चाहते हैं, अन्याय को खत्म करना चाहते हैं, पूरी दुनिया को बेहतर बनाना चाहते हैं, लेकिन सबसे बड़ी चीज कि वे खुद को नहीं बदलना चाहते। जबकि सच यह है कि बदलने के लिए हमारे पास केवल एक ही चीज है, जिसे बदलना सबसे जरूरी है और वह है हम खुद। हम यह मानकर जीते हैं कि हमें हालात के हिसाब से ढलना होगा, जैसे दुनिया आईनों से भरी हो और हमें बस अपनी छवि सुधारते रहना हो। पर शायद जरूरत आईना तोड़ने की नहीं, बल्कि इस विश्वास को छोड़ने की है कि हमारी कोई स्थायी छवि है, जिसे साबित करना है। जो चीजें हमें परेशान करती हैं, जिस नकारात्मकता में हम साल-दर-साल फंसे रहते हैं, वही हमें हर साल संकल्प लेने पर मजबूर करती हैं, क्योंकि हम बदलाव नहीं कर रहे होते, बस चीजों को एक जगह से दूसरी जगह खिसका रहे होते हैं। और यहीं एक गहरी, हैरतअंगेज सच्चाई छिपी है-जब आप भीतर से सचमुच बदलते हैं, तो आपके पास वही सब आ जाता है, जिसकी तलाश में आप बाहर निकले थे, यानी कि प्यार, संतोष और सफलता। बस, अब आपकी कीमत उन पर निर्भर नहीं रहती। अगर वे छिन भी जाएं, तब भी आप नाकाम नहीं होते, क्योंकि जो सच में मायने रखता है, वह बाहर से नहीं आता, बल्कि वह आपके भीतर से ही निकलता है। इन्सान खुद पर जीत हासिल कर सकता है। बस इसके लिए यह जानना जरूरी है कि आपकी हर समस्या इस बात की ओर इशारा करती है कि आप कैसे सोचते हैं, कैसे प्रतिक्रिया करते हैं और कैसे उत्तर देते हैं। जो आपको लगता है कि आपको नहीं मिल रहा, वह अक्सर बताता है कि आप क्या देना भूल गए हैं। जिस बात पर आपको गुस्सा आता है, वह वही गुण होता है, जिसे आप अपने भीतर देखने से बचते हैं। अगर किसी चीज को छोड़ना है, तो उसके बदले कुछ नया रचनात्मक सीखें। आप जो करते, देखते और महसूस करते हैं, वह यह नहीं बताता कि आप कौन हैं, बल्कि वह यह बताता है कि आप अभी कैसे हैं, और इसे बदला भी जा सकता है। आप वही गढ़ते हैं, जिस पर आप विश्वास करते हैं, आप वही देखते हैं, जिसकी आप तलाश करते हैं; और अंततः, आपके पास वही होता है, जो आप दुनिया को देते हैं।

**सूत्र-पहले खुद को बदलें**

बदलाव की शुरुआत बाहर से नहीं, भीतर से होती है। हालात, समय और लोग केवल आईना होते हैं, जबकि वास्तविक बदलाव हमारी सोच, हमारी प्रतिक्रिया और हमारे चुनावों से जन्म लेता है। नया साल नया अवसर देता है, पर नई जिंदगी वही पाता है, जो पुरानी आदतों को छोड़ने का साहस करता है। आप वही गढ़ते हैं, जिस पर आप विश्वास करते हैं।

# आभार की शक्ति का प्रतिफल

हम जिस दौर में जी रहे हैं, वहां हर कोई तेजी से आगे बढ़ने की दौड़ में लगा है। पढ़ाई, नौकरी, करिअर और रिश्ते हर जगह प्रतिस्पर्धा इतनी गहन हो गई है कि युवा पीढ़ी को अक्सर तनाव, दबाव और असंतोष का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में आभार व्यक्त करने की आदत एक साधारण-सी लग सकती है, लेकिन इसका असर असाधारण है। आभार जीवन की राह मोड़ सकता है, सोच की दिशा बदल सकता है और व्यक्ति को वह ऊर्जा दे सकता है, जिसकी तलाश वह हर जगह कर रहा होता है। आभार केवल किसी को धन्यवाद कहने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का एक नजरिया है। जब हम यह स्वीकार करते हैं कि हमारे जीवन में कितनी चीजें ऐसी हैं, जो हमें खुशी, सहयोग और समर्थन प्रदान करती हैं, तब हमारी दृष्टि समस्याओं से हट कर संभावनाओं पर केंद्रित हो जाती है। यह छोटा-सा बदलाव हमारे व्यक्तित्व में गहरी शांति और आत्मविश्वास जगाता है। युवा होने के नाते जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आते हैं। असफल परीक्षाएं, बेरोजगारी, टूटते रिश्ते या किसी सपने का पूरा न होना- ये सब परिस्थितियां युवाओं को हताश कर सकती हैं। मगर इन अनुभवों को एक आभारपूर्ण दृष्टिकोण से देखा जाए, तो हर असफलता एक सबक बन सकती है।

आभार का लाभ यह है कि यह मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है। जो युवा छोटी-छोटी उपलब्धियों या सहयोग के लिए धन्यवाद प्रकट करते हैं, उनके भीतर आत्मविश्वास और उम्मीद बनी रहती है। वे तनाव से जल्दी उबर जाते हैं और चुनौतियों का सामना दृढ़ता से कर पाते हैं। अनेक मनोवैज्ञानिक शोधों ने यह सिद्ध किया है कि कृतज्ञता का भाव रखने वाले लोग अवसाद से कम ग्रस्त होते हैं और जीवन को अधिक आनंदपूर्वक जीते हैं। रिश्तों में भी आभार का महत्त्व अत्यधिक है। युवा पीढ़ी के लिए मित्र और परिवार जीवन के हर कदम पर सहारा होते हैं, लेकिन व्यस्तता और तनाव के कारण अक्सर हम इसे भूल जाते हैं। एक साधारण सा%धन्यवाद% या स्नेहपूर्ण व्यवहार विश्वास को गहराई देता है। जब हम अपने माता-पिता, दोस्तों या शिक्षकों का आभार मानते हैं, तो उन्हें यह अहसास होता है कि उनकी भूमिका हमारे जीवन में कितनी मूल्यवान है। यह छोटा-सा कदम रिश्तों को और अधिक मजबूत बना देता है। जीवन के बड़े व्यक्तित्व भी आभार की आदत को सफलता की कुंजी मानते रहे हैं। महात्मा गांधी ने कहा था कि वे अपने विरोधियों तक के प्रति कृतज्ञ रहे, क्योंकि उन्हीं की वजह से उनको सत्य और अहिंसा का महत्त्व अधिक गहराई से समझ आया। नेल्सन मंडेला ने जेल की कठिनाइयों को आभार की दृष्टि से देखा और उन्हें ताकत में बदल दिया। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि आभार केवल आसान आज तेज रफ्तार दुनिया में अक्सर युवा अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों को नजरअंदाज कर देते हैं। वे बड़े लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और निराश हो जाते हैं, जब वे पूरे नहीं होते। ऐसे में आभार का अभ्यास यह सिखाता है कि हर छोटी सफलता, सहयोग और हर अवसर की महत्ता समझी जाए। यही दृष्टिकोण युवाओं को धैर्यवान और संतुलित बनाता है।

परिस्थितियों में ही नहीं, बल्कि विपरीत हालात में भी सहारा देता है। युवा पीढ़ी के लिए यह समझना भी आवश्यक है कि आभार केवल दूसरों के लिए नहीं, बल्कि स्वयं के लिए भी जरूरी है। जब कोई युवा अपनी मेहनत, अपनी कोशिशों और अपने साहस का सम्मान करना सीखता है, तो वह आत्मविश्वास से भर उठता है। स्वयं से आभार व्यक्त करना आत्म-विकास की दिशा में उठाया गया सबसे महत्त्वपूर्ण कदम है। यह सोच हमें दूसरों से तुलना करने की आदत से दूर ले जाती है और हमें अपने मार्ग पर स्थिर रखती है।

आज की तेज रफ्तार दुनिया में अक्सर युवा अपनी छोटी-छोटी उपलब्धियों को नजरअंदाज कर देते हैं। वे केवल बड़े लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और निराश हो जाते हैं, जब वे जल्द ही पूरे नहीं होते। ऐसे में आभार का अभ्यास यह सिखाता है कि हर छोटी सफलता, हर सहयोग और हर अवसर की महत्ता समझी जाए। यही दृष्टिकोण युवाओं को धैर्यवान और संतुलित बनाता है। एक और बड़ा पहलू यह है कि आभार समाज में सकारात्मकता का वातावरण बनाता है। जब युवा सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं या किसी अच्छे कार्य की सराहना करते हैं, तो वे दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। इस प्रकार एक छोटी-सी भावना समाज में विश्वास, सद्भाव और सहअस्तित्व को बढ़ावा देती है। यह संदेश आज की पीढ़ी के लिए अत्यधिक प्रासंगिक है, क्योंकि प्रतिस्पर्धा और असंतोष का माहौल अक्सर उन्हें दूरियों और तनाव की ओर धकेल देता है। अगर हम थोड़ा समय आभार प्रकट करने में दे, तो जीवन अद्भुत रूप से बदल सकता है। यह आदत डायरी लिखने, प्रार्थना करने या सिर्फ उन पलों को याद करने से शुरू हो सकती है, जिनके लिए हम आभारी हैं। धीरे-धीरे यह हमारी सोच और व्यवहार का हिस्सा बन जाती है। भीतर की शांति, रिश्तों में गरमाहट और भविष्य के लिए उत्साह जगाती है।

आभार व्यक्त करना जीवन की कठिनाइयों को मिटा नहीं देता, लेकिन यह उनकी कठोरता को कम कर देता है। यह हमें यह देखने की क्षमता देता है कि हर परिस्थिति में कुछ न कुछ अच्छा छिपा हुआ है। यही दृष्टिकोण जीवन की राह को मोड़ देता है। इसलिए युवा पीढ़ी के लिए सबसे बड़ी सीख यही है कि आभार केवल एक औपचारिकता या शिष्टाचार नहीं है, बल्कि एक जीवन-दर्शन है। यह न केवल हमें अंदर से मजबूत बनाता है, बल्कि दूसरों के जीवन में भी सकारात्मक ऊर्जा फैलाता है। यह जीवन को नई दिशा देता है, सपनों को उम्मीद से भरता है और हमारे समाज को अधिक सहयोगी और अधिक संवेदनशील बनाता है। युवाओं के लिए यह समझना आवश्यक है कि सफलता केवल पद और पैसे से नहीं, बल्कि संतोष और अच्छे रिश्तों से भी मापी जाती है। और संतोष तभी आता है, जब हम आभार की दृष्टि से जीवन को देखना सीख लें। यही दृष्टिकोण उन्हें आगे की कठिन राहों में आत्मविश्वास देगा, उनकी सोच को उजाले से भर देगा और उनकी जिंदगी की दिशा सही दिशा में मोड़ देगा।

**–अविनाश जोशी**

## दूसरा पहलू

डार्क मैटर और एंटीमैटर पूरी तरह से अलग चीजें हैं। एंटीमैटर बेहद दुर्लभ है, जबकि डार्क मैटर हर जगह मौजूद हैं, लेकिन दिखाई नहीं देते।

# वह रहस्य जिसने विज्ञान को उलझा रखा है

कल्पना कीजिए एक ऐसे वीडियो गेम की, जिसमें आपका पसंदीदा हीरो मुख्य किरदार है। कभी-कभी उसका एक जुड़वां सामने आता है, जो जिस भी चीज को छूता है, तो उसे विस्फोट से नष्ट कर देता है। खेल को और कठिन बनाने के लिए छोटे-छोटे दुश्मनों का एक रहस्यमय अदृश्य झुंड भी है, जो हर जगह मौजूद है, खेल के नियम बदलता रहता है, लेकिन कभी दिखाई नहीं देता।

अगर इन किरदारों को पदार्थ के प्रकार मान लिए जाएं, तो यह खेल हमारे ब्रह्मांड जैसा ही है, जिसमें हीरो है सामान्य पदार्थ, यानी वह सब कुछ जिसे हम देख सकते हैं। एंटीमैटर वह विस्फोटक जुड़वां है, जिसे वैज्ञानिक अच्छी तरह समझते हैं, लेकिन यह बेहद दुर्लभ है। डार्क मैटर वे अदृश्य जीव हैं, जो हर जगह मौजूद हैं, लेकिन दिखाई नहीं देते और जिनके बारे में वैज्ञानिकों को नहीं पता कि वे वास्तव में हैं क्या। डार्क मैटर और एंटीमैटर पूरी तरह से अलग चीजें हैं। सामान्य पदार्थ परमाणुओं से बना होता है। हर परमाणु में धनात्मक आवेश वाले प्रोटॉन व उनके चारों ओर घूमने वाले ऋणात्मक आवेश वाले इलेक्ट्रॉन होते हैं। एंटीमैटर को सामान्य पदार्थ का उल्टे आवेश वाला जुड़वां समझा जा सकता है। हर कण का एक एंटी-कण होता है-जैसे इलेक्ट्रॉन का पॉजिट्रॉन और प्रोटॉन का एंटीप्रोटॉन। ये मिलकर एंटी-एटम बनाते हैं। जब पदार्थ व एंटीमैटर मिलते हैं, तो वे तेज चमक और ऊर्जा के साथ एक-दूसरे को नष्ट कर देते हैं। एंटीमैटर हमारे ब्रह्मांड में बहुत दुर्लभ है,



लेकिन कुछ तत्व, जैसे पोटैशियम, टूटकर थोड़ी मात्रा में एंटीमैटर पैदा कर सकते हैं। जब आप केला या पोटैशियम युक्त भोजन खाते हैं, तो आप सूक्ष्म मात्रा में ऐसे परमाणु भी लेते हैं, जो एंटीमैटर उत्पन्न करते हैं। यह मात्रा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं है। एंटीमैटर की खोज लगभग 100 साल पहले हुई थी और आज वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में इसे बनाकर अध्ययन कर सकते हैं। डार्क मैटर कहीं ज्यादा रहस्यमय है। इसे समझने के लिए एक तेज घूमते झूले की कल्पना करें। अगर उस पर अदृश्य जीव मौजूद हों, जो आपको पकड़े रखें, तो आप उड़ेंगे नहीं। करीब 50 साल पहले खगोलशास्त्री वेरा रुबिन ने पाया कि आकाशगंगाओं के बाहरी तारे उम्मीद से कहीं तेज घूमते हैं, फिर भी बाहर नहीं उड़ते। इसका एकमात्र कारण किसी अदृश्य पदार्थ का होना है, जो अतिरिक्त गुरुत्वाकर्षण प्रदान करता है। इसे ही वैज्ञानिकों ने डार्क मैटर कहा। तब से पता चला कि यह हर जगह मौजूद है। पिछले 50 वर्षों से वैज्ञानिक डार्क मैटर की खोज कर रहे हैं, पर अब तक असफल ही रहे हैं। इतना तय है कि यह हर जगह मौजूद है और पूरे ब्रह्मांड में सामान्य पदार्थ से लगभग पांच गुना अधिक है।

जब आप केला या पोटैशियम-युक्त भोजन खाते हैं, तो आप सूक्ष्म मात्रा में ऐसे परमाणु भी लेते हैं, जो एंटीमैटर उत्पन्न करते हैं।

एक शोध में पाया गया कि आकाशगंगाओं के बाहरी तारे उम्मीद से कहीं तेज घूमते हैं, फिर भी बाहर नहीं उड़ते। इसका कारण किसी अदृश्य पदार्थ का होना है, जिसे डार्क मैटर कहा गया।

**–दीपांकर दत्ता**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर एजेंसी।** मसाला निर्माताओं की मॉंग से गुरूवार को किराना बाजार में जायफल व जावत्री में सुर्खी रही। कालीमिर्च में सुस्ती आयी। खाद्य तेलों में बाजार बने रहे। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। दलहनों में चना टिकाव पर रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार जायफल व जावत्री मसाला जिंसों में पूछपरख अच्छी रहने से बाजार तेजी पर रहे। कालीमिर्च में सुस्ती रही। खाद्य तेलों में बाजार बने रहे। तिलहनों में सोयाबीन बना रहा। दलहनों में सामान्य कामकाज के बीच चना बना रहा। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 3980-4050, खोपरा गोला 320-370, खोपरा बूरा 4100-6500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 200-225, सांगली 270-275, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 751-781, गरबल 715-725, मटरदाना 790-801, खसखस अनक्लीन 750-950, क्लीन 1050-1250, दालचीनी 220-240, जायफल 815-870, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1675-2150, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 700-750, बेस्ट 780-800, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची 2750-2900, मीडियम 2950-3150, बेस्ट 3200-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3400-3500, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1475-1575, बेस्ट1825-2050, तरबूज मगज 565-585, काजू (240) 925-960, काजू (320) 850-860, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 840-851, कैलिफोर्निया 771-785, अखरोट 575-725, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2250-2300, (160) 2250-2300, (200) 2300-2350, (250) 2500-2550

**तेल**- सींगदाना 1480-1500, मुम्बई 1510-1520, राजकोट तेलिया 2390, सोया साल्वेंट 1185-1190, सोया रिफाइंड 1240-1250, कपास्या 1200, धूलिया 1210, कड़ी 1220,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1475, मुम्बई पाम 1245, मुम्बई सोया 1275,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2075, देवास-उज्जैन 2075, खंडवा-बुरहानपुर 2050, अकोला 3250 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 8000-8200, रायडा 6300-6500, सोयाबीन 4400-4500, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 5700, एवरेज 5600-5650, डंकी चना 5000 से 5200, विशाल 5600-5625, काबूली डॉलर 8200-8500, मसूर बेस्ट 5750-5800, एवरेज 5600-5650, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6400-6500, हल्की 6200-6300, तुअर महाराष्ट्र 6800-6900, उड़द बेस्ट 7600-7700, एवरेज 7400-7500, शंकर 7200-7300, हल्की 7000-7100,

**दाल**- चना दाल एवरेज 7200-7400, मीडियम 7400-7500, बोल्ड 7700-7900, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3150, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-4700, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6000, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा**- इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 300 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर एजेंसी।** गुरूवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार सामान्य ही रहा। दोनों मूल्यवान धातुओं में बाजार सुस्ती पर रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 191500, चॉंदी (99) 191000, टंच 190500, सिक्का 1800, सोना 10 ग्राम 132000,

# रुपया तेजी के साथ बंद

**मुंबई एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया गुरुवार को 10 पैसे की तेजी के साथ ही 90.27 पर बंद हुआ। वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में गुरुवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.35 पर खुला। कारोबार के दौरान इसमें हल्की मजबूती देखी गई और यह 90.32 प्रति डॉलर तक पहुंच गया। हालांकि शुरुआती सत्र में रुपये में कमजोरी भी दर्ज की गई और यह 90.38 के स्तर तक फिसल गया। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.38 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 फीसदी की बढ़त के साथ 98.41 पर रहा, जिससे उभरती मुद्राओं पर दबाव बना रहा।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

**मुंबई एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर सकंतों के साथ ही बिकवाली के दबाव के कारण आई। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 84,481.81 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई 25,815.55 पर बंद हुआ। आज दिन भर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहा, जिससे निवेशक सतर्क दिखे और आई शेयरों में कुछ खरीदारी हुई। इससे भी बाजार पर दबाव पड़ा। इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ खुले। वैश्विक बाजारों में जारी दबाव का असर घरेलू शेयर बाजारों पर देखने को मिला। कारोबार की शुरुआत से ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में कमजोरी बनी रही, जिससे निवेशकों की धारणा सतर्क नजर आई। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मामूली गिरावट के साथ 84,518 अंक पर खुला। हालांकि, खुलते ही इसमें बिकवाली बढ़ गई। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 160.74 अंक की गिरावट के साथ 84,398.91 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का




निफ्टी-50 भी कमजोरी के साथ 25,764 अंक पर खुला। सुबह की शुरुआत के बाद 53.85 अंक गिरकर 25,789 अंक पर ट्रेड करता दिखा। बाजार के जानकारों ने कहा ?कि अमेरिकी बाजारों में आई तेज गिरावट के बाद एशियाई बाजारों में कमजोरी देखने को मिली, जिसका असर घरेलू शेयर बाजारों पर पड़ा। उन्होंने बताया कि तकनीकी रूप से निफ्टी का निकट-कालिक रुझान कमजोर बना हुआ है और यह अपने ऑल टाइम हाई स्तर 26,326 से नीचे ही घूम रहा है। हर छोटी तेजी पर बिकवाली हावी हो रही है, जिससे बाजार में बियर्स की पकड़ बनी हुई है। उनके अनुसार निफ्टी के लिए 25,693 का स्तर अहम सपोर्ट है। यदि निफ्टी इस स्तर के नीचे फिसलता है तो गिरावट और तेज हो सकती है। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि पिछली ट्रेडिंग में एफआईआई ने नेट खरीदारी की थी और आरबीआई के समर्थन से रुपये में मजबूती आई है। इसके बावजूद मौजूदा हालात को देखते हुए निवेशकों को फिलहाल सतर्क रहने की सलाह दी गई है। एशियाई बाजार में गिरावट- वैश्विक बाजारों में एशियाई शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट के साथ कारोबार करते दिखे। इसकी वजह यह रही कि वॉल स्ट्रीट के निवेशक लगातार टेक्नोलॉजी शेयरों से दूरी बना रहे हैं और उनका ध्यान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगामी संबोधन पर टिका हुआ है।

# सीएनजी-पीएनजी की कीमत में राहत, 2026 से नई टैरिफ नीति लागू

**नई दिल्ली एजेंसी।** देशभर में सीएनजी और घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत है। पेट्रोलियम और नेचुरल गैस रेगुलेटरी बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने नई टैरिफ रैशनलाइजेशन नीति लागू करने का ऐलान किया है, जो 1 जनवरी 2026 से प्रभावी होगी। इससे उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 2-3 रुपये की बचत होगी। पीएनजीआरबी के एक सदस्य के अनुसार यह बदलाव ट्रांसपोर्ट और घरेलू उपयोग दोनों में लाभ पहुंचाएगा। पुरानी प्रणाली में दूरी के आधार पर तीन जोन थे- 200 किलोमीटर तक 42 रुपये, 300-1,200 किलोमीटर 80 रुपये और 1,200 किलोमीटर से अधिक 107 रुपये। नई प्रणाली में इसे घटाकर दो जोन किया गया है। जोन-1 के लिए अब 54 रुपये प्रति यूनिट तय किए गए हैं, जिससे शहरों के उपभोक्ताओं को सबसे अधिक लाभ होगा नई टैरिफ नीति 312 क्षेत्रों और 40 सीजीडी कंपनियों पर लागू होगी। ट्रांसपोर्ट सेक्टर में सीएनजी और घरों में पीएनजी इस्तेमाल करने वाले परिवार सीधे लाभान्वित होंगे। पीएनजीआरबी निगरानी सुनिश्चित करेगा कि कम दर का लाभ आम उपभोक्ताओं तक पहुंचे। यह पहल प्राकृतिक गैस के व्यापक और सब्सिडाइज्ड उपयोग को बढ़ावा देगी।




# अमेरिका में जेनेरिक दवाओं पर विदेशी निर्भरता, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर चिंता

**वाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली जेनेरिक दवाओं और उनके एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई) का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा विदेशों से आता है। सीनेटर रिक स्कॉट ने चेतावनी दी है कि यह स्थिति अमेरिकी परिवारों के लिए स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से गंभीर खतरा है। 2002 में अमेरिका अपनी जरूरत की 83 प्रतिशत दवाएं खुद बनाता था, जो 2024 में घटकर केवल 37 प्रतिशत रह गई हैं। एंटीबायोटिक दवाओं में इस्तेमाल होने वाले लगभग 90 प्रतिशत एपीआई चीन में बनते हैं। अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली शीर्ष 100 जेनेरिक दवाओं में से 83 प्रतिशत के एपीआई का कोई भी स्रोत अमेरिका में नहीं है। भारत से अमेरिका में लगभग 50 प्रतिशत जेनेरिक दवाएं आती हैं, लेकिन भारत खुद अपने 80 प्रतिशत एपीआई के लिए चीन पर निर्भर है। विदेशी फैक्ट्रियों में अक्सर निरीक्षण कम होता है, जिससे दवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा पर सवाल उठते हैं। 2025 के एक अध्ययन में पाया गया कि भारत में बनी जेनेरिक दवाओं से जुड़े गंभीर दुष्प्रभाव अमेरिका में बनी समान दवाओं की तुलना में 54 प्रतिशत अधिक हैं। इनमें स्थायी विकलांगता और मौत जैसे गंभीर परिणाम शामिल हैं। सीनेटर स्कॉट ने कहा कि चीन कभी भी दवाओं की आपूर्ति रोक सकता है, जिससे बुजुर्ग, सेना के जवान और आम नागरिक प्रभावित होंगे। अमेरिकी एफडीए घरेलू फैक्ट्रियों की तुलना में विदेशों में कड़े निरीक्षण नहीं कर पाता और कई बार नियमों के उल्लंघन को छूट भी दे देता है। सीनेटर रिक स्कॉट और सीनेटर किर्स्टन गिलिब्रैंड ने डग सप्लाई चेन की कमजोरियों को उजागर करने के लिए जांच और सुनवाई शुरू की हैं। उनका उद्देश्य अमेरिकी परिवारों को यह जानने का अधिकार देना है कि उनकी दवाओं में कौन-कौन से इंग्रीडिएंट्स इस्तेमाल हो रहे हैं।

# आज का राशिफल



**मेष**- आज आपके मन में काम को लेकर नए-नए विचार आएंगे और आप उन पर आगे बढ़ेंगे, जिससे आपके ऊपर बोझ भी अधिक रहेगा, लेकिन फिर भी आप मेहनत करते रहेंगे। जो लोग नौकरी में बदलाव कर रहे हैं, उनके लिए भी आज दिन अच्छा रहने वाला है। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए आज दिन अच्छा रहेगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपको अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करना बेहतर रहेगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को एक नई पहचान मिलेगी। आप अपने कामों से बॉस को हैरान करेंगे और आपकी नेतृत्व क्षमता भी बढ़ेगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। आपको कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। बैंकिंग क्षेत्रो में कार्यरत लोगों को किसी अच्छी स्कीम का पता चल सकता है।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। सामाजिक कामों में भी आपको कुछ बड़े नेताओं से मिलने का मौका मिलेगा। आपको कार्यक्षेत्र में अपने आसपास रह रहे विरोधियों से सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि वह आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपने घर के कामों को यदि पेंडिंग छोड़ रहे थे, तो बाद में उनको लेकर आपको समस्या हो सकती हैं।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आपकी सोच समझ से सभी काम पूरे होंगे। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। बिजनेस में आप अपनी अच्छी सोच का लाभ उठाएंगे। आपको किसी नए काम की शुरुआत करना बेहतर रहेगा, जो विद्यार्थी किसी कंपटीशन की तैयारी कर रहे हैं, तो उन्हे अपनी मेहनत जारी रखनी होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है। आपकी योजनाएं आपको बेहतर लाभ देंगी, जिससे आपका आत्मविश्वास पर मजबूत होगा। आपको अपनी दिनचर्या को बेहतर करने की आवश्यकता है और आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा और आप काफी व्यस्त रहेंगे। आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए निवेश संबंधी मामलों में अच्छा रहने वाला है। आप काम को लेकर किसी यात्रा पर भी जा सकते हैं। आपको यदि कोई शारीरिक समस्या महसूस हो, तो आप उसे छोटा न समझें। भाई व बहनों से आपकी खुब पटेगी और किसी दूर रह रहे परिजन से आपको लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकालेंगे।

**तुला**- आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। कारोबार में आपको किसी काम को लेकर पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। आपकी कुछ नए लोगों से आपकी मुलाकात होगी। आपको किसी दूर रह रहे परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। आपने यदि किसी से कोई वादा किया था, तो आपको उसे समय रहते पूरा करना होगा। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। सेहत के मामले में भी आज दिन बढिया रहने वाला है।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आपके बॉस से आपकी खूब पटेगी। बिजनेस में आपकी मेहनत रंग लाएगी। जीवनसाथी को आप किसी काम को लेकर सलाह दे सकते हैं। आप अपने मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे। जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर**- आज आपको कोई निर्णय थोड़ा सोच समझ कर लेने की आवश्यकता है। जल्दबाजी के कारण आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। आप अपने बिजनेस के कामों में भी कोई बदलाव करेंगे, जो आपके लिए नुकसानदायक रहेंगे। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आप काम को लेकर यदि किसी से कोई मदद मांगेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगी।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप भावनाओं में बहकर कोई काम ना करें। किस्मत तो आपका पूरा साथ देगी, लेकिन आप आलस्य के कारण कामों को कल पर टालेंगे, जो लोग सिंगल हैं, उनकी अपने साथी से मुलाकात होगी और आप अपने रहन सहन के स्तर में भी सुधार लाने की कोशिश करेंगे।

**मीन**- आज का दिन सेहत के मामले में बढ़िया रहने वाला है। यदि आपको कोई समस्या चली आ रही थी, तो उससे भी आपको छुटकारा मिलेगा। आपका कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है। आज आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत हो सकती है।

## शब्दजाल - 8114

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | ए | का | धि | का | र | प | गो |
| न | का | क | म | इं | डो | ने | ग | ति | मा | ला |
| अ | दा | र | ला | मा | ग | अं | द | ह | प | का |
| जी | ग | ल | का | जा | न | स | ध | ह | लि | र |
| त | अ | अ | र | न | न | मे | ह | का | न | दे |
| अ | ना | का | र | व | प | का | त | ह | र | बां |
| ग | मा | ल | मा | व | अ | ला | र | मा | न | ग |
| र | न | भा | र | न | प | स | रा | ल | वि | ला |
| क | न | बा | अ | लं | का | र | ह | न | जू | दे |
| र | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | का | प | श |
| बां | र | ल | प | रु | स | स | त्ता | प | र | र |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'कार' लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*


प्रकार, गोलाकार, अनाकार, जानकार, एकाधिकार, नकार, अंधकार, अलंकार, असहकार, कमलाकार

### शब्दजाल - 8113 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मु | न | सी | ब | आ | ज | ग | ल | व | रा |
| वि | ली | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | ड़ | चु |
| मे | ष | बा | दी | छ | मि | आ | ब | वृ | क | इं |
| नौ | ब | न | बा | वा | स | थु | ल | ष | क | डि |
| आ | मी | ल | म | चा | न | क्रो | न | भ | च | या |
| ल | न | र | रा | क | ली | ती | ण | घ | र | द |
| सिं | निं | ग | ट्रे | न | र | स | बा | व | स | क |
| ह | ऊ | ई | द | ब | क | फ | चो | श | क | रा |
| म | तु | ला | रा | म | स | या | औ | र | आ | क |
| गॉ | ल | प | लि | जी | कुं | भ | म | प | द | क |
| ड | क | र्क | या | क | र्त | व्य | ब | त | म | श |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7058



**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, नाना पाटेकर, तब्बू की 'हम हैं बनारस के भैया' गीत वाली फिल्म-४
२. शाहरूख, विवेक, जूही की फिल्म-४
३. धर्मेन्द्र, माला सिन्हा की 'गैरों पे करम अपनों पे सितम' गीत वाली फिल्म-२
४. 'कभी तो मिलेगी कहीं' गीत वाली अशोक, प्रदीप, मीना की फिल्म-३
५. फिल्म 'परिवार' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
६. शाहबाद, किरण, तब्बू, रीता की फिल्म-५
७. सनी, सुष्मिता सेन की 'कोई देख रहा छुप छुप के' गीत वाली फिल्म-२
९. 'तेरे चेहरे में वो' गीत वाली फिरोज खान, हेमा मालिनी, रेखा की फिल्म-३
११. जॉय, सायरा की 'दिल की महफिल सजी है' गीत वाली फिल्म-२,२,३
१२. 'इक तुम पास ना आना' गीत वाली अमिताभ, लक्ष्मी छाया की फिल्म-२,१,३
१३. अक्षयकुमार, माधुरी दीक्षित की 'दुनिया से दूर जा रहा हूँ' गीत वाली फिल्म-३
१६. राजकुमार, शत्रुघ्नसिन्हा, हेमा मालिनी, मिथुन चक्रवर्ती की फिल्म-३
१७. आमिर खान, फैजलखान, ट्विंकल की 'कमरिया लचके रे' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली देव आनंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२२. 'आज सजन मोहे अंग लगालो' गीत वाली फिल्म-२
२३. नसीरूद्दीनशाह, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली विस्वजीत, वहीदा की फिल्म-३
३. संजीवकुमार, सुचित्रासेन की 'तेरे बिना जिंदगी से कोई' गीत वाली फिल्म-२
४. 'मैं ने तेरे लिए ही' गीत वाली अमिताभ, राजेश खन्ना, शर्मिला की फिल्म-३
७. गोविंदा, आदित्य, नीलम, मंदाकिनी की अजय कश्यप निर्देशित फिल्म-४
८. 'कितना मजा आ रहा है' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-२,२
९. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ना जइयो परदेस' गीत वाली दिलीपकुमार, अनिलकपूर, जैकी श्रॉफ, श्रीदेवी, पुनम ढिल्लों की फिल्म-२
११. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की 'हर तरफ हर जगह' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'ऐ मेरे मेहरबां ऐ मेरे हमनशी' गीत वाली मनोजकुमार, साधना की फिल्म-३
१५. जीतेंद्र, रेखा की 'गोकुल की गलियों का' गीत वाली फिल्म-२,२,१
१७. 'जाओ जाओ हम से क्या' गीत वाली जैकी श्रॉफ, अमृता सिंह की फिल्म-२,३
१९. अरविंद, प्रभुदेवा, काजोल की 'चंदा रे चंदा रे कभी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'सिलसिला शुरू हुआ यहाँ से' गीत वाली फिल्म-३
२१. राजकपूर, नर्गिस की 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली फिल्म-२
२३. शशि, संजीवकुमार, वहीदा, पूनम की फिल्म-३
२४. राहुलराय, शीबा की 'तेरी दोस्ती में मिला है' गीत वाली फिल्म-२,१,२
२५. 'देखो मेरा दिल मचल' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 7057

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | वा | ह | | इ | श्क | वि | श्क | | टा |
| द्या | | मे | | श्क | | धा | | फ | र्ज |
| बा | द | शा | ह | | शै | ता | न | | न |
| ल | | | सी | मा | | | का | ल | |
| न | ज | रा | ना | | श | बा | ब | | सं |
| | मी | ना | | ना | रा | ज | | दा | ता |
| आ | न | | का | | बी | | ना | दा | न |
| शि | | जो | शी | ले | | फि | जा | | |
| क | शि | श | | कि | ला | | य | हू | दी |
| | वा | | डॉ | न | | आ | ज | | पा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**19 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | धनु | 06.22 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | मकर | 08.31 बजे से |
| मंगल | धनु में | कुंभ | 10.17 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मीन | 11.50 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | मेष | 13.21 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 15.01 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 16.59 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 19.12 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 21.29 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 23.40 बजे से |
| 10.30 से | | तुला | 01.51 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | वृश्चिक | 04.06 ब.से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 353 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या अहोरात्र। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 22.51 बजे को समाप्त। **योग** शूल 15.47 बजे को समाप्त। **करण** चतुष्पद 05.00 बजे प्रातः को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 25' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872563 **जूलियन दिन** 2461028.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 27 **विशेष** पौष अमावस्या, हनुमत जयन्ती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से | 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः सच्ची मित्रता

यह उन दिनों की बात है, जब श्री चैतन्य महाप्रभु नवद्वीप में निमाई के नाम से जाने जाते थे। उनकी उम्र उस समय केवल सोलह साल थी, लेकिन उनकी विद्वता और भक्ति की चारों तरफ चर्चा होती थी। निमाई ने व्याकरण की शिक्षा समाप्त कर न्यायशास्त्र का गहन अध्ययन किया और उस पर एक ग्रंथ लिखना शुरू किया। उनके सहपाठी पं. श्री रघुनाथजी भी उन दिनों न्याय पर अपना 'दीधिति' नामक ग्रंथ लिख रहे थे, जो बाद में बेहद प्रसिद्ध हुआ और यह इस विषय का महत्वपूर्ण ग्रंथ माना जाता है। जब पं. रघुनाथ को पता चला कि निमाई भी न्याय पर ही कोई ग्रंथ लिख रहे हैं तो उन्होंने निमाई से उस ग्रंथ को देखने की इच्छा प्रकट की। दूसरे दिन निमाई अपना ग्रंथ साथ ले आए और पाठशाला के मार्ग में जब दोनों मित्र नौका पर बैठे तो निमाई अपने ग्रंथ के कुछ पाठ सुनाने लगे। ग्रंथ अद्भुत था। उसे सुनकर पं. रघुनाथ की आंखों से आंसू गिरने लगे। पढ़ते-पढ़ते निमाई ने बीच में सिर उठाया और रघुनाथ को रोते देखा तो आश्चर्य से पूछा, 'भैया तुम रो क्यों रहे हो?' रघुनाथ ने कहा, 'मैं तो इस आशा से एक ग्रंथ लिख रहा था कि वह न्यायशास्त्र का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ माना जाएगा, किंतु मेरी आशा नष्ट हो गई। तुम्हारे इस उत्कृष्ट ग्रंथ के सामने मेरे ग्रंथ को कोई नहीं पूछेगा। मेरी मेहनत बेकार चली गई।' इस पर निमाई हंसते हुए बोले, 'बस इतनी सी बात। यह ग्रंथ बहुत बुरा है, जिसने मेरे मित्र को इतना कष्ट दिया।' रघुनाथ कुछ समझते इससे पहले ही निमाई ने अपना ग्रंथ उठाकर गंगा में बहा दिया। रघुनाथ उनकी इस महानता पर उनके चरणों में गिरने को हुए, किंतु निमाई ने उन्हें गले से लगा लिया। बाद में जिसने भी सुना उसने उनकी मित्रता की प्रशंसा करते हुए कहा, 'जहां दूसरे की इच्छा पूर्ण करने में अपनी खुशी ढूंढ ली जाए, वही सच्ची मित्रता होती है।'

## सूडोकु नवताल- 7367

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7366 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## शब्द पहेली - 8582



**बाएँ से दाएँ**

1.वटवृक्ष, बट-4
4.मितव्यय,बचत-4
6. ......-सनाप, बेतुकी बकवास-3
8.भाड़ा-3
9.मृत्यु होना-3
11.खुशी, सहमत-2
13.अक्लमंद, समझ वाला-5
15.बलिदान, उत्सर्ग-2
16.जबान, जीभ, जिह्वा-3
18.गिरोह, मंडली, समूह-3
19.अपनापन, प्रेम, स्नेह-3
20.फूलना-फलना-4
22.अभिलाषा, आकांक्षा, हसरत-4

**ऊपर से नीचे**

1.कलंकित, निंदित, लांछित-3
2.दुख, शोक, अफसोस-2
3.खात्मा, समाप्ति, बर्बाद-3
4.मकान आदि भाड़े पर लेने वाला-5
5.संस्कृति, सभ्यता-4
7.स्पर्श, छूना-3
10.ख्याति अर्जित करना (मु.-2,3)
12.वह आरोप जो किसी आरोप के जवाब में किया जाय-4
14.परंपरा, नियम, चाल -3
17.ख्याति, जाना-पहचाना-3
18.माला आदि फैरना-3
21.जेबकतरा, ठग, डाकू-2

### शब्द पहेली -8581 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | म | णी | य | | ब | र | स | |
| बा | म | | की | | ह | | म | त |
| य | | अ | न | ब | न | | | म |
| त | म | स | | री | | स | र | स |
| | | बा | ज | | पा | रो | | |
| स | ली | ब | | मी | | व | ज | ह |
| ली | | | म | न | ह | र | | रा |
| का | म | | न | | र | | श | र |
| | द | म | न | | म | हा | व | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# स्कूल की बाउंड्रीवॉल बनाने खोदे गये गड्ढों से टूटी नल-जल योजना की मेन पाइप लाइन

## एसडीएम ने सरपंच से बात कर करवाया समस्या का त्वरित निराकरण





**पद्मेश न्यूज। किरनापुर।**

तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत किरनापुर में पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरनापुर मे बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य करवाए जाने स्कूल प्रबंधन द्वारा सीमांकन करवाकर कॉलम गड्ढों की खुदाई करवाई गई हैं। इन कॉलम गड्ढों की खुदाई करवाए जाने के दौरान आसपास निवास करने वाले लोगों ने एक से दो फीट जगह छोड़कर गड्ढों की खुदाई करवाए जाने स्कूल के शिक्षकों द्वारा अनेक बार निवेदन किया गया। किंतु शिक्षकों ने अपनी हठधर्मिता का परिचय देते हुए वार्डवासियों की एक बात भी नहीं मानी और अपनी मनमर्जी चलाते हुए प्रशासन का रौब झाड़कर कॉलम गड्ढों की खुदाई करवाई। और जेसीबी मशीन की सहायता से किए गए गड्ढों से नल जल योजना की मेन पाइप लाईन टूट जाने के कारण पूरे वार्ड में एक भी व्यक्ति के घर नल से जल नहीं पहुंच पाया। इस संबंध मे जब वार्ड की कुछ महिलाएं विद्यालय के पीटीआई विजय बोपचे से बात किए कि आप ने खड़े रहकर कॉलम गड्ढे खुदवाएं हो, तो पीटीआई ने महिलाओं से अभद्रता करते हुए दो टूक शब्दों मे कह दिया तुमसे जो बनती हैं कर लो। इस तरह पीटीआई शिक्षक का रौब और पारा सातवें आसमान पर दिखलाई दे रहा था। जिससे नाराज वार्ड की महिलाओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) किरनापुर के नाम से आवेदन तैयार कर उक्त पीटीआई की करतूत सहित पेयजल की समस्या से अवगत कराते हुए शीघ्र पानी की समस्या का निराकरण करने की मांग का आवेदन सौंपा है। जिस पर एसडीएम किरनापुर मायाराम कौल द्वारा ग्राम पंचायत किरनापुर के सरपंच प्रतिनिधि जे पी रामटेके से मोबाइल पर बात कर टूटी हुई पाइप लाइन को सुधारने के निर्देश दिए। वही निर्देशों के परिपालन मे सरपंच प्रतिनिधि जे पी रामटेके ने शाम के समय तत्काल ही टूटी फूटी पाइप लाईन का मरमत कार्य पूर्ण करवाया।

### एक से डेढ़ घंटे तक व्यर्थ मे बह गया पानी

मेन पाइप लाईन टूट जाने की वजह से वार्ड नम्बर 14 मे लोगों के घरों मे लगे नल महज शोभा की सुपारी बनकर रह गए हैं। इन नलों से एक बूंद भी पानी नहीं मिल पाया और पूरा का पूरा पानी एक से डेढ़ घंटे तक व्यर्थ मे मैदान मे बह गया। और पूरे वार्ड के लोग स्कूल के शिक्षकों द्वारा उठाएं गए इस तरह के कदम पर उन्हें जमकर कोसते रहे।

### इनका कहना है...

शासकीय कन्या शाला की बॉउंड्री वॉल बनाए जाने के लिए कॉलम गड्ढे खुदवाएं गए हैं, हमने स्कूल के शिक्षकों से बार बार निवेदन किया कि थोड़ी जगह छोड़ दो नल जल योजना की पाइप लाईन है। लेकिन शिक्षकों ने मनमानी करते हुए जेसीबी से गड्ढे खुदवाएं और पाइप लाईन तोड़ दी। अब हमारे घरों मे लगे नलों में एक बूंद भी पानी नहीं आ रहा हैं। सभी लोगों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। दूसरे के घरों से पानी मांग कर काम चलाना पड़ रहा है। शिक्षकों के कारण पाइप लाइन टूटी है, उन्हें शीघ्र पाइप लाइन सुधरवाना चाहिए, जिससे लोगो को सुचारू एवं नियमित रूप से पानी मिल सके।

**चन्द्रशेखर जांगड़े,निवासी**
**वार्ड नंबर 14 ग्राम पंचायत किरनापुर**

हमने सरपंच को बोल दिया है, जल्दी से सुधारकार्य करवाया जाएगा।

**मायाराम कौल**
**एसडीएम किरनापुर**

# चिखलामाली में 24 से दो दिवसीय पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** परम वंदनीय माताजी भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष पर तहसील लांजी अंतर्गत ग्राम चिखलामाली में अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में दो दिवसीय पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन 24 एवं 25 दिसंबर 2025 को स्कूल चौक चिखलामाली में किया जा रहा है। यह आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि, परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य, गुरुमाता परम वंदनीय भगवती देवी शर्मा एवं देवमाता के सूक्ष्म एवं दिव्य संरक्षण में संपन्न किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार यह महायज्ञ आध्यात्मिक चेतना, सद्बुद्धि और नैतिक मूल्यों के जागरण का माध्यम बनेगा। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि वर्ष 2026 में गुरुमाता भगवती देवी शर्मा के जन्म के 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इस शताब्दी वर्ष के पूर्व उनकी प्राण ऊर्जा सृष्टि के कण-कण में समाहित हो सके तथा जन-जन में उनकी तपशक्ति का एक-एक अंश स्थापित हो सके, इसी पावन संकल्प के साथ ग्राम चिखलामाली में यह महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 24 दिसंबर 2025, बुधवार दोपहर 12ः00 बजे से जल कलश यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा, जो ग्राम भ्रमण करते हुए अपराह्न 3ः00 बजे समापन करेगी। इसके पश्चात सायंकाल 6ः30 बजे दीप महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु दीप प्रज्वलन कर विश्व कल्याण की कामना करेंगे। 25 दिसंबर गुरुवार प्रातः 10ः00 बजे से पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ होगा। इसके साथ ही विभिन्न संस्कार कार्यक्रम भी संपन्न किए जाएंगे। अपराह्न 3ः00 बजे पूर्णाहुति, आरती एवं महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। इसके पश्चात टोली विदाई का कार्यक्रम होगा। सायंकाल 5ः00 बजे से 7ः00 बजे तक पुनः महाप्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजक अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रज्ञा मंडल चिखलामाली ने सभी सनातनी धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



# खनिज विभाग ने अवैध रेत परिवहन करते दो ट्रैक्टरों को किया जप्त

पद्मेश न्यूज। लांजी। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग ने 18 दिसंबर को लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पौनी में रेत के अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए 02 ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार खनिज विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि ग्राम पौनी क्षेत्र में रेत का अवैध रूप से उत्खनन कर उसका परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर खनिज निरीक्षक सुरेश कुमार कुलस्ते के नेतृत्व में खनिज अमले परसाराम काकोटे, कन्हैयालाल पटले, ओरीलाल एवं धन्नू डोहरे द्वारा मौके पर छापामार कार्यवाही की गई। जांच के दौरान रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर दो ट्रैक्टर पकड़े गए। जब्त किए गए वाहनों में ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-50-जेड डी -7285, वाहन चालक प्रमोद ठाकरे, पिता हरिनाथ ठाकरे, उम्र 21 वर्ष, निवासी कोसमदेही, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-50-जेड ई -8388, वाहन चालक सुरेश नेवारे, पिता सदाराम नेवारे, उम्र 34 वर्ष, निवासी पौनी, थाना लांजी शामिल हैं। दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लांजी की अभिरक्षा में सुरक्षित रूप से खड़ा कराया गया है। इस संबंध में उपसंचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि जब्त वाहनों के मालिकों एवं चालकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। प्रकरण को आवश्यक कार्यवाही हेतु कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन से न केवल शासकीय राजस्व को नुकसान होता है, बल्कि पर्यावरण संतुलन भी प्रभावित होता है। इसे देखते हुए जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार की कठोर एवं सतत कार्यवाही जारी रखी जाएगी। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध खनन की गतिविधियां नजर आएं तो तत्काल प्रशासन को सूचना दें, ताकि समय पर प्रभावी कार्यवाही की जा सके।



# खिलाड़ी नीलामी में उत्साह की लहर, मनीष अतकरें बने सबसे महंगे खिलाड़ी

## आईपीएल के तर्ज पर विधानसभा क्रिकेट लीग ( वीसीएल ) लांजी 2026








**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी क्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। विधानसभा क्रिकेट लीग (वीसीएल) लांजी के आगामी सीजन 2026 के लिए खिलाड़ी ऑक्शन सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। इस ऑक्शन में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया और स्थानीय एवं बाहर के खिलाड़ियों पर जमकर बोली लगाई गई। लीग का यह सीजन जनवरी 2026 में शुरू होगा, जो क्षेत्रीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का दावा कर रहा है।

### मनीष अतकरें बने वीसीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी

ऑक्शन की सबसे बड़ी सुर्खी रही मनीष अतकरें की रिकॉर्ड बोली। सेंचुरी हिटर्स लांजी ने मनीष अतकरें को 14440 प्वाइंट्स की सबसे ऊंची बोली लगाकर अपनी टीम में शामिल किया। मनीष पिछले सीजन में विजेता टीम बालाजी सुपर किंग्स के कप्तान रह चुके हैं और उनकी आक्रामक बल्लेबाजी तथा नेतृत्व क्षमता के कारण उन पर सभी टीमों की नजरें टिकी थीं। मनीष की इस बोली ने लीग में नया रिकॉर्ड कायम किया और वे विधानसभा क्रिकेट लीग लांजी के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। क्रिकेट प्रेमियों का मानना है कि मनीष की मौजूदगी से सेंचुरी हिटर्स लांजी की टीम खिताब की प्रबल दावेदार बनेगी।

### 10 टीमों का जोरदार शिरकत

इस बार विधानसभा क्रिकेट लीग लांजी में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया है, जो लीग की लोकप्रियता को दर्शाता है। भाग लेने वाली टीमों में भरवेली टॉपर भरवेली, साईं आराध्या लांजी, एमपी स्ट्राइकर वारा, सेंचुरी हिटर्स लांजी, श्रुति स्पोर्ट्स लांजी, एस एस ब्रदर मनेरी, सरदार पटेल यूनिवर्सिटी बालाघाट, केदार 11लांजी, जेगुआर, महाकाल राइडर्स लांजी शामिल हैं। ये सभी टीमें जनवरी 2026 में मैदान पर उतरेंगी और रोमांचक मुकाबले पेश करेंगी।

### लीग का खास फॉर्मेटः लोकल टैलेंट को मिलेगा मौका

विधानसभा क्रिकेट लीग लांजी 2026 की सबसे खास बात इसका अनोखा फॉर्मेट है। हर टीम में 7 खिलाड़ी लांजी क्षेत्र के स्थानीय होंगे, जबकि शेष 4 खिलाड़ी बाहर के आइकन प्लेयर्स के रूप में शामिल किए जाएंगे। इस नियम से स्थानीय प्रतिभाओं को बड़ा प्लेटफॉर्म मिलेगा और साथ ही बाहर के अनुभवी खिलाड़ियों के शामिल होने से मैचों का स्तर ऊंचा होगा। आयोजकों का कहना है कि यह फॉर्मेट लीग को और भी रोचक और प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

### उद्घाटन समारोह 9 जनवरी को

लीग का भव्य उद्घाटन समारोह 9 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद टूर्नामेंट के मैच शुरू होंगे। पिछले सीजनों की तरह इस बार भी लोकल चैनलों पर मैचों का लाइव प्रसारण होने की उम्मीद है, जिससे क्रिकेट फैंस घर बैठे रोमांच का मजा ले सकेंगे।

# माँ गायत्री शक्तिपीठ लांजी का 44 वॉ स्थापना दिवस पर हुये विविध कार्यक्रम





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर के मां गायत्री शक्तिपीठ में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के 44 वर्ष पूर्ण होने पर ब्लाक गायत्री परिवार ट्रस्ट शक्तिपीठ लांजी द्वारा 18 दिसम्बर को विविध कार्यक्रमों के साथ स्थापना दिवोत्सव मनाया गया। मां गायत्री शक्तिपीठ लांजी में 44 वर्ष पूर्व 18 दिसम्बर 1981 को आचार्य पं.श्रीराम शर्माजी के करकमलो द्वारा माँ गायत्री की प्रतिमाओं की स्थापना व प्राणप्रतिष्ठा की गई थी। इसी के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 18 दिसम्बर को वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। इस अवसर पर गायत्री परिवार से जुड़े भक्तजनों ने अपने गुरूदेव का पुण्य स्मरण कर उनके बताये हुए मार्गो पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रातः जप, ध्यान, योग से हुआ। प्रातः 10 बजे से 3 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ यशवंतराव बनोठे एवं डॉ छबीलाल मरठे, डॉ प्रहलाद बाहे, कवनलाल लिल्हारे द्वारा सम्पन्न कराया गया, जिसमें उपस्थित लोगो ने सामूहिक रूप से भाग लेकर आहूतियां डाली। अंत में आरती पूजन कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर देवेश चन्द्रकांत पाठक लांजी, मोहित तेजकांत पाठक लांजी व नारायण निकेश मिश्रा लांजी का जनेऊ संस्कार, श्रीमती साधना डिलेश नगपुरे कनेरी व कु. भूमि डिलेश नगपुरे कनेरी का दीक्षा संस्कार एवं निकिता अजय कचलाहे बिसोनी का पुंसवन संस्कार सम्पन्न कराया गया। इस अवसर गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टीगण व कार्यकर्ता के एल मेरहबान, सूरजलाल बिलावर, पी एल जैतवार, शिवकुमार अग्रवाल, श्रीमती शोभा वर्मा, लिलेश्वर खानोरकर, श्यामलाल पाण्डे, ताराचन्द भण्डारकर, रेवाराम कबीरे, अनंतराम सोनवाने, मेघराज ऐड़े, गन्नूलाल नगपुरे, हेनालाल नगपुरे, राजहंश टेंभरे, ताराचंद राउत, देवीलाल ऐड़े, लोकराम भोंडेकर, सालिकराम रामटेककर, धर्मेन्द्र सिंह बैंस, नरेन्द्र बनोठे, बुधराम सोनवाने, रामप्रसाद सोनवाने, रामदयाल बड़घैया, खुशीराम सोमनाथ, रोहित गिरेपुंजे, जी डी तरोने, राधेश्याम खोबरागड़े, परिव्राजक विनोद तिड़के, लीला मोरघड़े, कान्ता तिड़के, पार्वती मतारे, सुमन पाण्डे, सुशीला सोनवाने, सुशीला रामटेककर, मालतीलता जैतवार, कौतिका शेंडे, विनिता सोमनकर, मीना कुंघाड़कर, प्रमिला बाई चौहान, नम्रता कबीरे, निर्मला सोनवाने, प्रमिला तिड़के आदि प्रमुख कार्यकर्ता के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

# ठंड से बचने स्कूली बच्चों को स्वेटर का किया निःशुल्क वितरण



**पद्मेश न्यूज।किरनापुर।** वर्तमान समय में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए ग्राम किरनापुर निवासी नन्दकिशोर शर्मा, अरूण शर्मा, पियूष शर्मा एवं उनके परिवार द्वारा ईपीईएस माध्यमिक शाला बेसिक स्कूल किरनापुर मे अध्ययनरत गरीब परिवार के बच्चों को ठंड से राहत मिलने के उद्देश्य से स्वेटर का वितरण किया गया। शर्मा परिवार द्वारा किए गए इस तरह के सेवाभावी कार्य के लिए उनकी सर्वत्र प्रशंसा एवं सराहना की जा रही हैं। तथा विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओ ने शर्मा परिवार का आभार व्यक्त किया है।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# 8 पॉइंट के दृष्टिपत्र से एग्जीक्यूट करेंगे विजन मोदी: CM



विधानसभा के विशेष सत्र के मौके पर बुधवार शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार व पक्ष-विपक्ष के विधायक मौजूद रहे।

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन के अनुसार मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में क्रियान्वयन किया जाएगा। मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री मोदी के विजन को क्रियान्वित करने के लिए 8 प्रमुख विषयों पर तैयार किए गए दृष्टि-पत्र पर कार्य करेगा।

विधानसभा में आयोजित एक दिवसीय विशेष सत्र में विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध मध्यप्रदेश बनाने का संकल्प मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विधानसभा में रखा। बारह घंटे बीस मिनट चले इस सत्र में बीस से अधिक सदस्यों ने विकसित मध्यप्रदेश को लेकर चर्चा की। सत्र के अंत में मुख्यमंत्री ने इस संकल्प पर अपने विचार खते हुए कहा कि सुखद और सम्पन्न मध्यप्रदेश की कल्पना को बिना भेदभाव के खुले दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हुए साकार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पक्ष और विपक्ष के साथ नागरिकों के सुझावों और सहयोग के आधार पर प्रदेश के समग्र विकास के लिए कार्य होगा।

प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को पूरा करने मध्यप्रदेश में जिस दृष्टि पत्र पर काम किया जाना है उनमें 8 विषयों में 300 बिंदु निर्धारित किए गए हैं। आठ प्रमुख विषयों में सतत औद्योगिक विकास, अगली पीढ़ी की उन्नत कृषि, सेवाओं के क्षेत्र में विकास, विश्व स्तरीय शिक्षा और कौशल विकास, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य और पोषण, शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचा, सुशासन और सुगम नागरिक सेवा और नवीन वित्त पोषण और निवेश शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच वर्षों में ढाई लाख सरकारी पद भरे जाएंगे।


## 6 दिनों में चार केंद्रीय मंत्री आएंगे एमपी, मिलेंगी कई सौगातें

*प्रदेश में 20 से 25 दिसंबर तक चार केंद्रीय मंत्री आ रहे हैं। सभी प्रदेश को सौगाते देने वाले हैं। इन पांच दिनों के दौरान भोपाल को मेट्रो रेल की सौगात के साथ ही चार जिलों में मेडिकल कॉलेज और ग्वालियर में मध्य प्रदेश अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट 2025 के आयोजन में कई सौगातें मिलेगी। वहीं खजुराहो लोकसभा में खेल महोत्सव में भी एक केंद्रीय मंत्री आने वाले हैं।*

# शहरीकरण विकास का प्लान बनाने खट्टर के साथ जुटेंगे 5 राज्यों के मंत्री

भोपाल

तेजी से हो रहे शहरीकरण और उससे जुड़ी चुनौतियों के समाधान को लेकर 20 दिसंबर को भोपाल में अर्बन डिपाटमेंट की रिजनल कॉन्क्लेव का आयोजन होने जा रहा है। कॉन्क्लेव में केंद्र और राज्यों के बीच शहरी विकास से जुड़े मुद्दों पर समन्वय, नीतिगत सुधार और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा होगी। बैठक में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के शहरी विकास से जुड़े मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसमें विशेष रूप से शामिल रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, बैठक का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और उन्हें अधिक प्रभावी व समावेशी बनाने के लिए साझा रणनीति तैयार करना है। केंद्र सरकार की ओर से शहरी सुधारों, गवर्नेंस में सुधार और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जाएगा। वहीं राज्य अपने-अपने अनुभव, चुनौतियां और नवाचार साझा करेंगे। बैठक में शहरी अवसंरचना, आवास, नागरिक सुविधाओं, सतत शहरी विकास, स्मार्ट प्लानिंग और प्रशासनिक सुधारों जैसे विषयों पर मंथन होने की संभावना है।






भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुरुवार को बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने समत्व भवन में सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर बिहार के खेल महानिदेशक रविंद्र शंकरन भी मौजूद रहे।

### इन मुद्दों पर होगी चर्चा

बैठक के दौरान अलग-अलग सत्रों में चर्चाएं होंगी। इनमें अमृत योजना से जुड़े मुद्दे, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत डंप साइट्स और लेगेसी वेस्ट रिमेडिएशन, पीएम आवास योजना (शहरी) की प्रगति और समीक्षा की जाएगी। साथ ही शहरी विकास से जुड़ी प्रमुख योजनाओं की प्रगति। विशेष रूप से बसों, मेट्रो और पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित रास्तों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। केंद्रीय मंत्री का कॉन्क्लेव में शामिल पांच राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों के साथ संवाद भी होगा। इसके बाद अधिकारियों द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़े मुद्दों पर स्टेट-वाइज और मिशन-वाइज ब्रीफिंग दी जाएगी।

## अभ्युदय में शामिल होंगे शाह मेडिकल कॉलेजों का भूमिपूजन करेंगे नड्डा







भोपाल। भोपाल में मेट्रो की सौगात देने के लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर 20 दिसंबर को भोपाल आ रहे हैं। वे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मेट्रो रेल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअली जुड़ सकते हैं। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ भी शामिल हो सकते हैं। वहीं 23 दिसंबर को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा मध्य प्रदेश आने वाले हैं। वे पन्ना, बैतूल, कटनी और धार जिलों में पीपीपी मॉडल पर स्थापित होने वाले मेडिकल कॉलेजों का भूमि पूजन करेंगे। वहीं, 21 दिसंबर को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल खजुराहो लोकसभा क्षेत्र में आयोजित हो रहे खेल महोत्सव में शामिल होने के लिए इस लोकसभा क्षेत्र में आ रहे हैं। इधर मध्य प्रदेश सरकार के उद्योग विभाग द्वारा 25 दिसंबर 2025 को ग्वालियर के मेला मैदान में अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। इस समिट का मुख्य फोकस औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन पर होगा, जहां राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्तावों पर मंथन किया जाएगा।



**लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने शेयर किए फ्यूचर प्लान...**

# 3 साल में 36 हजार करोड़ से बनाएंगे 6 एक्सप्रेस-वे: सिंह

भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह का कहना है कि अगले तीन वर्षों में लोक निर्माण विभाग 36,483 करोड़ से 3,368 किमी लंबे 6 प्रमुख एक्सप्रेस-वे और विकासपथ बनाएगा। आने वाले समय में प्रदेश में बनने वाले सभी शासकीय भवन ग्रीन बिल्डिंग मानकों पर तैयार किए जाएंगे। प्रदेश में टाइगर कॉरिडोर बनाया जाएगा, रिंग रोर्ड, एलिवेटेड कॉरिडोर और टनलिंग परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी। प्रदेश में 11 हजार 310 किलोमीटर ग्रामीण सड़क निर्माण से ग्रामीण-शहरी कनेक्टिविटी सुदृढ़ की जाएगी।

राज्य सरकार की दो साल की उपलब्धियों और आगामी तीन साल की कार्ययोजना पर मीडिया से चर्चा करते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण निर्माण, समयबद्धता और अत्याधुनिक तकनीक के साथ ऐसा मध्यप्रदेश बनाएंगे जहां हर नागरिक विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी से जुड़ा हो। उन्होंने बताया कि आगामी तीन वर्षों में 79,716 करोड़ रुपए खर्च कर 1,770 किमी लंबा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे तैयार किया जाएगा। सिंह ने कहा कि एनएचएआई के जरिए 948 किमी नए राष्ट्रीय राजमार्ग 28,000 करोड़ खर्च कर बनाए जाएंगे। आने वाले समय में टाइगर कॉरिडोर, रिंग रोड, एलिवेटेड कॉरिडोर एवं टनलिंग परियोजनाएं क्रियान्वित की जाएंगी। 11,310 किमी ग्रामीण सड़क निर्माण से ग्रामीण-शहरी कनेक्टिविटी सुदृढ़ की जाएगी।

### गिनाईं 2 वर्ष की उपलब्धियां

उन्होंने दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश को आधुनिक लॉजिस्टिक एवं ट्रांसपोर्ट हब के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस पहल की गई है। वर्तमान सड़क नेटवर्क एवं क्षमता की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल लगभग 4.2 लाख किमी का सड़क नेटवर्क, जिसमें लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 77,268 किमी सड़कें बनाई गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 9,278 किमी , राज्य राजमार्ग,10,465 किमी एमडीआर 22,517 किमी अन्य जिला/ग्रामीण मार्ग लगभग 35,000 किमी सड़कें तैयार की गई है।

## समय पर बिजली बिल नहीं भरने वाले उपभोक्ताओं का 101 करोड़ माफ

भोपाल। मध्यप्रदेश में समय पर बिजली बिल जमा नहीं करने वाले लेटलतीफ उपभोक्ताओं के बिजली बिल का 101 करोड़ 2 लाख रुपए का सरचार्ज सरकार ने माफ कर दिया है। मध्यप्रदेश में उर्जा विभाग द्वारा शुरु की गई समाधान योजना में मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपभोक्ताओं को यह राहत मिली है। मध्यप्रदेश में समय पर बिजली बिल जमा नहीं करने वाले बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने तीन नवंबर से मध्यप्रदेश में समाधान योजना लागू की है। मध्यप्रदेश में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र में योजना शुरु होंने से अब तक 1 लाख 74 हजार 347 बकायादार उपभोक्ताओं ने इस योजना में अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। योजना शुरु होंने से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 191 करोड़ 55 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है जो जमा नहीं हो पा रही थी। कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कंपनी के बकायादार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रथम चरण में ही एकमुश्त भुगतान कर इस योजना में शामिल होकर सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ उठाएं।

## रतलाम की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर है विशिष्ट पहचान-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सेंव, सोना और साड़ी के लिए रतलाम की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति है। इनसे रतलाम की अपनी विशिष्ट पहचान बनी है। रतलाम स्वाभिमानी और पुरूषार्थी लोगों की नगरी है। यहां के लोग काम के आधार पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाते हैं। इसका सबसे अच्छा उदाहरण सूक्ष्म,लघु, एवं मध्यम, उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रतलाम को इंदौर मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल करने के लिए रतलाम वासियों के द्वारा संवाद भवन (मुख्यमंत्री निवास) में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह को संबोधित करते हुए एमएसएमई मंत्री काश्यप ने कहा कि बगैर मांग के रतलाम को मेट्रोपोलिटिन रीजन में शामिल किया जाना रतलाम वासियों के लिए सौगात की बात है। रतलाम के प्रभारी मंत्री डॉ. विजय शाह ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रतलाम में औद्योगिक विकास की सभी संभावनाएं पहले से ही असीमित हैं। इन संभावनाओं को साकार करने के लिए रतलाम को मेट्रोपोलिटिन क्षेत्र में शामिल किया गया है। नागदा और खाचरौद पहले ही शामिल कर लिए गए, ऐसी स्थिति में असीमित संभावनाओं से परिपूर्ण रतलाम को भी शामिल करना ही था।

## बजट सत्र से शुरु होगा ई विधान, विधायकों को प्रशिक्षण 23 दिसंबर से

भोपाल। मध्यप्रदेश में अगले साल बजट सत्र 2026 से ई विधान सिस्टम लागू किया जा सक ता है। इसके लिए मध्यप्रदेश के सभी विधायकों को इसी महीने 23 दिसंबर से प्रशिक्षण दिया जाएगा। विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के निर्देश पर आगामी बजट सत्र से नेशनल ई विधान परियोजना के क्रियान्वयन की संभावनाओं को ध्यान में रखकर 23 दिसंबर से विधायकों के लिए विधानसभा के मानसरोवर हाल में सुबह 11 से एक बजे के बीच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया है। सभी विधायकों को जानकारी भेजी गई है। सभी से इसमें शामिल होकर प्रशिक्षण लेने को कहा गया है। इस दौरान भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय के विशेषज्ञ यहां विधायकों को प्रशिक्षण देंगे। नेशनल ई विधान परियोजना भारत सरकार की एक ई गर्वनेंस पहल है। इसका लक्ष्य देशभर में सभी विधानसभाओं को पूरी तरह से पेपरलेस बनाने का लक्ष्य है। ताकि प्रश्नकाल के लिए प्रश्नोत्तर पुस्तिका, विधेयक रिपोर्ट सभी एक साझा डिजिटल प्लेटफार्म पर विधायकों के लिए उपलब्ध हो।

## नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी व सी.एंड.डी. वेस्ट फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर जारी

भोपाल। नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने के साथ ही स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन न करने व गंदगी फैलाकर निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने, सड़कों एवं सार्वजनिक एवं खुले स्थानों पर भवन निर्माण सामग्री एवं सी.एण्ड.डी वेस्ट फैलाकर वायु को प्रदूषित करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में अन्य जोन क्षेत्रों में कार्यवाही करते हुए सड़कों, व सार्वजनिक स्थलों फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 153 प्रकरणों 28 हजार 200 रूपये तथा सी.एंड.डी वेस्ट फैकने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 07 प्रकरणों में 03 हजार 150 रूपये की राशि वसूल की।

निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा शहर में विभिन्न प्रकार से साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों तथा स ?कों, सार्वजनिक स्थलों पर सी.एंड.डी वेस्ट फेकने व निर्माणाधीन भवनों में ग्रीन नेट न लगाकर वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले ने गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जोन क्र. 01 में 12 प्रकरणों में 01 हजार 350 रूपये, जोन क्र. 02 में 03 प्रकरणों में 750 रूपये, जोन क्र. 05 में 04 प्रकरणों में 02 हजार 800 रूपये, जोन क्र. 07 में 14 प्रकरणों में 01 हजार 400 रूपये, जोन क्र. 08 में 05 प्रकरणों में 500 रूपये, जोन क्र. 09 में 02 प्रकरणों में 200 रूपये, जोन क्र. 10 में 16 प्रकरणों 07 हजार 800 रूपये, जोन क्र. 11 में 07 प्रकरणों 700 रूपये, जोन क्र. 13 में 11 प्रकरणों में 01 हजार 100 रूपये, जोन क्र. 14 में 15 प्रकरणों में 01 हजार 500 रूपये, जोन क्र. 15 में 29 प्रकरणों में 02 हजार 900 रूपये, जोन क्र. 16 में 01 प्रकरण में 500 रूपये, जोन क्र. 18 में 23 प्रकरणों में 04 हजार 200 रूपये, जोन क्र. 19 में 05 प्रकरणों में 01 हजार रूपये तथा जोन क्र. 21 में 06 प्रकरणों में 01 हजार 500 रूपये की राशि वसूल की। इस प्रकार गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध 153 प्रकरणों 28 हजार 200 रुपये की राशि स्पॉट फाईन, जुर्माने के रूप में वसूल की।

## आवासीय परिसर में गैर घरेलू गतिविधियां होने पर गैर घरेलू कनेक्शन के लिए स्वैच्छिक आवेदन करें

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि ऐसे उपभोक्ता जो अपने आवासीय परिसर में रेस्ट हाउस, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट, प्रायवेट होस्टल या अन्य व्यवसायिक गतिविधियों जैसे कोचिंग क्लासेस, ब्यूटी पार्लर आदि चलाते हैं, उन्हें कंपनी ने सलाह दी है कि वे मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर अपने प्रयोजन को घरेलू से गैर घरेलू (व्यवसायिक) श्रेणी में परिवर्तित करवा लें। कंपनी ने उपभोक्ताओं से यह भी अपील की है कि उपभोक्ता ने जिस प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया है, उसी के अनुसार विद्युत का उपभोग करें। उदाहरण के लिए यदि किसी उपभोक्ता ने घरेलू (लाइट और फैन) का कनेक्शन लिया है तो वे केवल उस परिसर को निवास के रूप में उपयोग करें। कंपनी ने कहा है कि सघन चैकिंग अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि आवासीय परिसर में संचालित की जा रही है तो ऐसी गतिविधियों को गैर घरेलू प्रयोजन में माना जाएगा और संबंधित दोषी उपभोक्ता से जुर्माना वसूल किया जाएगा। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे अपने कनेक्शन की जांच करा लें और जिस प्रयोजन के लिए कनेक्शन लिया गया है उसी के अनुसार सही संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए बिजली कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल पर जाकर अपने कनेक्शन प्रयोजन के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर संबंधित टैरिफ श्रेणी में परिवर्तित करा लें।

## एडि. डीसीपी दंडोतिया की 'साइबर प्रोटेक्टर' पुस्तक का विमोचन

भोपाल। साइबर क्राइम पर प्रभावी नियंत्रण और आम नागरिकों को डिजिटल ठगी के खतरों से जागरूक करने के लिए इंदौर पुलिस लगातार नए प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नर इंदौर संतोष कुमार सिंह ने एडि. डीसीपी राजेश दंडोतिया की 'साइबर अवेयरनेस' पर आधारित पुस्तक साइबर प्रोटेक्टर का विमोचन किया। यह पुस्तक साइबर अपराधों से बचाव के लिए आम लोगों के लिए एक प्रैक्टिकल गाइड के रूप में तैयार की गई है। किसाब के विमोचन कार्यक्रम में एडिशनल पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर अमित सिंह, एडिशनल पुलिस कमिश्नर हेडक्वार्टर आरके सिंह, डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस जोन-04 आनंद कलादगी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी

**कूनो, गांधी सागर के बाद नौरादेही में भी आएंगे चीते**

# MP बनेगा चीता स्टेट, पर्यटन निगम बना रहा जंगल रिसॉर्ट


भोपाल

मध्यप्रदेश अब चीता स्टेट बनने जा रहा है। मध्यप्रदेश के श्योपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छोड़े गए चीतों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। पूरे भारत में केवल कूनो में इन चीतों को देखने के लिए जंगल सफारी शुरु की गई है। कूनो में 27 और गांधीसागर में तीन चीते इस समय में है जल्द ही नौरादेही में रानी दुर्गावती के नाम पर बनने जा रहे अभ्यारण्य में भी चीतों को बसाया जाएगा। चीतों को देखने आने वाले पर्यटकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।

श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क में साढ़े सात सौ वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में ढाई सौ से अधिक तेंदुए, भेड़िए, जंगली सुंअर, चिंकारा, हिरण, भालू और कई पक्षियों की दुर्लभ प्रजाति पहले से थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीता परियोजना के तहत यहां नामीबिया से लाए गए आठ चीते छोड़े तब से यह चीतों के लिए प्रसिद्ध हो गया है। वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एल कृष्णमूर्ति का कहना है कि कूनों के अलावा गांधीसागर में तीन चीते है। यहां साढ़े तीन सौ वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र है। नौरादेही में 24 सौ वर्गमीटर क्षेत्र में अभ्यारण्य तैयार हो रहा है। यहां भी चीते आने वाले है।

### लग्जरी टेंट सिटी में बढ़ रहे पर्यटक

कूनो पहुंचने वाले पर्यटक यहां ठहर कर जंगल सफारी का आनंद ले सके इसके लिए टूरिज्म बोर्ड ने गुजरात की कंपनी ईवोक केंपिंग के जरिए कूनो फारेस्ट रिट्रीट की सुविधा उपलब्ध कराई है। यहां बनी टेंट सिटी में पर्यटकों के रुकने के सुविधाजनक टेंट तैयार किए गए है। जिसमें जंगल सफारी के साथ लजीज भोजन, देवखो, कूनो नदी और आसपास के पर्यटन स्थल, विलेज टूर कराने, वेलनेस वर्कशॉप,की व्यवस्था की गई है।




### 23 करोड़ के रिजॉर्ट में होंगे 24 कमरे, रेस्टोरेंट, बार और पूल

कूनों में चीतो को देखने के लिए पहुंचने वाले पर्यटकों के लिए पर्यटन निगम यहां जंगल रिसोर्ट तैयार कर रहा है। पर्यटन निगम के एमडी टी इलैया राजा का कहना है कि 23 करोड़ रुपए से यहां जंगल रिसोर्ट बनाया जा रहा है। इसमें 24 कमरे, रेस्टोरेंट, बार, पूल, पाथवे, वेलनेस सेंटर बनाया जा रहा है। यहां टिकटोली गेट पर टिकिट घर, कैफटेरिया भी बनाया जाएगा। सेसईपुरा गांव में विलेज टूर कराने की प्लानिंग है। होम स्टै और कल्चरल सेंटर भी बना रहे है। बाटनीकल गार्डन सेसईपुरा में बनाएंगे। वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां भी यहां कराई जाएंगी।

## एशेज: पैट कमिंस ने 3, नाथन और बोलैंड ने 2-2 विकेट झटके

# तीसरा टेस्ट: पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया के 371 रन, इंग्लैंड ने 168 पर 8 विकेट गंवाए

एडिलेड । ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 371 रन बनाने के बाद तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड को पहली पारी में झटके देकर अपनी स्थिति मजबूत की। कमिंस की अगुआई में गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड ने खबर लिखने जाने तक 168 रन के स्कोर पर आठ विकेट गंवा दिए। स्कॉट बोलैंड ने पहले विल जैक्स को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को सातवीं सफलता दिलाई जो छह रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने फिर ब्राइडन कार्स को खाता खोले बिना आउट किया। कप्तान बेन स्टोक्स (33 रन) हालांकि दूसरे छोर पर क्रीज पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में ऑलआउट करने के बाद उतरी इंग्लैंड को जैक क्रावले और बेन डकेट ने अच्छी शुरूआत दिलाई। लेकिन कमिंस ने क्रावले को आउट कर इंग्लैंड को पहला झटका दिया। क्रावले नौ रन बनाकर आउट हुए। लियोन ने ओली पोप (3 रन) को अपना शिकार बनाया। डकेट 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। जो रूट को कमिंस ने 19 रन पर आउट किया। स्टोक्स और हैरी ब्रूक ने 56 रनों की साझेदारी की। ब्रूक 45 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस ने 3, नाथन लियोन और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट झटके।



इससे पहले विकेटकीपर एलेक्स कैरी के करियर के तीसरे शतक और उस्मान ख्वाजा की 82 रन की लाजवाब पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में अच्छा स्कोर खड़ा किया। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन आठ विकेट पर 326 रन से शुरूआत की। स्टार्क 54 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद लियोन और बोलैंड ने आखिरी विकेट के लिए 23 रन जोड़े जिससे ऑस्ट्रेलिया 370 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रहा। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर ने 5 विकेट, ब्राइडन कार्स और विल जैक्स ने 2-2 विकेट लिए।

### जोफ्रा आर्चर ने 6 साल बाद झटके 5 विकेट

जोफ्रा आर्चर ने टेस्ट करियर का चौथा 5 विकेट हॉल लिया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरी बार उन्होंने टेस्ट मैच की एक पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा किया है। आर्चर 6 साल बाद 5 विकेट हॉल लेने में कामयाब हुए हैं। अगर हम 6 साल के दिनों को जोड़ लें तो वो 1825 होते हैं। 30 साल के आर्चर ने अगस्त 2019 में अपना टेस्ट डेब्यू किया था, लेकिन पिछले 6 सालों में वह इंग्लैंड के लिए सिर्फ 18 टेस्ट मैच खेल पाए हैं क्योंकि उनका करियर लगातार चोटों से प्रभावित रहा है। इस दौरान 33 टेस्ट पारियों में उन्होंने 30.27 के औसत से 59 विकेट अपनी झोली में किए हैं।



### ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन ने तोड़ा ग्लेन मैक्ग्रा का रिकॉर्ड..

ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने महान गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा (563 विकेट) का रिकॉर्ड तोड़ दिया। नाथन लियोन अब टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ शेन वॉर्न हैं, जिन्होंने 708 विकेट टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए निकाले थे। नाथन लियोन ने जैसे ही बेन डकेट को क्लीन बोल्ड किया, वैसे ही टेस्ट क्रिकेट में उनके विकेटों की संख्या 564 हो गई। महान स्पिनर नाथन लियोन अब टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में छठे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनसे आगे इस लिस्ट में श्रीलंका के महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन, ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉर्न, इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन, भारत के अनिल कुंबले और इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड शामिल हैं। मुरलीधरन ने 800, वॉर्न ने 708, एंडरसन ने 704, कुंबले ने 619 और ब्रॉड ने 604 विकेट टेस्ट क्रिकेट में चटकाए हुए हैं।



## विजय हजारे: राहुल, प्रसिद्ध और देवदत्त कर्नाटक की टीम में शामिल

बेंगलुरु । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की हालिया नीति के तहत कर्नाटक ने लोकेश राहुल, देवदत्त पडिक्कल और प्रसिद्ध कृष्णा को विजय हजारे टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम में शामिल किया। बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेटरों को विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने का निर्देश दिया है।

बीसीसीआई ने राष्ट्रीय टीम के सभी मौजूदा खिलाड़ियों के लिए कम से कम दो विजय हजारे ट्रॉफी मैच खेलना अनिवार्य कर दिया है। कर्नाटक को ग्रुप ए में झारखंड, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, त्रिपुरा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के साथ रखा गया हैं टीम अपने लीग मैच अहमदाबाद में खेलेगी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के नॉकआउट में टीम के नहीं पहुंचने के बावजूद मयंक अग्रवाल को कप्तान बनाए रखा गया है। करुण नायर उप कप्तान हैं।




### कर्नाटक की टीम

मयंक अग्रवाल (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर, आर स्मरण, केएल श्रीजीत, अभिनव मनोहर, श्रेयस गोपाल, वैशाख विजयकुमार, एल मनवंत कुमार, श्रीशा एस अचार, अभिलाष शेट्टी, बीआर शरत, हिंषत धरमानी, ध्रुव प्रभाकर, लोकश राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा।

## बाबर आजम BBL में फिर हुए फ्लॉप स्ट्राइकर्स के खिलाफ 9 रन ही बना सके

नई दिल्ली । पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज बाबर आजम ने हाल ही में बिग बैश लीग यानी बीबीएल में डेब्यू किया था। ऑस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली इस टी20 लीग में बाबर आजम की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी। वे 5 गेंदों में महज 2 रन बनाकर आउट हो गए थे। लगातार दूसरे मैच में भी वे फ्लॉप हुए। एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ सिडनी सिक्सर्स के लिए खेलते हुए बाबर आजम 10 गेंदों में 9 रन बनाकर आउट हो गए। यह एक ऐसा पल था जिसने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर घरेलू दर्शकों के कुछ हिस्सों से जोरदार हूटिंग शुरू करवा दी। सिडनी सिक्सर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 159 रन बनाए। जबाव में एडिलेड स्ट्राइकर्स ने 7 विकेट पर 160 रन बनाकर 3 विकेट से मैच जीत लिया।



### आईसीसी ने माना स्निकोमीटर की गलती का लाभ कैरी को मिला

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच यहां एशेज सीरीज के तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले ही दिन डीआरएस को लेकर विवाद हो गया। पहले दिन शतक लगाने वाले बल्लेबाज एलेक्स कैरी के 72 रन के स्कोर पर आउट होने की अपील की गयी थी पर उन्हें नॉट आउट दिया गया। ये सब स्निकोमीटर की गलती के लिए हुआ है जिसे आईसीसी ने भी स्वीकार किया है। ऐसे में संदेह का लाभ बल्लेबाज को मिला है।

कैरी जब 72 रनों पर थे तो विकेट के पीछे जेमी स्मिथ ने उनका कैच लिया पर मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया। ऐसे में टंग ने डीआरएस के लिए कहा। इंग्लैंड की टीम ने डीआरएस लिया तो वीडियो रिप्ले में गेंद बल्ले के बिल्कुल पास से गुजरी पर स्निको मीटर की गलती से लाइन गेंद के बल्ले के पास से निकलने के पहले दिखने लगी। . टीवी अंपायर ने कई एंगल से देखा पर स्निनोक मीटर की लाइन गेंद और बल्ले के नजदीक आने से पहले दिख रही थी। इसी कारण संदेह का लाभ कैरी को मिला और उन्हें नॉटआउट दिया गया। इसके बाद कैरी ने शतक लगाया

आईसीसी ने माना कि डीआरएस में स्निको मीटर की गलती थी। इसके बाद स्निको मीटर को ऑपरेट करने वाली कंपनी ने भी गलती के लिए खेद जताया है। उसने माना है कि तकनीकी खामी के कारण ऐसा हुआ. इस पूरी घटना पर इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने भी सोशल मीडिया पर एक कटाक्ष किया है। वहीं कैरी ने भी माना कि कुछ तो उनके बल्ले से लगा है हालांकि वह पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकते।

## बीसीसीआई अब उत्तर भारत में पड़ने वाले मैच स्थलों में बदलाव करेगा-राजीव शुक्ला

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने घने कोहरे के कारण भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चौथा टी20 रद्द होने से सबक लेते हुए अब आगे के मैचों को लेकर एक महत्वपूर्व फैसला किया है। बोर्ड उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के अनुसार अब 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच होने वाले मुकाबलों को कहीं और आयोजित किया जा सकता है जिससे दर्शकों और खिलाड़ियों को कोई परेशान न हो। इसके साथ ही सर्दियों के दौरान उत्तर भारत में होने वाले मैचों को कहीं और आयोजित करने पर विचार होगा।



बीसीसीआई को ये बदलाव इसलिए करना पड़ रहा है क्योंकिक भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला कोहरे के कारण रद्द करना पड़ा था। मैच के दिन स्टेडियम में शाम होते-होते दृश्यता इतनी कम हो गई कि अंपायरों को कई बार मैदान का निरीक्षण करना पड़ा। हालात न सुधरने पर आखिरकार मैच को बिना टॉस के ही रद्द कर दिया गया। इस फैसले से हजारों दर्शकों को निराश होकर वापसी लौटना पड़ा।

मैच रद्द होने के बाद बोर्ड उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि उत्तर भारत में 15 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच होने वाले मैचों के कार्यक्रम को फिर से निर्धारित करने पर विचार किया जाएगा। शुक्ला के मुताबिक, कोहरा अब सिर्फ अंतरराष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि घरेलू क्रिकेट को भी प्रभावित कर रहा है, और ऐसे में मैचों को दक्षिण भारत या वेस्ट इंडिया में आयोजित किया जा सकता है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच एकदिवसीय सीरीज 11 जनवरी से शुरू होगी जिसके मुकाबले वडोदरा, राजकोट और इंदौर में होने हैं और इसमें भी खराब मौसम से बाधा आ सकती है। वहीं घरेलू क्रिकेट में विजय हजारे ट्रॉफी 24 दिसंबर से 18 जनवरी तक खेली जाएगी, जिसमें जयपुर में भी मैच रखे गये हैं। ऐसे में कोहरे को देखते हुए इन मैचों का आयोजन भी प्रभावित होगा।

## भारतीय टीम पांचवें टी20 को जीतकर सीरीज समाप्त करने उतरेगी

अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करने के इरादे से उतरेगी। पांच मैचों की इस टी20 सीरीज का चौथा मैच कोहरे और धुंध के कारण रद्द कर दिया गया था। भारतीय टीम इस सीरीज में 2-1 से आगे है। ऐसे में मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका का लक्ष्य किसी भी प्रकार ये मैच जीतकर सीरीज 2-2 से बराबरी पर लाना रहेगा। वहीं भारतीय टीम के लिए राहत की बात ये है कि अब उसे सीरीज है हारने का खतरा नहीं है। वह अंतिम मैच हारती भी है तो भी सीरीज बराबरी पर ही रहेगी। अब इस अंतिम मैच में सभी की नजरें कप्तान सूर्यकुमार यादव पर रहेंगी। वह पिछले काफी समय से रन नहीं बना पार रहे। ऐसे में ये इस मैच में अच्छा स्कोर बनाना चाहेंगे। टीम प्रबंधन भी उनके फार्म को लेकर चिन्तित है। सूर्यकुमार ने पिछले 20 मैचों की 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं लगाया है। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए थे। वहीं उपकप्तान शुभमन गिल का इस मैच में खेलना संदिग्ध है कयोंकि वह पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे। ऐसे में उनकी जगह इस मैच में पारी की शुरुआत के लिए संजू सैमसन को अवसर दिया जा सकता है। सैमसन सलामी बल्लेबाज के तौर पर बेहद सफल रहे हैं। शुभमन के आने के बाद उन्हें मध्यक्रम में उतारा जा रहा था पर वह वहां सफल नहीं रहे हैं। ऐसे में इस मैच में वह पारी की शुरुआत करते हुए बड़ा स्कोर बनाना चाहेंगे। भारतीय टीम का पलड़ा इस मैच में भारी है। उसके पास अच्छे बल्लेबाज व गेंदबाज हैं। टीम के पास हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे जैसे ऑलराउंडर होने के साथ ही तिलक वर्मा जैसा बल्लेबाज है। तेज गेंदबाजी की बात करें तो बांए हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह अच्छे फार्म में हर्षित राणा ने भी अब तक अच्छी गेंदबाजी की है। जसप्रीत बुमराह की भी इस मैच में वापसी होगी। स्पिनर के तौर पर टीम के पास वरुण चक्रवर्ती जैसा गेंदबाज है। यहां की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही है। ऐसे में बड़ा स्कोर बनना तय है। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीकी टीम की बात करें तो उसके प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। ऐसे में उसे सीरीज में बराबरी करने बेहतर प्रदर्शन करना होगा। उसकी बल्लेबाजी कप्तान एडेन मार्क्रम के अलावा डेवाल्ड ब्रेविस, क्विंटन डी कॉक , डेविड मिलर पर आधारति रहेगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम इस मैच में रीजा हेंड्रिक्स की जगह मार्क्रम को शीर्ष क्रम में उतार सकती है। हेंड्रिक्स इस दौरे पर रन नहीं बना पाये हैं। उसके युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। वहीं गेंदबाजी की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका को इस मैच में मार्को यानसन की सेवाएं नहीं मिल पायेंगी। ऐसे में लुंगी एनगिडी और ओटनेल बार्टमैन पर गेंदबाजी की जिम्मेदारी रहेगी। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत दर्ज करने हर क्षेत्र में शीर्ष स्तर का प्रदर्शन करना होगा।




## लखनऊ सुपरजायंट्स के जोश इंग्लिस को खरीदने के फैसले पर उठे सवाल

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर प्रीमियर लीग 2026 सत्र के लिए हुई नीलामी में कई टीमों ने सूझबूझ से फैसले करते हुए कई स्टार खिलाड़ियों को काफी कम रकम में जोड़ लिया। वहीं कुछ टीम ने जिसप्रकार से खिलाड़ियों को खरीदा है। उससे उनके फैसलों पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसा ही कुछ लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम ने किया है। टीम ने जिस प्रकार चार मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस को 8.60 करोड़ रुपए में खरीदा हैं। उससे सही नहीं माना जा रहा। लखनऊ की टीम नीलामी में 22.95 करोड़ के पर्स के साथ उतरी थी। टीम को 6 स्थानों के लिए खिलाड़ियों की जरुरत थी। इसी में टीम गलती कर बैठी। शुरुआत में लखनऊ ने कम पैसों में कुछ अच्छे प्लेयर खरीदे पर बाद में जिस प्रकार टीम ने इंग्लिस को 8.60 करोड़ रुपए में खरीदा उसे सही नहीं माना जा रहा है। ये इसलिए क्योंकि इंग्लिस केवल 4 मैचों के लिए ही खेलेंगे। इंग्लिस ने नीलामी से पहले ही ये घोषणा कर दी थी कि वह पूरे सीजन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। ऐसे में अब करार के अनुसार इंग्लिस को हर एक मैच के लिए लखनऊ को 2 करोड़ 15 लाख रुपये देने होंगे। ऐसे में केवल 4 मैच के लिए इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को करोड़ों रुपये मिल जाएंगे। इंग्लिस ने पिछले सत्र में पंजाब किंग्स की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन किया था। आईपीएल अनुबंध के अनुसर अगर कोई खिलाड़ी पहले से ही अपनी उपलब्धता के बारे में बता देता है कि वह कितने मैचों के लिए टीम के साथ रहेगा और फिर उसे नीलामी में कोई खरीदता है तो उसे पूरा पैसा मिलता है। इसके अलावा अगर कोई खिलाड़ी चोटिल नहीं होता है और अपनी टीम के लिए उपलब्ध रहता है, भले ही उसे अंतिम ग्यारह में मौका न मिले तो भी उसे पूरी अनुबंध राशि मिलती है।



## 100 रुपये से होगी आईसीसी टी20 विश्वकप के टिकटों की शुरुआत

कोलकाता। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) ने अगले साल की शुरुआत में ईडन गार्डन्स में होने वाले टी20 विश्व कप मैचों के टिकटों की कीमतें घोषित कर दी हैं। इसमें सबसे कम कीमत वाला टिकट 100 रुपये का रखा गया है। सीएबी ने ग्रुप चरण और नॉकआउट मैचों के लिए अलग-अलग कीमतें रखी है। टी20 विश्वकप सात फरवरी से शुरू होगा। बांग्लादेश और इटली, इंग्लैंड और इटली और वेस्टइंडीज और इटली के ग्रुप मैच के लिए प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी (बी प्रीमियम) टिकट 4,000 रुपये की रहेगी। वहीं लोअर ब्लॉक बी और एल 1-1 हजार रुपये, लोअर ब्लॉक सी, एफ 200-200 रुपये, लोअर ब्लॉक डी, ई, जी, एच और जे का टिकट 200-200 रुपये का रहेगा। वहीं, अपर ब्लॉक बी1, सी1, डी1, एफ1, जी1, एच1, के1 और एल1 के टिकट 100-100 रुपये में मिलेंगे। वहीं वेस्टइंडीज और बांग्लादेश और इंग्लैंड व बांग्लादेश के बीच ग्रुप मैच के टिकट की कीमतें थोड़ी ज्यादा अधिक रखी गई हैं। इसका कारण है कि इन मैचों में प्रशंसकों की भारी भीड़ रहने की संभावना है। इसमें प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी (बी प्रीमियम) टिकट की कीमत 5,000 रुपये रहेगी, जबकि लोअर ब्लॉक बी और एल की कीमत 1,500 रुपये रखी गई है। लोअर ब्लॉक सी, एफ और के टिकट की कीमत 1,000 रुपये, लोअर ब्लॉक डी, ई, जी, एच और जे के टिकट 500 रुपये, और अपर ब्लॉक बी1, सी1, डी1, एफ1, जी1, एच1, के1 और एल1 की कीमत 300 रुपये रखी है। वहीं सुपर आठ मुकाबलों और सेमीफाइनल के लिए प्रीमियम हॉस्पिटैलिटी (बी प्रीमियम) टिकट की कीमत 10,000 रुपये रखी गई है। लोअर ब्लॉक बी और एल टिकट की कीमत 3,000 रुपये, लोअर ब्लॉक सी, एफ और के की कीम 2,500 रुपये, लोअर ब्लॉक डी, ई, जी, एच और जे की कीमत 1,500 रुपये होगी जबकि अपर ब्लॉक बी1, सी1, डी1, एफ1, जी1, एच1, के1 और एल1 की कीमत 900 रुपये रखी गई है।

## ग्रीन के बाद आईपीएल नीलामी में दिल्ली टीम में शामिल डकेट भी हुए फ्लाप

नई दिल्ली। आईपीएल नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने इस बार ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरुन ग्रीन को सबसे अधिक रकम देकर खरीदा। वहीं इंग्लैंड के बेन डकेट को 2 करोड़ रुपये में खरीदा। ये दोनो ही खिलाड़ी इसके ठीक बाद मैदान पर असफल रहे हैं। ग्रीन को कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम ने 25.20 करोड़ में खरीदा था पर वह एशेज के तीसरे टेस्ट की पहली पारी में शून्य पर ही आउट हो गये। वहीं डकेट को दिल्ली कैपिटल्स ने आधार मूल्या 2 करोड़ में खरीदा था पर वह भी रन बनाने में विफल रहे। डकेट 30 गेंद में 29 रन बनाकर वह नाथन लायन की गेंद पर आउट हुए। डकेट ने इंग्लैंड के लिए अब तक कुल 20 टी20 में 527 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 153.64 का रहा है। आईपीएल में डकेट को खेलने का अनुभव नहीं है। डकेट पहली बार आईपीएल के लिए चयनित हुए हैं। ऐसे में देखना ये होगा कि कैपिटल्स को खरीदकर डकेट को कितन लाभ होता है। एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एलेक्स कैरी के शतक और उस्मान ख्वाजा के अर्धशतक से 82 रन बनाए।

## श्रीलंकाई टीम के क्षेत्ररक्षण कोच होंगे श्रीधर

कोलंबो। श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने भारत के आर श्रीधर को को आगामी टी20 विश्वकप कप के लिए अपनी टीम का क्षेत्ररक्षण कोच बनाया है। श्रीधर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के लेवल 3 क्वालिफाइड कोच हैं। श्रीधर इससे पहले साल 2014 से 2021 तक भारत की पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षक कोच रहे हैं। उन्होंने अफगानिस्तान टीम के साथ भी सलाहकार के तौर पर काम किया। अब वह श्रीलंकाई टीम के क्षेत्ररक्षण को सुधारने की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों पर टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और फिर टी-20 विश्व कप की तैयारियों की देखरेख करेंगे। वहीं श्रीधर ने इस जिम्मेदारी पर उत्साहित होते हुए कहा, श्रीलंकाई खिलाड़ी हमेशा सहज प्रतिभा वाले होने के साथ ही सामूहिक रुप से खेलने पर जोर देने के लिए जाने जाते हैं। मेरा काम उनपर किसी प्रकार का नया दबाव बनाना नहीं है। वहीं ऐसा माहौल बनाना है जहां खिलाड़ी अपनी क्षमता, जागरूकता के क साथ मैदान पर स्वाभाविक रूप से बेहतर प्रदर्शन कर आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा, फील्डिंग तब बेहतर होती है जब खिलाड़ी गेंद से, एक-दूसरे से और उस पल से जुड़ाव महसूस करते हैं।

## पृथ्वी को वापसी के लिए दूसरा अवसर दिया-किरण कुमार

मुम्बई। आईपीएल नीलामी में इस बार दिल्ली कैपिटल्स ने पृथ्वी शॉ को खरीदा है। जिससे उन्हें एक बार फिर ये लीग खेलने को मिल रही है। पृथ्वी पिछली बार नीलामी में नहीं बिके थे। वहीं पृथ्वी को खरीदने वाली कैपिटल्स के सह मालिक किरण कुमार ग्रांधी ने कहा है कि ये फैसला इसलिए किया गया है जिससे की पृथ्वी को एक और अवसर मिल सके ताकि वह अपने करियर को पटरी पर ला सकें। साथ ही उम्मीद जतायी कि वह इसका बेहतर इस्तेमाल करेंगे। पृथ्वी साल 2018 से दिल्ली में रहे थे। इस कारण टीम उनसे भावनात्मक रुप से जुड़ी हुई है। उन्हें पहली बार 2018 में टीम ने खरीदा था, तब वह अंडर-19 विश्वकप जिताकर कप्तान के तौर पर छाये हुए थे। तब पृथ्वी को को भारतीय क्रिकेट का सितारा माना जा रहा था। कैपिटल्स की ओर से उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में सात सत्र खेले और टीम के लिए काफी अच्छी पारियां खेलीं हैं। उनके 79 मैचों में 1892 रन है। इससे पता चला है कि वह टीम के लिए काफी फायदेमंद रहे हैं। 2025 की मेगा नीलामी से पहले टीम ने उन्हें खराब प्रदर्शन के बाद रिलीज़ कर दिया। इसके बाद से ही इस क्रिकेटर का करियर परेशानी से गुजरा है। बेस प्राइस 75 लाख रुपए होने के बावजूद आईपीएल 2025 नीलामी में किसी भी फ्रेंचाइजी ने उन पर बोली नहीं लगाई थी। इस बार भी शुरुआत में उन्हें खरीददार नहीं मिला पर अंत में दिल्ली ने खरीद लिया। किरण कुमार के अनुसर इस क्रिकेटर में अब भी क्षमता है। हर खिलाड़ी के करियर में खराब दौर आता है। अब उनके पास बेहतर प्रदर्शन कर वापसी का अवसर है। टीम ने अनुभवी व प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है ताकि संतुलन बना रहे। इसी कारण डेविड मिलर और बेन डकेट जैसे अनुभवी विदेशी बल्लेबाज़ों को टीम में जोड़ा गया है।



# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत

## विद्यालयों में जागरूकता शिविरों का हो रहा आयोजन






**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।**

**कलेक्टर मृणाल मीना एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के निर्देशन तथा रचना चौधरी (प्रशासक वन स्टाप सेंटर) के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में 18 दिसंबर को जिले के विभिन्न विकासखण्डों के शासकीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में व्यापक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया।**

इस अभियान में खैरलांजी से जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य श्रीमति मधु शुक्ला एवं श्रीमति सुनीता बहेटवार, पुलिस विभाग की किशोर न्याय इकाई एवं साइबर सेल के समन्वय से विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यशालाएँ आयोजित की गईं। अभियान के अंतर्गत शासकीय सीनियर बालक छात्रावास बिठली, शासकीय जूनियर बालक छात्रावास सोनपुरी, टैगोर मोंटेसरी विद्यालय बालाघाट, पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल डाइट बालाघाट, महात्मा गांधी नगरपालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट (विकासखण्ड बालाघाट), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंदीवाड़ा (विकासखण्ड वारासिवनी) तथा विकासखण्ड खैरलांजी के शासकीय हाई स्कूल अम्बई, खुर्शिपार आरम्भा सी.एम. राइज स्कूल खैरलांजी में कार्यक्रम संपन्न हुए।

कार्यशालाओं में बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की बालिका अथवा 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि कानूनन दंडनीय अपराध है। कार्यक्रम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह कराने, इसमें सहयोग करने अथवा इसे प्रोत्साहित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना एवं कारावास का प्रावधान है। साथ ही बाल विवाह को शून्य (रद्द) घोषित कराने की विधिक प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी गई तथा बताया गया कि पीड़ित बालक/बालिका अथवा उनके अभिभावक विधिक सहायता के माध्यम से बाल विवाह को निरस्त करा सकते हैं।

इस अवसर पर किशोर न्याय अधिनियम के अंतर्गत पुलिस किशोर न्याय इकाई की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह इकाई बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास एवं अधिकारों की रक्षा हेतु कार्य करती है तथा बाल विवाह, बाल शोषण एवं बाल अपराध की स्थिति में त्वरित कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करती है। वहीं साइबर सेल द्वारा बच्चों को सोशल मीडिया, ऑनलाइन ठगी, साइबर बुलिंग एवं इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों से सुरक्षित रखने हेतु जागरूक किया गया तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह किया गया। किसी भी प्रकार की जानकारी या शंका की स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस 112 अथवा महिला एवं बाल विकास विभाग को सूचना देने की अपील की गई, साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाती है।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बाल विवाह न करने एवं न होने देने की शपथ दिलाई गई तथा युवाओं से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में वन स्टॉप सेंटर बालाघाट की केस वर्कर श्रीमती यनिता रहांगडाले, श्रीमती गायत्री स्वामी, श्रीमती संध्या चौधरी एवं श्रीमती प्रीति हरिनखेड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## पीएम स्वनिधि योजना से बदली जावेद खान की जिंदगी

### छोटे ठेले से आत्मनिर्भर व्यवसाय तक पहुंचा सफर



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे सड़क किनारे व्यवसायियों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से वार्ड क्रमांक-16 चारटोला, मलाजखंड निवासी जावेद खान, पिता कादिर खान ने न केवल अपने छोटे से फल व्यवसाय को विस्तार दिया, बल्कि अपने परिवार को आर्थिक संबल भी प्रदान किया।

जावेद खान के परिवार में कुल 6 सदस्य हैं। जीविकोपार्जन के लिए वे सड़क किनारे फलों की छोटी-सी दुकान चलाते थे। परिवार की आय का कोई अन्य साधन नहीं होने के कारण घर का खर्च चलाना कठिन होता जा रहा था। बच्चों के छोटे होने के कारण वे मजदूरी जैसे अन्य कार्य भी नहीं कर पा रहे थे। इसी दौरान नगर पालिका परिषद मलाजखंड के कर्मचारियों द्वारा उन्हें प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की जानकारी दी गई।जानकारी मिलने के बाद जावेद खान ने योजना के अंतर्गत प्रथम चरण में 10 हजार रुपये का बिना ब्याज ऋण प्राप्त किया। इस राशि से उन्होंने अपनी दुकान में अतिरिक्त सामग्री रखकर व्यवसाय को थोड़ा बढ़ाया। समय पर ऋण अदायगी करने पर उन्हें द्वितीय चरण में 20 हजार रुपये तथा उसके पश्चात तृतीय चरण में 50 हजार रुपये का ऋण भी स्वीकृत हुआ।

तीनों चरणों में कुल 80 हजार रुपये का ऋण प्राप्त कर जावेद खान ने अपने फल व्यवसाय का विस्तार किया। दुकान में विविध फल और सामग्री रखने से ग्राहकी बढ़ी और आमदनी में निरंतर वृद्धि होने लगी। व्यवसाय से होने वाली आय से परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। अब वे न केवल बच्चों की शिक्षा और परिवार की जरूरतें आसानी से पूरी कर पा रहे हैं, बल्कि कुछ बचत भी करने लगे हैं। जावेद खान ने बताया कि पीएम स्वनिधि योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। उन्होंने योजना के लिए शासन, नगर पालिका परिषद मलाजखंड तथा बैंक का आभार व्यक्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान का लाभ मिलने पर उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रति भी हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

जावेद खान की यह सफलता इस बात का उदाहरण है कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सही मायनों में छोटे व्यवसायियों को सशक्त बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर कर रही है।

# संसदीय क्षेत्र बालाघाट-सिवनी के खेल मैदानों में सांसद खेल महोत्सव की मच रही धूम

### बालाघाट में फुटबाल, वालीबाल, शतरंज तो बरघाट में कुश्ती प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्साह

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी के पहल पर 16 से 23 दिसम्बर 2025 तक सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत लोकसभा स्तर की खेल प्रतियोगिताएँ दिनांक 16 दिसंबर से 23 दिसंबर 2025 तक जिले के विभिन्न खेल मैदानों में सफलतापूर्वक आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में फुटबॉल, व्हालीबॉल, शतरंज एवं कुश्ती खेलों में युवक एवं युवतियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। 18 दिसम्बर को फुटबॉल प्रतियोगिता मुलना स्टेडियम में आयोजित की गई। जिसमें पुरुष वर्ग में बालाघाट विधानसभा क्षेत्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि वारासिवनी द्वितीय एवं सिवनी तृतीय स्थान पर रहा। महिला वर्ग में बालाघाट प्रथम, बैहर द्वितीय एवं सिवनी तृतीय स्थान पर रही।



व्हालीबॉल प्रतियोगिता पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित हुई, जिसमें पुरुष वर्ग में सिवनी विधानसभा क्षेत्र ने प्रथम स्थान, बैहर ने द्वितीय तथा लांजी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में बैहर प्रथम, बालाघाट द्वितीय एवं सिवनी तृतीय स्थान पर रही। उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में राहुल वाहने (सिवनी) प्रथम, पृथ्वीराज नागपुरे (बालाघाट) द्वितीय एवं अनुज पिंचा (कटंगी) तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में नविका डहेरिया (बैहर) प्रथम, साधना राहंगडाले (बैहर) द्वितीय एवं आयशा मनघटे (बरघाट) तृतीय स्थान पर रहीं।

बरघाट में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें महिला वर्ग में 45 किग्रा में कुसुम (बरघाट), 50 किग्रा में गुलावती (सिवनी), 53 किग्रा में प्रतिज्ञा (बरघाट), 57 किग्रा में शीतल (बरघाट), 62 किग्रा में आशा (बालाघाट) एवं 72 किग्रा में माही (परसवाड़ा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग में 45 किग्रा में योगेश (परसवाड़ा), 50 किग्रा में सतीश (बालाघाट), 57 किग्रा में चैनकुमार (सिवनी), 61 किग्रा में करन ककोडिया (सिवनी), 65 किग्रा में संत कुमार (सिवनी), 70 किग्रा में शिवशंकर (सिवनी), 74 किग्रा में योगेश बिसेन (बरघाट), 86 किग्रा में खुशाल (सिवनी), 92 किग्रा में आशीष (बालाघाट) एवं 92+ किग्रा में नियाज रहमान (बरघाट) विजेता रहे।

इस अवसर पर जिला खेल संघ के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, सांसद श्रीमती भारती पारधी द्वारा नियुक्त खेल प्रभारी एवं समाजसेवीजन की उपस्थिति रही। सांसद खेल महोत्सव ने युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करने का कार्य किया।

# शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में कॉलेज चलो अभियान 2026-27 का आयोजन





**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी के प्राचार्य श्री के.एल. हिवारे के निर्देशन में 18 दिसम्बर को कॉलेज चलो अभियान 2026-27 का आयोजन किया गया। यह अभियान स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के कार्यक्रम प्रभारी रोहित कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 16 दिसंबर 2025 को संचालित हुआ।

अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राध्यापक टीम ने सी.एम. राइज (संदीपनि) विद्यालय खैरलांजी एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरलांजी का भ्रमण कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ना तथा शैक्षणिक सत्र 2026ङ्क27 में अधिक से अधिक प्रवेश सुनिश्चित करना रहा।कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य श्री के.एल. हिवारे द्वारा छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम संरचना एवं भविष्य की शैक्षणिक संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

छात्रवृत्ति प्रभारी वीरेंद्र कुमार पटले ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे गाँव की बेटी योजना, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना, एससी/एसटी एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों हेतु पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति, संबल, आवास एवं अन्य प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी प्रदान की। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (रेड रिबन क्लब) के प्रभारी श्री रोहित कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन योजना, राष्ट्रीय सेवा योजना के पंजीयन एवं इनके भविष्य में महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सुविधाओं के बारे में भी अवगत कराया गया।

अभियान के दौरान विभिन्न प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान कर उन्हें महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य के.एल. हिवारे, एस.वी.सी.जी.एस. प्रभारी आर.के. पाण्डेय, छात्रवृत्ति प्रभारी वीरेंद्र कुमार पटले, प्रवेश नोडल अधिकारी श्री अमर सिंह गोंड, सांस्कृतिक प्रभारी शालिनी मेश्राम, सुनील देवारे, आकाश लिलाहरे सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# मनरेगा की कपिलधारा कूप योजना से बदली कोरजा के किसान दिनेश उइके की किस्मत

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ग्रामीण विकास की दिशा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत संचालित कपिलधारा कूप निर्माण योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना ने बालाघाट जिले के एक छोटे किसान की जिंदगी में ऐसा बदलाव लाया, जो आज पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गया है।



यह कहानी है जनपद पंचायत परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरजा के निवासी किसान श्री दिनेश उइके की। वर्षा पर निर्भर खेती होने के कारण उनकी फसल का उत्पादन अनिश्चित रहता था। सिंचाई सुविधा के अभाव में न तो फसल समय पर हो पाती थी और न ही पर्याप्त आमदनी मिल पाती थी। सीमित आय के कारण परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करना भी चुनौतीपूर्ण था। इसी बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से मनरेगा अंतर्गत कपिलधारा कूप निर्माण योजना में उन्हें 02 लाख रुपये की स्वीकृति मिली। योजना के तहत कुएँ का निर्माण पूर्ण होते ही उनकी खेती को एक स्थायी सिंचाई स्रोत मिल गया। यही वह मोड़ था, जिसने किसान की दिशा और दशा दोनों बदल दी।

कुएँ से नियमित जल उपलब्ध होने पर श्री उइके ने परंपरागत खेती के साथ-साथ सब्जी उत्पादन की ओर कदम बढ़ाया। टमाटर, भिंडी, बैंगन, मिर्च और मौसमी सब्जियों की खेती शुरू की। समय पर सिंचाई, उन्नत खेती पद्धतियों और मेहनत के चलते उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आज वह अपनी उपज स्थानीय बाजार में बेचकर नियमित और अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।

सब्जी उत्पादन से मिलने वाली नकद आय ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर दिया है। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और घरेलू जरूरतें अब आसानी से पूरी हो रही हैं। साथ ही, उनकी सफलता देखकर आसपास के ग्रामीण भी प्रेरित हो रहे हैं और मनरेगा की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आ रहे हैं। दिनेश उइके की यह सफलता कहानी इस बात का प्रमाण है कि मनरेगा की कपिलधारा कूप निर्माण योजना केवल रोजगार सृजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किसानों को स्थायी आजीविका, जल संरक्षण और आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर भी ले जाती है। सही योजना, प्रभावी क्रियान्वयन और किसान की मेहनत मिलकर ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव की मजबूत नींव रख सकते हैं।

## नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीनों को पट्टा वितरण के लिए सीएमओ की हुई बैठक

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** संचालनालय, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्तियों (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) को अधिनियम, 1984 के अंतर्गत आवासीय भूमि के पट्टे प्रदान किए जाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन निर्देशों के अनुसार सर्वेक्षण सूची का प्रथम प्रकाशन 19 दिसंबर 2025 को किया जाना है। इसी संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण बालाघाट श्री राहुल नायक की अध्यक्षता में 18 दिसंबर 2025 को जिले के समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारियों (नगरपालिका एवं नगर परिषद) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि सर्वे दलों का गठन 27 नवंबर 2025 के पश्चात भूमिहीन व्यक्तियों का सर्वे प्रारंभ कर दिया गया था।



समीक्षा के दौरान यह तथ्य सामने आया कि नगरपालिका परिषद बालाघाट के सर्वेक्षण दल के प्रभारी श्री गुलाबचंद लटारे, राजस्व निरीक्षक को सर्वे किए गए हितग्राहियों की वास्तविक संख्या की जानकारी नहीं थी। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद बालाघाट को गुलाबचंद लटारे के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक में जिले के सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सर्वेक्षण सूची का प्रथम प्रकाशन 19 दिसंबर 2025 को अनिवार्य रूप से www.mpurban.gov.in, जिला कार्यालय, ई-नगरपालिका पोर्टल, एन.आई.सी. वेबसाइट, जिला बालाघाट तथा संबंधित नगरीय निकायों के वार्डों में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कराया जाए, ताकि पात्र भूमिहीन व्यक्तियों को समय पर जानकारी मिल सके।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ने साकार किया उमा चौहान का पक्के घर का सपना

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** संघर्ष, मेहनत और उम्मीद के सहारे जीवन आगे बढ़ता है। ऐसी ही प्रेरणादायक कहानी है बालाघाट जिले की नगर पालिका परिषद मलाजखंड, वार्ड क्रमांक-04 मोहगांव की निवासी श्रीमती उमा चौहान की, जिनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना जीवन में सुरक्षित और सम्मानजनक आशियाने की सौगात लेकर आई। श्रीमती उमा चौहान अपने परिवार में तीन बेटियों के साथ एक कच्चे मकान में निवास करती थीं। बरसात के दिनों में उनके घर में पानी भर जाता था, जिससे परिवार को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए केवल एक सपना बनकर रह गया था। पति के स्वर्गवास के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उन्हीं पर आ गई। जीविकोपार्जन के लिए उमा चौहान नगर पालिका परिषद मलाजखंड में दैनिक श्रमिक के रूप में सफाई कार्य कर किसी तरह अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही थीं। सीमित आय में तीन बेटियों की परवरिश और घर की जरूरतें पूरी करना आसान नहीं था। ऐसे में स्वयं का पक्का मकान बनाना उनके लिए लगभग असंभव था। वर्ष 2017-18 में उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली। उन्होंने आशा और विश्वास के साथ इस योजना के अंतर्गत पक्के आवास के लिए आवेदन किया। शासन से 2 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होने पर उन्होंने अपना पक्का मकान निर्माण पूर्ण कराया और आज उसी मकान में सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर रही हैं। श्रीमती उमा चौहान भावुक होकर कहती हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की इस योजना ने उनके पक्के घर का सपना साकार कर दिया। आज उनका परिवार सुरक्षित माहौल में रह रहा है, बेटियों का भविष्य उज्ज्वल दिखाई देता है और जीवन में स्थिरता व खुशहाली आई है। उमा चौहान की यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए सुरक्षा, सम्मान और बेहतर जीवन की नींव है।

पद्मेश न्यूज़ शहरनामा
12
बालाघाट एक्सप्रेस
/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### सड़क दुर्घटना में शिक्षिका दीप्ति घायल

#### नवेगांव पेट्रोल पंप के पास हुई दुर्घटना

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** गोंदिया रोड नवेगांव पेट्रोल पंप के पास सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार शिक्षिका दीप्ति पति पंकज कोलते 37 वर्ष आरम सिटी नवेगांव बालाघाट निवासी घायल हो गई। जिनका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दीप्ति कोलते शासकीय प्राथमिक शाला घुसीटोला लामता में शिक्षिका है। 17 दिसंबर को दीप्ति कोलते स्कूल से छुट्टी होने के बाद लामता रेलवे स्टेशन से ट्रेन में बैठकर बालाघाट स्टेशन पहुंची थी। शाम 6 बजे करीब दीप्ति कोलते को लेने के लिए उनके पति पंकज कोलते मोटरसाइकिल में रेलवे स्टेशन बालाघाट आए थे और दोनों पति-पत्नी मोटरसाइकिल में रेलवे स्टेशन बालाघाट से अपने घर आरंम सिटी नवेगांव जा रहे थे। तभी नवेगांव पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल ने पीछे से टक्कर मार दिया ।जिससे दीप्ति कोलते और उनके पति पंकज कोलते मोटरसाइकिल सहित गिर गए। इन्हें पीछे से टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल में चार लोग बैठे थे और वे शराब के नशे में थे। इस दुर्घटना में शिक्षिका दीप्ति कोलते घायल हो गई। जिन्हें डायल 112 से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया। जिला अस्पताल पुलिस ने शिक्षिका दीप्ति कोलते का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्यवाही हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना ग्रामीण नवेगांव भिजवा दी है।

### स्कूल वेन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक घायल

#### गोंदिया रोड पिंडरई चौक के पास हुई दुर्घटना



**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** ग्रामीण थाना अंतर्गत गोंदिया रोड पर स्थित ग्राम पिंडरई चौक के पास स्कूल वैन मोटरसाइकिल को टक्कर मारकर फरार हो गई स्कूल वैन की टक्कर से मोटरसाइकिल में सवार युवक घायल हो गया। घायल युवक प्रकाश पिता रामेश्वर बिरनवार 22 ग्राम लवेरी थाना किरनापुर निवासी है ।जिसे जिला अस्पताल भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रकाश बिरनवार सिविल काम करता है। 18 दिसंबर को सुबह प्रकाश बिरनवार अपने पिता और दादी के साथ मोटरसाइकिल में ग्राम पिंडरई अपने पिता की बुआ के अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए आया था। अंत्येष्टि के बाद 3ः00 बजे करीब प्रकाश बिरनवार अपनी दादी को मोटरसाइकिल में छोड़ने के लिए कन्नड़ गांव बस स्टैंड आया था और अपनी दादी को बस में बैठाने के बाद प्रकाश बिरनवार मोटरसाइकिल में कन्नड़गांव से पिंडरई जा रहा था। तभी गोंदिया रोड पिंडरई चौक के पास पिंडरई से बच्चों को छोड़कर लौट रही तेज रफ्तार स्कूल वेन प्रकाश बिरनवार की मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार हो गई। स्कूल वेन की ठोकर से प्रकाश बिरनवार पैर और शरीर के अन्य अंग में चोट आने से घायल हो गया ।खबर मिलते ही परिवार के लोग पहुंचे और घायल प्रकाश बिरनवार को मोटरसाइकिल से ही जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।। इस युवक की मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार स्कूल वैन एमपी 50 टी1205 जॉनसन स्कूल खुरसोडी की बताई गई है। जिला अस्पताल पुलिस ने प्रकाश बिरनवार का बयान लेकर अस्पताल

# अब अस्पताल और पानी टंकी के पास ठोस कचरे का डंप!!

## पालिका पर भड़के बूढ़ी इलाके के नागरिक,बदबू और संक्रमण का खतरा





सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**नगर पालिका द्वारा स्थानीय बूढ़ी क्षेत्र में स्थित पानी टंकी के नीचे अस्थाई रूप से कचरा डम्प किए जाने को लेकर क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। कचरे के ढेर से फैल रही तीव्र दुर्गंध और संक्रमण के खतरे के कारण आसपास के रहवासी ही नहीं, बल्कि समीप स्थित जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों एवं आम नागरिकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि कचरे का नियमित उठाव नहीं होने के कारण क्षेत्र में मच्छर, मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। पानी टंकी के पास कचरा डम्प किए जाने से पेयजल की स्वच्छता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इसी समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका प्रशासन के प्रति नाराजगी जाहिर की।**

रेंगाटोला में कचरा संग्रहण से हो रहे पर्यावरण प्रदूषण का मामला अभी पूरी तरह शांत भी नहीं हुआ था कि एक बार फिर बालाघाट नगर पालिका कचरा डम्पिंग को लेकर चर्चाओं में आ गई है। रेंगाटोला में कचरा संग्रहण के मामले में एनजीटी द्वारा नगर पालिका बालाघाट पर करोड़ों रुपये की पर्यावरण क्षतिपूर्ति का जुर्माना लगाया जा चुका है, बावजूद इसके नगर पालिका की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। ताजा मामला शहर के जिला चिकित्सालय के समीप स्थित क्षेत्र का है, जहां नगर पालिका द्वारा स्थायी रूप से कचरा डम्प किए जाने को लेकर स्थानीय नागरिकों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। 18 दिसंबर को आसपास निवासरत वार्डवासियों ने कचरे से फैल रही बदबू और संक्रमण के खतरे को लेकर नगर पालिका प्रशासन को आड़े हाथों लिया और अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। वार्डवासियों का कहना है कि जिस स्थान पर कचरा डम्प किया जा रहा है, वह क्षेत्र पहले से ही संवेदनशील है। एक ओर जिला चिकित्सालय स्थित है, जहां रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, दूसरी ओर पानी टंकी भी वही स्थित है, जिससे पेयजल के प्रदूषित होने का खतरा बना हुआ है। इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा पानी टंकी के ठीक नीचे कचरा डम्प करना बेहद लापरवाहीपूर्ण और गलत है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि कचरे के ढेर से उठने वाली दुर्गंध के कारण अस्पताल परिसर और आसपास के इलाकों में रहना दूभर हो गया है। साथ ही मच्छर, मक्खियों के बढ़ते प्रकोप से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है, जिससे आमजन की सेहत पर सीधा असर पड़ रहा है। वार्डवासियों ने नगर पालिका से मांग की है कि इस संवेदनशील क्षेत्र से तत्काल कचरा डम्पिंग बंद कर वैकल्पिक एवं सुरक्षित स्थान पर कचरा निस्तारण की व्यवस्था की जाए।

### पहले भी नपा. कर चुकी है शहर में कचरा डम्प

नगर पालिका द्वारा शहर के भीतर कचरा डम्प किए जाने का मामला कोई नया नहीं है। बीते कुछ महीनों पहले भी कलेक्टर श्री मीणा ने शहर के अंदर कचरा डम्प किए जाने को लेकर नगर पालिका पर नाराजगी जाहिर की थी। उस समय नगर पालिका द्वारा स्थानीय अवंती बाई चौक स्थित चर्च के सामने अस्थायी रूप से कचरा संग्रहण किया जा रहा था, जिसका वार्डवासियों ने विरोध किया था। इसके बाद कलेक्टर द्वारा नगर पालिका को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वह शहर के रहवासी क्षेत्रों में कचरा डम्प न करे। इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कचरा डम्प किए जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला बूढ़ी क्षेत्र स्थित पानी टंकी के नीचे कचरा डम्प किए जाने से जुड़ा हुआ है।

### पानी टंकी के नीचे फैल रहा संक्रमण

जिस स्थान पर नगर पालिका द्वारा कचरा डम्प किया जा रहा है, उसके ठीक ऊपर पानी की टंकी बनी हुई है। इसी टंकी से शहर के कई वार्डों में आमजन को पीने का पानी सप्लाई किया जाता है। ऐसे में पानी टंकी के नीचे गंदा कचरा जमा होने से संक्रमण फैलने की आशंका बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह पीने के पानी की टंकी के नीचे कचरा संग्रहण करना कहीं न कहीं आमजन को बीमारी युक्त पानी परोसने जैसा है। अब देखना यह होगा कि नगर पालिका इस गंभीर मामले को लेकर कब तक ठोस कार्रवाई करती है।

### भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है - कपिल

वार्डवासी कपिल मेश्राम ने बताया कि पानी टंकी के आस पास कई वार्डों के लोग निवास करते हैं और यह पूरा क्षेत्र रहवासी है। इसके समीप ही जिला चिकित्सालय भी स्थित है। ऐसे संवेदनशील स्थान पर नगर पालिका द्वारा कचरा डम्प किया जाना बेहद गलत है। कचरे से फैल रही बदबू और प्रदूषण के कारण आसपास के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि नगर पालिका जल्द से जल्द इस व्यवस्था को दुरुस्त करे।

### स्वच्छता अभियान के नाम पर बड़े-बड़े दावे - नीटू

स्थानीय नागरिक नीटू कौशल ने कहा कि एक ओर देश के प्रधानमंत्री स्वच्छता को लेकर लगातार बात कर रहे हैं और उसी के अनुरूप नगर पालिका भी स्वच्छता अभियान के नाम पर बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत है। नगर पालिका स्वयं शहर का गंदा कचरा लाकर पानी टंकी के नीचे जमा कर रही है, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने नगर पालिका से इस पूरी व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है।

# बहेला बोथली के सरोज बनोटे के साथ सालेकसा का युवक राजनांदगांव में गिरफ्तार

## मप्र में निर्मित गोवा व्हिस्की से भरी स्कार्पियो पकड़ाई, की गई कार्रवाई

एक्सप्रेस विशेष ।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान के तहत बड़े पैमाने पर आबकारी विभाग द्वारा मध्यप्रदेश की शराब जप्त की गई हैं। टीम ने इस मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार भी किया है। तस्करी में प्रयुक्त वाहन सहित गोदिंया और बालाघाट के दो आरोपी युवकों को पकड़ा गया है।




जानकारी अनुसार विभाग ने जप्त शराब की जांच में पाया गया कि बोतल में मप्र में ही बिकने वाली शराब की छग में तस्कारी की जा रही थी। विगत 16 दिसंबर 2025 को अनिल सिंह आबकारी उप निरीक्षक, राजकुमार कुर्रे आबकारी उप निरीक्षक, हमराह स्टाफ ओमप्रकाश सिन्हा, आर्यन ठाकुर, भोजराज बंजारे आबकारी आरक्षक एवं अनिल सिन्हा के दल ने घटना स्थल आबकारी जाँच चौकी बोरतलाब में आरोपी (1) सतीश बनोठे पिता प्रहलाद बनोठे उम्र 33 वर्ष निवासी मोहाटोला, थाना साल्हेकसा जिला गोंदिया (महाराष्ट्) तथा (2) सरोज बनोठे पिता चंदेलाल बनोठे उम्र 34 वर्ष निवासी बोथली थाना बहेला जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) द्वारा संयुक्त रूप से एक सफेद रंग की महिंद्रा स्कॉर्पियो चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 09 बीसी-3962 में 20 पेटी में भरकर रखे कुल 1000 पाव गोवा व्हिस्की केवल मध्य प्रदेश राज्य में विक्रय हेतु वैध का लेबल लगा कुल मात्रा 180.00 बल्क लीटर अवैध रूप से धारण कर परिवहन करते जप्त किया गया। इस पर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 36 एवं 59 (क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई।

### कच्ची मदिरा भी किया बरामद

इसी प्रकार दिनांक 16 दिसंबर 2025 को तुलेश्वरी देवांगन आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगांव ग्रामीण हमराह स्टाफ मिलाप मण्डावी आबकारी मुख्य आरक्षक, किशोरी कुमरे, दीपक सिन्हा के दल ने घटना स्थल ग्राम चिखलाकसा में आरोपी रूपलाल निषाद पिता धन सिंग निषाद ग्राम चिखलाकसा के कब्जे से 4.000 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया। इस पर आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गई। अफसरों का कहना है कि, अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।

### कार्यवाही के निर्देश

सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जाँच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है।

**अभिषेक तिवारी**
**आयुक्त आबकारी**




**हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस में रिपोर्टर्स और डिप्टी एडिटर्स को अवसर**

संपादकीय टीम और
न्यूज रूम में
हम भर्ती कर रहे हैं !!
हमारी टीम में शामिल हों !!

हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस को ऐसे उप-संपादकों, सिटी रिपोर्टरों (सिटी डेस्क) की तलाश है जो समाचारों के प्रति जुनूनी हों और बुनियादी बातों से आगे बढ़कर मूल्यवर्धन करना जानते हों । हिन्दी भाषा का ज्ञान हो, किताबों में रूचि हो और तथ्यों को खबरों में बदलना आता हो !! ना भी आता हो तो भी ! हद दर्जे का जिज्ञासु होना जरूरी है !!

**हम चाहते हैं-**

हिन्दी समाचार लेखन में दक्षता और अपने समाचारों के फोटो वीडियो बनाने की क्षमता
समाचार के मूल्य, शीर्षकों और प्रस्तुति की गहरी समझ
रिपोर्टिंग और डिज़ाइन टीमों के साथ सुचारू रूप से समन्वय करने की क्षमता

यदि आप एक रचनात्मक और जिम्मेदार पत्रकार हैं या पत्रकारिता में आना चाहते हैं और सार्थक शहरी कहानियों, खबरों, हलचलों,घटनाओं, को आकार देना चाहते हैं, तो हमें आपसे संपर्क करने में खुशी होगी।

**आप हमारी टीम का हिस्सा बन सकते हैं !**
**अपना रिज्यूमे इस पते पर भेजें**
**[balaghatexpress@gmail.com]**

स्थान-बालाघाट एक्सप्रेस, काली पुतली चौक,बालाघाट

**आवश्यकता है**

| पद | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|
| अकाउंटेंट | 1 | M com/Tally का ज्ञान आवश्यक |
| मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव्ह | 1 | MBA मार्केटिंग |
| सेल्स एक्जीक्यूटिव | 1 | ऑनलाइन मार्केटिंग का अनुभव |
| वेल्डर | 1 | 2 वर्ष का कार्य अनुभव |
| स्टोरकीपर | 1 | ग्रेजुएट तथा MS एक्सल का ज्ञान |
| सुपरवाइजर | 3 | ग्रेजुएट |
| सिक्युरिटी गार्ड | 3 | बारहवीं पास |

कृपया अपने रिज्यूम व्हाट्स ऐप नंबर 7974104139 पर प्रेषित करें।
प्रबंधक
**रिभा टाइल्स**
मेन रोड, बालाघाट

**पार्ट टाइम जॉब**

**हिन्दी टाईपिस्ट की आवश्यकता है**

हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय में सांय 6 से 11 बजे तक कार्य हेतु हिन्दी टाईपिस्ट की आवश्यकता है।
पार्ट टाइम जॉब को प्राथमिकता देने वाले तत्काल संपर्क करें।

**वेतन-योग्यतानुसार**

सम्पर्क- कार्यालय दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस
काली पुतली चौक, बालाघाट (मप्र)मो.9425138710
ईमेल :-balaghate&press@gmail.com




**पैसा ठीक होने के बाद देना**

शादी से पहले एवं शादी के बाद

उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।

**पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना**
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :**9425138710**, **स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शांडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. M P /HIN/2009/32311 , न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट